CMYK
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिलासपुर, शुक्रवार, 8 सितंबर 2023 । वर्ष – 33 । अंक –130 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00



सनातन धर्म पर की गयी टिप्पणी से हम सहमत नहीं: कांग्रेस — पृष्ठ 3
■ हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत
■ 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला — पृष्ठ 4
■ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं देंगे पुतिन : पेसकोव
■ इमरान के वकील ने अटक जेल के बारे में आईएचसी को — पृष्ठ 9
आठ साल के अंतराल के बाद 2024 आईपीएल में वापसी करना चाहते हैं मिचेल स्टार्क — पृष्ठ 10

*जी–20 सम्मेलन के लिए मेहमानों का आना शुरू*

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री दिल्ली पहुंचे

## सम्मेलन की थीम को सराहा, वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर सबसे बेहतर

**नई दिल्ली**, 7 सितम्बर (देशबन्धु)। राजधानी दिल्ली में जी–20 समिट के लिए विदेशी मेहमानों का आना गुरुवार को शुरू हो गया है। मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनौथ सम्मेलन के लिए पहुंच गए हैं। उन्होंने सम्मेलन की थीम– वन अर्थ, वन फैमिली एंड वन फ्यूचर के लिए कहा कि मुझे लगता है कि इससे बेहतर थीम हो ही नहीं सकती थी जिसे भारत ने चुना है। इसे संस्कृत के 'वसुधैव कुटुंबक' से लिया गया है। जुगनौथ ने कहा कि मुझे लगता है कि जब हम जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को देखते हैं तो यह और भी प्रासंगिक है। क्योंकि एक देश जो करता है, उसका असर न केवल उस देश पर बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ता है। इसलिए, हमें सामूहिक रूप से यह दिखाना होगा और हमें सामूहिक रूप से इस पर काम करना होगा। हम में से हरेक का कर्तव्य है कि हम ग्रह को बचाएं और पूरी आबादी को बचाएं।

1.5 लाख जवान तैनात किए गए

देश की राजधानी दिल्ली में 9 और 10 सितम्बर को जी–20 सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। सम्मेलन में विश्व नेताओं की सुरक्षा के लिए देशभर के 1.5 लाख जवान तैनात किए गए हैं। वहीं, दिल्ली पुलिस के जवान राजघाट इलाके में ट्रैक्टर से गश्त कर रहे हैं।




### सम्मेलन से पहले दिल्ली में सुरक्षा बढ़ाई गई

जी20 शिखर सम्मेलन से पहले राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। दिल्ली पुलिस कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए फ्लैग मार्च कर रही है, गश्त और चेकिंग बढ़ा रही है। यह जानकारी गुरुवार को एक अधिकारी ने दी। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, शहर के हर जिले में रोजाना फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

**10000 फीट ऊंचाई पर लहराया जी–20 का झंडा**

भारतीय वायुसेना के विंग कमांडर गजेंद्र ने गुरुवार को 10000 फीट से स्काई डाइविंग करते हुए जी–20 का झंडा फहराया। वीडियो के बैकग्राउंड में बॉलीवुड की फिल्म 83 का सॉन्ग 'लहरादो' गाना बज रहा थी ।

### अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन आज पहुंचेंगे 60 गाड़ियों का काफिला चलेगा साथ

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन 8 सितंबर को 3 दिन के दौरे पर भारत आ रहे हैं। ये राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला भारत दौरा होगा। वो शाम को एयरफोर्स–1 से दिल्ली पहुंचेंगे। 8 सितंबर को बाइडेन प्रधानमंत्री मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। पहले व्हाइट हाउस ने बताया था कि वो 7 सितंबर से दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। अब व्हाइट हाउस ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया है कि वो अमेरिका से जर्मनी के रैम्स्टीन शहर जाएंगे। बाइडेन को दिल्ली के आईटीसी मौर्या होटल में ठहराया जाएगा। बाइडेन की सुरक्षा के लिए अमेरिका की सीक्रेट सर्विस की टीम 3 दिन पहले ही भारत पहुंच चुकी है। बाइडेन सीक्रेट सर्विस के 300 कमांडो के सुरक्षा घेरे में रहेंगे।

दिल्ली की सड़कों पर निकलने वाला सबसे बड़ा काफिला भी उनका ही होगा, जिसमें 55–60 गाड़ियां शामिल





*देश भर में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया, कृष्ण मंदिरों को सजाकर भक्तों ने पूरे दिन भर भजन कीर्तन किये और रात में कृष्ण जन्म होने पर लोगों ने फटाखे फोड़े खुशियों से झूम उठे। राजधानी रायपुर के इकॉन मंदिर का एक दृश्य।*

# फिर सरकार बनी तो 36 रु. क्विंटल होगी धान की कीमत : रविंद्र चौबे

## सर्मथन मूल्य में हर साल 30 फीसदी हो रहा इजाफा

**रायपुर**, 7 सितम्बर (देशबन्धु)। कैबिनेट मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा है कि देश में सबसे ज्यादा धान की कीमत छत्तीसगढ़ सरकार दे रही है. इस बार किसानों के समर्थन से कांग्रेस 75 पार की सरकार बनाएगी. अगली सरकार के कार्यकाल तक 36 सौ रुपए क्विंटल में धान खरीदा जाएगा। पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा धान खरीदी की संभावना को देखते हुए धान बेचने आने वाले किसानों का मौके पर ही फिंगर प्रिंट लिया जाएगा। उसके बाद ही धान खरीदी होगी। इसके लिए किसानों से 31 अक्टूबर तक समितियों में अपना आधार नंबर और उनके द्वारा नामित एक अन्य रिश्तेदार का आधार पंजीयन कराने के लिए जिले में यह प्रक्रिया शुरू हो गई है।

■ **बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी धान खरीदी**

मंत्री रविन्द्र चौबे ने कहा है प्रदेश में अगर कांग्रेस की सरकार बनती है तब किसानों को 3600 रु. प्रति क्विंटल धान की कीमत मिलेगी। तीस फीसदी सर्मथन मूल्य बढ़ने के हिसाब से सरकार के अगले कार्यकाल में किसानों को मिलने वाली धान की कीमत 3600 रुपए प्रति क्विंटल तक पहुंच जाएगी। किसानों को इसका लाभ अगले साल से मिलने लगेगा। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

**सार संक्षेप**

### त्रिपुरा उपचुनाव में मतगणना का बहिष्कार करेगी माकपा

अगरतला। माकपा के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा धनपुर और बॉक्सनगर की दो विधानसभा सीटों पर मंगलवार को हुए उपचुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा के समर्थकों और गुंडों पर बड़े पैमाने पर धांधली व अनियमितता करने और इससे निपटने में चुनाव आयोग की निष्क्रियता का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को वोटों की गिनती का बहिष्कार करने का फैसला किया है। सीपीआई (एम) के त्रिपुरा राज्य सचिव जितेंद्र चौधरी ने पुलिस और चुनाव अधिकारियों ने डराने-धमकाने के इस नए अंदाज को नजरअंदाज कर दिया।

### जम्मू में आयोजित होगा पहला 'एयर शो'

श्रीनगर। वायु सेना (आईएएफ) के लड़ाकू विमान जम्मू में पहली बार 'एयर शो' में पश्चिमी सीमाओं के करीब आसमान में अपना करतब दिखाएंगे। जम्मू में शुरू 21 सितंबर को आयोजित होने वाला पहला एयर–शो है, जो भारतीय वायुसेना द्वारा आठ अक्टूबर, 2023 को अपनी 91वीं वर्षगांठ के हिस्से के रूप में मनाएगा। इस दौरान पाकिस्तानी सीमा के निकट आसमान में सुखोई, राफेल जैसे लड़ाकू विमान और अपाचे जैसे युद्ध–हेलीकॉप्टर अपना करतब दिखाते नजर आएंगे।

### टीएमसी ने पुलिस से धरना देने की मांगी अनुमति

दिल्ली। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (एआईटीसी) ने दिल्ली पुलिस से दो–तीन अक्टूबर को कृषि भवन परिसर में राज्य के उन श्रमिकों को शामिल करने के लिए धरना आयोजित करने की अनुमति मांगी है, जिन्हें कथित तौर पर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) 2005 योजना के तहत मजदूरी से वंचित कर दिया गया है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इस बारे में दिल्ली पुलिस को पत्र लिखा था।

### कुनबी मराठों के लिए आरक्षण कोटा का आदेश जारी

**मुंबई**। महाराष्ट्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए गुरुवार को 'निजाम युग' के कुनबी जाति (ओबीसी) दस्तावेजी प्रमाण वाले लोगों को कुनबी जाति प्रमाणपत्र देने का आदेश जारी किया। इसका मतलब यह होगा कि कुनबी जाति प्रमाण के साथ मराठा ओबीसी आरक्षण के लिए पात्र होंगे। इससे जालना में पिछले 10 दिन से भूख हड़ताल पर बैठे मनोज जारांगे–पाटिल की मांगों में से एक पूरी हो जाएगी।

# स्काउट दल को जम्बूरी गतिविधि के लिए दक्षिण कोरिया के गवर्नर ने किया सम्मानित

## जिओलाबुकडू प्रान्त के गवर्नर किम वोन युंग ने किया सम्मानित

रायपुर, 7 सितंबर (देशबन्धु)। इंटरनेशनल स्काउट गाइड फेलोशिप एशिया पेसेफिक रिजनल विजन 2025 कमेटी के चेयरमेन एम ए के मिकी को दक्षिण कोरिया के जिओलाबुक–डू प्रांत के गवर्नर किम वॉन युंग के द्वारा 6 सितंबर 2023 को मिशन वर्ल्ड स्काउट जंबूरी 2023 की गतिविधियों के आखिरी चरण में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



दोनों देशों के मध्य फेलोशिप एवं भारत देश के साथ मित्रता को और प्रगाढ़ किए जाने पर रणनीति एवं विचार साझा किया गया। इण्डियन स्काउट गाइड फेलोशिप एवं अटास इण्डिया के संयुक्त दल के हाल ही में प्रवास के समय जिओलाबुक–डू प्रांत के अधिकारियों को द्वारा किए गए सहयोग के लिए मिकी के द्वारा छत्तीसगढ़िया गमछा एवं स्मृति चिन्ह देकर गवर्नर किम वॉन युंग को भी सम्मानित किया गया। विधायक एवं इण्डियन स्काउट गाइड के संरक्षक तथा भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा की ओर से छत्तीसगढ़ ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

*20वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन*

# भारत ने सहयोग बढ़ाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव दिया

**जकार्ता**, 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत ने आसियान के साथ अपने सहयोग एवं समग्र रणनीतिक साझीदारी को मजबूत बनाने के लिए 12 सूत्रीय प्रस्ताव रखा है जिसमें कनेक्टिविटी, डिजिटल परावर्तन, व्यापार और आर्थिक जुड़ाव, समकालीन चुनौतियों का समाधान, लोगों के बीच संपर्क और रणनीतिक जुड़ाव को प्रगाढ़ बनाना शामिल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज यहां जकार्ता में 20वें आसियान–भारत शिखर सम्मेलन और 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लिया। विदेश मंत्रालय के अनुसार आसियान–भारत शिखर सम्मेलन में, प्रधान मंत्री ने आसियान–भारत समग्र रणनीतिक साझीदारी को और मजबूत करने और इसके भविष्य के रोडमैप को तैयार करने पर आसियान भागीदारों के साथ व्यापक चर्चा की। प्रधानमंत्री ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में आसियान की केंद्रीयता की पुष्टि की और भारत के हिन्द प्रशांत महासागरीय पहल (आईपीओआई) और हिन्द प्रशांत पर आसियान के दृष्टिकोण के बीच तालमेल पर प्रकाश डाला। उन्होंने आसियान–भारत मुक्त व्यापार समझौते (एआईटीआईजीए) की समीक्षा को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।




■ **आर्थिक गलियारे की स्थापना करने पर दिया जोर**

**आसियान-भारत कोष स्थापित करने की घोषणा**

प्रधानमंत्री ने भारत–आसियान सहयोग को मजबूत करने के लिए 12–सूत्रीय प्रस्ताव प्रस्तुत किया। प्रस्ताव में दक्षिण–पूर्व एशिया–भारत–पश्चिम एशिया–यूरोप को जोड़ने वाले मल्टी–मॉडल कनेक्टिविटी और आर्थिक गलियारे की स्थापना करने, आसियान भागीदारों के साथ भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर स्टैक को साझा करने, डिजिटल परावर्तन एवं वित्तीय कनेक्टिविटी में सहयोग पर ध्यान केंद्रित करते हुए डिजिटल भविष्य के लिए आसियान–भारत कोष स्थापित करने की घोषणा की गई। इसी प्रकार से 18वें पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री ने इस मंच के महत्व को दोहराया तथा इसे और मजबूत करने के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की।

*कांग्रेस ने मनाई 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ*

# नफरत के बाजार में खुल रही मोहब्बत की दुकानें : राहुल

नई दिल्ली, 7 सितम्बर (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि आज उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की पहली वर्षगांठ है और तब से नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें लगातार खुल रही हैं। श्री गांधी ने एक्स पर लिख, 'भारत जोड़ो यात्रा' का एक साल। नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकानें खुल रही हैं। भारत जोड़ो यात्रा के एकता और मोहब्बत की ओर करोड़ों कदम, देश के बेहतर कल की बुनियाद बने हैं। यात्रा जारी है–नफरत मिटने तक, भारत जुड़ने तक। ये वादा है मेरा।' इसके साथ ही उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा पर एक वीडियो भी पोस्ट किया है जिसमें भारत जोड़ो यात्रा की झांकियां प्रदर्शित की गई है।

पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा, भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी। यह यात्रा बढ़ती आर्थिक असमानता, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक तानाशाही जैसे विषयों पर केंद्रित थी। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान अपने मन की बात नहीं की बल्कि इस अवसर का इस्तेमाल जनता की चिंता को सुनने के लिए किया। यह यात्रा अलग–अलग रूपों में आज भी जारी है। यह देश भर में छात्रों, ट्रक ड्राइवर्स, किसानों और कृषि श्रमिकों, मैकेनिकों, सब्जी व्यापारियों, एमएसएमई के साथ राहुल गांधी की मुलाकातों एवं मणिपुर में उनकी उपस्थिति के साथ–साथ लद्दाख की उनकी सप्ताह भर की विस्तारित यात्रा से स्पष्ट है।'

### भारत व इंडिया में भिड़ंत कराने की हो रही साजिश : कांग्रेस

नई दिल्ली। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा देश में भारत और इंडिया की बीच भिड़ंत करने की कोशिश की जा रही है और इस साजिश के पीछे कौन लोग हैं इसका उनकी पहचान हो चुकी है इसलिए उन्हें देश की जनता करारा जवाब देगी। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा, सवाल है कि एक जुड़ा हुआ भारत किसे परेशान कर सकता है। वे कौन ताकतें हैं जो 'भारत' को 'इंडिया' से भिड़वा रही हैं। आज यह सवाल बेहद जरूरी है क्योंकि यह देश के वर्तमान और भविष्य के साथ जुड़ा हुआ है।

# फिर लौटा बारिश, कई राज्यों में झमाझम बारिश

## उप्र, मप्र झारखंड, बिहार समेत एक दर्जन से ज्यादा राज्यों में बरसात

**नई दिल्ली**, 7 सितम्बर (एजेंसियां)। देश में मानसूनी बारिश का दौर लौट आया है। एक तरह से अगस्त में लगा मानसूनी ब्रेक सितंबर में हटा है। इसके बाद बीते दो दिन से उन राज्यों में अच्छी बारिश हो रही है, जहां सूखा पड़ा हुआ था। इसमें उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक शामिल हैं। मौसम विभाग के मुताबिक आज भी देश के 19 राज्यों में जोरदार बारिश हो सकती है। इसके अगले दो दिन यानी 9 और 10 सितंबर को भी 14 राज्यों में तेज बारिश का अनुमान लगाया गया है। लंबे समय से अच्छी बारिश को तरस रहे तमिलनाडु में भी अच्छी बारिश होने की संभावना जताई जा रही है। भारत में एक सदी से भी ज्यादा समय में इस बार सबसे सूखा अगस्त रहा। इसमें सामान्य से 36 फीसदी कम बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों ने बताया था कि इस बार मानसून सामान्य रहेगा और सितंबर में बारिश की कमी पूरी हो जाएगी।



**सूर्ययान मिशन** *आदित्य–एल1 पृथ्वी व चंद्रमा की ली सेल्फी , अंतरिक्ष यान की दो बार बढ़ाई गई है कक्षा*

# इसरो ने सोशल मीडिया पर अपलोड की तस्वीरें

**चेन्नई, 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने गुरुवार को कहा कि आदित्य–एल1 अंतरिक्ष यान ने पृथ्वी और चंद्रमा की सेल्फी और तस्वीरें ली हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, सूर्य–पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु (एल1) के लिए निर्धारित आदित्य–एल1 ने एक सेल्फी ली है और साथ ही पृथ्वी और चंद्रमा की तस्वीरें भी ली हैं।**

इसरो ने तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपलोड की हैं। भारत की अंतरिक्ष आधारित सौर वेधशाला, आदित्य–एल1 को 2 सितंबर को ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान –एक्सएल (पीएसएलवी–एक्सएल) संस्करण नामक एक भारतीय रॉकेट द्वारा निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में कक्षा में स्थापित किया गया था। तब से इसरो द्वारा अंतरिक्ष यान की कक्षा दो बार बढ़ाई गई है। जैसे ही अंतरिक्ष यान लैग्रेंज पॉइंट की ओर यात्रा करेगा, यह पृथ्वी के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकल जाएगा। एसओआई से बाहर निकलने के बाद, क्रूज़ चरण शुरू हो जाएगा और बाद में अंतरिक्ष यान को एल 1 के चारों ओर एक बड़ी प्रभामंडल कक्षा में इंजेक्ट किया जाएगा – वह बिंदु जहां दो बड़े पिंडों – सूर्य और पृथ्वी – का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव बराबर होगा और इसलिए अंतरिक्ष यान किसी भी ग्रह की ओर गुरुत्वाकर्षण नहीं करेगा। लॉन्च से एल1 तक की कुल यात्रा में आदित्य–एल1 को लगभग चार महीने लगेंगे और पृथ्वी से दूरी लगभग 1.5 मिलियन किमी होगी।



# इसी सप्ताह जारी होगी कांग्रेस की लिस्ट, टिकट के लिए दिल्ली जाने की जरूरत नहीं : चौबे

**रायपुर,** 7 सितंबर (देशबन्धु)। रायपुर, 6 सितंबर (देशबन्धु)। मंत्री रविंद्र चौबे ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए इसी सप्ताह कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट जारी होगी। 8 सितंबर को स्क्रीनिंग कमेटी के नाम पर चर्चा होगी। आधे से अधिक सीटों पर चर्चा पूरी हो चुकी है। अधिकांश सीटों पर सिंगल नाम है, कुछ सीटों पर दो नाम का पैनल तैयार है। सेंट्रल इलेक्शन कमेटी नाम पर मोहर लगाएगी।

रविंद्र चौबे ने मीडिया से चर्चा में कहा कि टिकट के लिए किसी को भी दिल्ली जाने की आवश्कता नहीं है। कांग्रेस प्रभारी सैलजा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि किसी को भी दिल्ली जाने की जरूरत नहीं है। हमने लोकतांत्रिक प्रक्रिया अपनाई है। ब्लॉक कमेटी को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित सभी ने दिग्गज नेताओं ने एप्लीकेशन दिए हैं। इस प्रकार सारे ब्लॉक कांग्रेस के नेताओं के 2900 से अधिक आवेदन आए हैं, उन आवेदनों को निवेदन बनाया गया है। चौबे ने कहा कि कांग्रेस कमेटी के द्वारा राज्य के चुनाव समिति को सौंपा गया है। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक राज्य में होगी, तो दिल्ली दौड़ लगाने की कोई जरूरत नहीं है। इसके बाद कोई केंद्रीय कमेटी के पास आवेदन करने कर नहीं सकते हैं। नेताओं से मिलने अगर कुछ विधायक दिल्ली गए होंगे, मुझे नहीं लगता दिल्ली से कोई लाभ होने वाला है। सारे फैसले रायपुर से ही होंगे। इसके साथ ही रविंद्र चौबे ने प्रदेश में सरकार के पक्ष में चुनावी वातावरण दिखने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है, ऐसा दिखाई दे रहा है। वर्तमान में विधायकों का परफॉर्मेंस भी अच्छा है। सर्वे के आधार पर यह निर्णय है। गुण-दोष के आधार पर यह निर्णय हाईकमान को करना है, इस पर मैं ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहता हूं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के छत्तीसगढ़ दौरे पर रविंद्र चौबे ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष की 8 तारीख को राजनांदगांव में विशाल जनसभा होगी। इसी परिपेक्ष्य में कल मल्लिकार्जुन खड़गे रायपुर आ रहे हैं। यहां कांग्रेस के बड़े नेताओं से, मुख्यमंत्री से, प्रदेश अध्यक्ष से, प्रभारी से मंत्री से चर्चा करेंगे। चुनाव का समय आ गया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का मार्गदर्शन में हम सबको मिलेगा।



जी 20 की बैठक को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि हमारी राजधानी और छत्तीसगढ़ पूरी तरह तैयार है। सरकार के स्तर में सारी प्रशासनिक तैयारी होती जा रही हैं। विभिन्न देशों के प्रतिनिधि आएंगे। हमें लगता है कि छत्तीसगढ़ आने के बाद छत्तीसगढ़ी की संस्कृति उन्हें देखने को मिलेगी। निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होगा। सनातन धर्म को लेकर हो रही चर्चा पर रविंद्र चौबे ने कहा कि जब प्रदेश में महंगाई की चर्चा होती है, जब देश में बेरोजगारी की चर्चा होती है, जब देश में अराजकता की चर्चा होती है, सांप्रदायिक को बढ़ावा देकर के दंगा फैलाने की बातें होती हैं। लोगों का ध्यान भटकने के लिए इस प्रकार की बातें ला दी जाती है।

**हमारी भारत भूमि सनातम भारत भूमि है**

हमारी भारत भूमि सनातन भारत भूमि है। इस भूमि में मैं समझता हूं कि किसी प्रकार का कोई परिवर्तन होने की आवश्यकता नहीं है। इंडियन नाम भी वर्षों से चला रहा है। इस देश में भारत कहने में ना किसी को हिचक है, ना किसी को इंडिया के रूप में जानने में हिचक है। बहस का मुद्दा इसलिए बनाया गया क्योंकि देश को रोजमर्रा की जो चर्चा है, वह केंद्र सरकार के ऊपर ना आए। इन चर्चाओं से अलग रखा गया है। मैं समझता हूं कि यह चर्चा अनावश्यक है।

**परिवर्तन यात्रा पर भाजपा खुद कन्फ्यूज**

भाजपा की परिवर्तन यात्रा को लेकर मंत्री रविंद्र चौबे ने कहा कि वो खुद भी अभी कंफ्यूज हैं कि किस तरह से आपस में परिवर्तन किया जाए। नेता प्रतिपक्ष परिवर्तन हो गया, प्रदेश अध्यक्ष का परिवर्तन हो गया। चार-चार बार प्रभारी का परिवर्तन हो गया है। उनकी परिवर्तन यात्रा खुद के परिवर्तन के बारे में उन्हें ज्यादा सोचना चाहिए। छत्तीसगढ़ की जनता इस बात को भली-भांति मान चुकी है, जानती है। भाजपा के 15 साल के बहुमत में उनके साथ धोखा हुआ है, इसलिए उनकी किसी भी यात्रा का कोई फायदा नहीं होने वाला है।

# कांग्रेस सरकार का 4000 रुपया क्विंटल धान खरीदने की घोषणा धोखा- अरुण साव

## सनातन धर्म के तीज त्यौहार पर उपद्रव छत्तीसगढ़ सरकार के संरक्षण पर

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव कांग्रेस पर आरोप लगाया है कि कांग्रेस ने गंगाजल हाथ में लेकर लोक लुभावने वादे किए थे, एक भी वादा पूरा नहीं किया छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का काम पोने 5 साल के कार्यकाल में कांग्रेस की सरकार ने किया है, और अब रू. 4000 प्रति क्विंटल धान खरीदी की घोषणा केंद्र सरकार के भरोसे कर रही है, यह कांग्रेस का किसानों से धोखा है, गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के यादव समाज के द्वारा आयोजित द्वारा आयोजित कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद अरुण साव कहा ने कहा है कि सनातन धर्म के तीज त्यौहार पर छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार के संरक्षण पर हिंदू समाज के खिलाफ हिंदुत्व के प्रतिको क्षति पहुंचा रही है, यह दुर्भाग्य जनक है। इंडिया गठबंधन पर तल्ख टिप्पणी करते हुए बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा कि जब भी भारत का नाम आता है कांग्रेसियों के पेट में दर्द होने लगता है, विपक्षी दल को ना संविधान से मतलब है ना जनता की की भावनाओं से। जिस बात का उल्लेख भारत के संविधान में हो भारत वही बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साहू से बिलासपुर विधानसभा से चुनाव लड़े जाने के सवाल पर कहा कि अभी मैं 90 विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की तैयारी में लगा हूं, पार्टी का छोटा कार्यकर्ता होने के कारण मुझे जो भी जिम्मेदारी मिलेगी उसके लिए मैं सदैव तैयार हूं।



## जेएमपी कॉलेज में लघु उद्योग दिवस पर कार्यक्रम



**तखतपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। शा. जे. एम. पी. महाविद्यालय तखतपुर में अर्थशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को लघु उद्योग के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ राजीव शर्मा द्वारा इतिहास को अर्थशास्त्र विषय से जोड़कर उद्योगों के महत्त्व को औद्योगिक क्रांति से लेकर वर्तमान युग तक बताकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया गया। डॉ मीना शर्मा द्वारा छात्राओं को घरों में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे लघु उद्योगों के महत्व को बताकर महिलाओं की परिवार एवं देश के विकास में भूमिका को स्पष्ट किया। डॉ चंद्रवंशी ने ग्रामीण क्षेत्र में कुटीर उद्योगों का महत्व एवं प्रकाश कौशिक सर ने सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योगों में सरकार की भूमिका पर प्रकाश डाला। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती मीरा गुप्ता द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस मनाने की आवश्यकता एवं महत्व के माध्यम से वर्तमान युग में लघु उद्योगों के विकास की महती आवश्यकता को बताया गया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक सिमरन टेकचंदानी, अंजीत नेताम, सरिता केनार, किरण स्नेही सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## घर से मोबाइल व नकदी पार

**तखतपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। रात्रि में अज्ञात चोर नगदी रखा हुआ मोबाइल सहित अन्य सामान चोरी कर लिया रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457, 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को जांच में लिया है ।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 06 पाठक पारा तखतपुर निवासी मोहन अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है की 4 सितंबर को रात्री मे अपने दुकान को बंद कर घर आकर अपने म पत्नी एवं बच्चो के साथ खाना खाकर सो गया। 5 सितंबर सुबह 6 बजे मेरी पत्नी संगीता अग्रवाल उठी तो मोबाईल को देखी तो वह रखे हुए जगह पर नहीं मिला और अलमारी का दरवाजा खुला हुआ था। अंदर रखा पर्स् जिसमें करीबन 5000 रूपये था वह भी नहीं था। मोबाईल भी नहीं था। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने ज्ञात कर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध के मामले को जांच में लिया है।

## गुरूकुल में धूमधाम से मना कृष्ण जन्मोत्सव

**तखतपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। गुरुकुल उच्च. माध्य. विद्यालय में श्री कृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य अरविन्द कुमार पाण्डेय ने श्री कृष्ण आरती से किया। विद्यालय की छात्राओं ने डांडिया नृत्य एवम् एकल नृत्य में प्रस्तुति दी समूह नृत्य में आंचल ग्रुप, चंचल ग्रुप, किशोरी ग्रुप, खुशबू ग्रुप , एकल नृत्य में करीना एवम् साक्षी ठाकुर के प्रदर्शन को सभी ने सराहा। शौर्य शिक्षण समिति की अध्यक्षा श्रीमती आंचल सिंह ठाकुर ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। गुरुकुल के व्यवस्थापक अवधेश सिंह ठाकुर ने छात्रों को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि अच्छे कर्म के फल निश्चित ही अच्छे होते हैं, हमें लक्ष्य बनाकर कर्म करने चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

## काम्पलेक्स के सामने से बाइक पार

**तखतपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मक्कड़ काम्प्लेक्स के सामने खड़े दुपहिया वाहन को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार मरहीकापा निवासी मोहितराम साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 6 सितम्बर को दोपहर 1 बजे वह जिला सहकारी बैंक तखतपुर शाखा पैसा निकालने के लिए मक्कड़ काम्प्लेक्स अपने दुपहिया वाहन सीजी 28 एच 7791 से आया हुआ था और बैंक काम निपटाकर जब वापस आया तो वाहन वहां से गायब था। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। पुलिस ने धारा 379 के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले को विवेचना में ले लिया।

## साले ने जीजा से की मारपीट

**तखतपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। पिता को रखने की बात को लेकर आरोपी पुत्र ने अपने जीजा के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मटसगरा निवासी अनिल साहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि 7 सितम्बर की दोपहर 12 बजे उसके मामा तुलसी राम साहू घर आए और अपने पिता मालिकराम साहू को घर में क्यों रखे हो कहकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दिए। जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# सनातन विरोधी एजेंडे पर रखी गई कांग्रेस गठबंधन की नीव - रजनीश

**बिलासपुर** ,7 सिंतबर (देशबन्धु)। सनातन विरोधी बयान पर बेलतरा के विधायक रजनीश कुमार सिंह ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि उदयनिधि स्टालिन और प्रियांक खरगे द्वारा दिए गए बयान पर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और भूपेश बघेल जी को इस मसले पर अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए कांग्रेस एवम उनके घटक दल के नेता योजनबद्ध ढंग से हिंदू धर्म के खिलाफ़ दुर्भावना फैलाने की कोशिश कर रहे हैं जिसे देख कर ऐसा प्रतीत हो रहा है कि घमंडीया गठबन्धन की नीव ही सनातन विरोध पर रखी गई है। श्री रजनीश ने कांग्रेस पर हमले तेज करते हुए कहा कि इस गठबन्धन की मुम्बई में हुई बैठक के चौबीस घंटे के भीतर ही उदयनिधि ने सनातन धर्म के खिलाफ़ विष वमन किया इस दुर्भावना से प्रेरित बयान का कर्नाटक सरकार में मंत्री राष्ट्रीय कांग्रेस अध्यक्ष के सुपुत्र प्रियांक खरगे ने समर्थन किया और अब कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया हिंदू मंदिरों और हिंदू परम्पराओं की खुलकर आलोचना कर रहे हैं एक के बाद एक इस तरह के बयानों का आना संयोग नहीं अपितु प्रयोग हैं यह कांग्रेस की हिंदू घृणा वाली मानसिकता को दर्शाती हयह राहुल गांधी जी की प्यार वाली दुकान की पहली झलक है यह तुष्टिकरण की राजनीति का क्षुद्र उदाहरण है श्रीराम काल्पनिक हैं ऐसा शपथ पत्र देने वाली कांग्रेस इस मसले पर मौन क्यों हैं ? छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी इस विवादित बयान पर अपनी प्रतिक्रिया कब देंगे ?



क्या वे मल्लिकार्जुन खरगे के सुपुत्र प्रियांक खरगे को पार्टी से निष्कासन करने सोनिया जी को पत्र लिखेंगे ?

विधायक रजनीश ने कहा कि जिस तरह से गठबंधन के नेता सनातन धर्म पर हमला किए जा कर रहे हैं लगता है कि सनातन विरोध को इन घटक दलों ने अपने मुख्य एजेंडा के मध्य रखा है।

# राज्य में तंबाकू नियंत्रण के लिए सामूहिक सहभागिता आवश्यक

## स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय सहयोगी संस्थाओं तथा गैर-सरकारी संगठनों की ली बैठक




**रायपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। राज्य में तंबाकू एवं तंबाकू उत्पादों पर नियंत्रण के लिए इससे जुड़े कानूनों को कड़ाई से लागू करने और सभी शैक्षणिक संस्थाओं, सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं को तम्बाकू मुक्त बनाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। इसके लिए नवा रायपुर के स्वास्थ्य भवन में स्वास्थ्य विभाग के राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (एसटीसीसी) की ओर से राष्ट्रीय सहयोगी संस्थाओं तथा गैर-सरकारी संगठनों की ली बैठक आयोजित हुई। जिसमें राज्य में तंबाकू नियंत्रण के लिए सभी संस्थाओं, संगठनों की सामूहिक सहभागिता का आह्वान हुआ। साथ ही तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के सुदृढ़ीकरण के लिए विस्तार से चर्चा की गई और सहयोगी संस्थाओं की भागीदारी से छत्तीसगढ़ को तंबाकू मुक्त राज्य बनाने का निर्णय लिया गया। राज्य तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में डॉ. जैन ने प्रदेश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही सहयोगी संस्थाओं और एनजीओ द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की सराहना की। उन्होंने बैठक में शामिल विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों से कहा कि राज्य को तंबाकू मुक्त बनाने में संस्थाओं की सहभागिता बहुत आवश्यक है। सामूहिक सहभागिता के माध्यम से ही राज्य को तंबाकू मुक्त बनाया जा सकता है। विशेषकर जन-जागरूकता के जरिए ही तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम को राज्य में प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जा सकता है। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों से जमीनी स्तर पर तंबाकू नियंत्रण के लिए कोई कमी दिख रही है तो इससे विभाग को अवगत कराने को कहा। साथ ही सामूहिक सहभागिता से खामियों और कमियों को दूर कर तंबाकू मुक्त राज्य की परिकल्पना को किस प्रकार साकार किया जा सकता है, इसे सुनिश्चित कराने में स्वयं का योगदान देने की अपील भी की। बैठक में स्वास्थ्य विभाग की ओर से राज्य में व्यस्कों एवं बच्चों द्वारा तम्बाकू का उपयोग पर चिंता जाहिर करते हुए राज्य में 39.1 प्रतिशत तंबाकू उपयोगकर्ताओं की जानकारी दी गई। वहीं यह बताया गया कि राज्य में 13-15 आयुवर्ग के 8 प्रतिशत बच्चे तंबाकू का उपयोग कर रहे हैं। इसपर राज्य में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही संगठनों के प्रतिनिधियों ने चिंता व्यक्त किया। साथ ही बच्चों और युवाओं को तम्बाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए ठोस कदम उठाने को जरूरी बताया।

## सेन समाज ने मांगा एक टिकट



### प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक को टिकट मिलने पर पूरे प्रदेश में समर्थन करेंगे सेन समाज

**बिलासपुर,**7 सितंबर ( देशबन्धु ) । छत्तीसगढ़ प्रांत सर्वसेन समाज के पूरे प्रदेश से पदाधिकारी एवं स्वजाति जनों ने आज सैकड़ो के तादाद में श्रीवास समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास शिल्पी कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष चित्रकांत श्रीवास और प्रदेश महासचिव सेन समाज राजू श्रीवास के नेतृत्व में रायपुर जाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़, डॉक्टर चंदन यादव , एवं अन्य वरिष्ठ नेताओं से भेंट करके 90 विधानसभा में एक टिकट बेलतरा विधानसभा से सर्वसेन समाज के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चंद्र श्रीवास को देने की बात रखी है। इस अवसर पर सर्वसेन समाज के सैकड़ो के तादाद में पहुंचे पदाधिकारी गणों ने कहा कि यदि 90 विधानसभा में से एक टिकट बेलतरा से समाज के प्रदेश अध्यक्ष त्रिलोक चंद्र श्रीवास को दिया जाता है, तो पूरे प्रदेश के 11 लाख सर्वसेन समाज के लोग कांग्रेस पार्टी का 90 विधानसभा में समर्थन करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं ने उन्हें उनकी मांग को राष्ट्रीय नेताओं के समक्ष रख की बात किया है, सर्वसेन समाज के पदाधिकारी ने कहा कि त्रिलोकचंद श्रीवास कांग्रेस के प्रदेश सहित राष्ट्रीय स्तर के नेता है, एवं त्रिलोक श्रीवास एवं उनके परिवार ने दर्जनों चुनाव लगातार जीता है, भारतीय जनता पार्टी के सरकार के समय भी लगातार वह चुनाव जीते आ रहे हैं, चाहे सरपंच और पार्षद हो, जनपद हो या जिला पंचायत स्तर के चुनाव सभी चुनाव त्रिलोक के परिवार ने जीता है, और बेलतरा विधानसभा से लगातार 25 वर्षों से कांग्रेस हार रही है, त्रिलोकचंद श्रीवास एक जमीनी और जनआधार वाले नेता है,उनका टिकट मिलने पर बेलतरा विधानसभा से कांग्रेस की विजय सुनिश्चित है, एवं सर्व सेन समाज पूरे छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी का समर्थन करेगा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने सर्वसेन समाज को गंभीरता से लिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुरेंद्र श्रीवास चित्रकांत श्रीवास राजू श्रीवास डॉ राजीव श्रीवास विनोद श्रीवास गोलू श्रीवास रोशन श्रीवास राजकुमार श्रीवास बबलू श्वास चंद्रमणि श्रीवास नवीन श्रीवास बसंत श्रीवास मोहन श्रीवास अश्वनी श्रीवास नरेंद्र श्रीवास सनी श्रीवास आशीष श्रीवास राकेश श्रीवास रमेश श्रीवास लोकेश श्रीवास विनय श्रीवास अनिल श्रीवास नरेंद्र श्रीवास शिवा शिवा रमेश श्रीवास लक्ष्मण श्रीवास राजेंद्र श्रीवास उपेंद्र सुमित श्रीवास लक्ष्मी श्रीवास प्रकाश श्री प्रकाश श्रीवास दिनेश सेन मनोरंजन सेन कृष्णा सेन कृष्णा श्रीवास सहित पूरे प्रदेश से आए सर्वसेन समाज के ढाई सौ से ज्यादा सामाजिक जन उपस्थित थे।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

***फिर सरकार बनी तो 36 रु. क्विंटल होगी***

भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश के किसान मिलकर फिर कांग्रेस की सरकार बनाएंगे। किसानों की मदद से कांग्रेस 75 का आंकड़ा पार कर दिखाएगी। राज्य सरकार पहले ही समर्थन मूल्य के साथ राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत प्रति चिंटल नौ हजार रुपए की सब्सिडी दे रही है। इसके चलते ही प्रदेश के किसानों को धान की भरपूर कीमत मिल रही है। छत्तीसगढ़ सरकार ने इस साल 2800 रुपये धान का मूल्य देने की घोषणा की है। जो केंद्र सरकार के रूस्क बढ़ाने या फिर राज्य सरकार को राजीव गांधी किसान न्याय योजना की राशि बढ़ाने से संभव होगा। अभी तक राज्य सरकार 2640 रुपये में धान खरीद रही है। इसमें 2040 समर्थन मूल्य और 600 रुपये प्रोत्साहन राशि है। इस साल सरकार ने प्रति एकड़ 20 चिंटल धान खरीदने का फैसला लिया है। इसके लिए सरकार को न्याय योजना की राशि 9,000 से बढ़ाकर 12,340 रुपये करनी होगी। केंद्र सरकार ने इस साल धान का 143 रुपये रूस्क बढ़ाया है। इससे सत्र 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये हो गया। 2800 रुपये देने के लिए राज्य सरकार को प्रति चिंटल के हिसाब से 617 रुपये बोनस राशि देनी होगी। साल 2014-15 में धान का रूस्क 1360 रुपये था, जो लगातार बढ़ रहा है। सेंट्रल पूल में 86 लाख टन चावल लेने के लिए केंद्र सरकार ने सहमति दे दी है। समर्थन मूल्य पर होने वाली धान खरीदी में किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए इस साल किसानों की पहचान उपरांत धान खरीदी बायोमेट्रिक प्रणाली से की जाएगी. पिछले साल की तुलना में इस साल ज्यादा धान खरीदी की संभावना को देखते हुए धान बेचने आने वाले किसानों का मौके पर ही फिंगर प्रिंट लिया जाएगा, उसके बाद ही धान खरीदी होगी. इसके लिए किसानों से 31 अक्टूबर तक समितियों में अपना आधार नंबर और उनके द्वारा नामित एक अन्य रिश्तेदार का आधार पंजीयन कराने के लिए जिले में यह प्रक्रिया शुरू हो गई है.

**स्काउट दल को जम्बूरी गतिविधि**

राजकीय गमछा इण्डियन स्काउट गाइड को सौंपा गया था। हाल ही में दक्षिण कोरिया में सम्पन्न हुए विश्व स्काउट जंबूरी में इण्डियन स्काउट गाइड तथा अटास इण्डिया का 29 सदस्यीय दल राष्ट्रीय अध्यक्ष, उड़ीसा हाई कोर्ट के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायमूर्ति कल्पेश झवेरी के नेतृत्व में सम्मिलित हुआ था। जिसमें छत्तीसगढ़ अटास चैप्टर के अध्यक्ष प्रेम प्रकाश शर्मा तथा उपाध्यक्ष जितेन्द्र साखरे सम्मिलित हुए थे। उल्लेखनीय है कि यात्रा के पूर्व प्रतिनिधिमंडल छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिनिधिमण्डल को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला था। मुख्यमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं दी थी।

## मानिकपुरी पनिका समाज का जिला स्तरीय सामाजिक निर्वाचन 10 को

**बिलासपुर,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मानिकपुरी पनिका समाज जिला बिलासपुर के मुख्य संरक्षक बी. एल.मानिकपुरी के निर्देशानुसार मनिकपुरी पनिका समाज का सामाजिक निर्वाचन 10 सितंबर को सद्गुरु कबीर सत्संग भवन तिफरा में आयोजित किया गया है। जिलें के सामाजिक निर्वाचन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। निर्वाचन के लिए नामांकन का कार्य एवं मतदाता सूची का अवलोकन भी पूर्ण कर लिया गया है। प्राप्त आवेदनों की स्कूटनी नाम वापसी इत्यादि सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं। 10 सितंबर को सुबह 11 बजे से 3.00 बजे तक मतदान कराया जायेगा । जिसके लिए कबीर सत्संग भवन में ही दो बूथ बनाये गये हैं। 4.00 बजे वोटों की गणना के पश्चात विजयी उम्मीदवारों की घोषणा की जायेगी।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्य हेतु ई-निविदा सूचना**

**ई-टेंडर नोटिस नं./ TRS-BIA-23-24CBC-04**

**कार्य का नामः** "इलेक्ट्रिक लोको शेड, एस.ई.सी.आर. भिलाई में दो वर्षों के लिए सीबीसी कपलर ऑपरेटिंग हैंडल को नीचे से संचालित से ऊपर संचालित करने के लिए संशोधन पत्र क्रमांक के अनुसार आरडीएसओ/ 2016/ईएल/एमएस/0454, Rev'0' दिनांक 29.04.2016", **काम की लागतः ₹ 11,15,447.98/-,** (रुपये ग्यारह लाख पंद्रह हजार चार सौ सैतालीस और अट्ठानबे पैसे मात्र), **बोली सुरक्षा/बयाना राशि जमाः 22,400/-** (रुपये बाईस हजार चार सौ मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) महीने, **निविदा समाप्ति की तिथि और समयः 27.09.2023** को 11.30 बजे, **वेबसाइट विवरण और निविदा के विवरण यहां देखे जा सकते हैं: http:// www.ireps.gov.in.**

*वरि.मं.विद्युत अभियंता (क0च0स्टा0)*
*द.पू.म.रे., भिलाई*
*पीआर/आर/टीआरएस/एएन/125*

South East Central Railway @secrail

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम दीपक जायसवाल पिता मकसूदन लाल जायसवाल अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम **दीपक कुमार जायसवाल पिता मकसूदन लाल जायसवाल** निवासी फ्लैट नं.ई-404, हर्ष किंगडम, अशोक नगर, सरकंडा, बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख लिया हूं अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम **दीपक कुमार जायसवाल पिता मकसूदन लाल जायसवाल** से जाना एवं पहचाना जाये।

**दीपक कुमार जायसवाल**
**फ्लैट नं. ई-404,**
**हर्ष किंगडम,**
**अशोक नगर, सरकंडा,**
**बिलासपुर (छ.ग.)**
**495001**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं नानकराम नागदेव पिता भारामल नागदेव निवासी हाउस न, वॉर्ड न 21 , मसानगंज सिंधी मोहल्ला, बिलासपुर (न.नि.), बिलासपुर , छत्तीसगढ़ - 495001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **नानकराम नागदेव पिता भारामल नागदेव** रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **नानकराम नागदेव पिता भारामल नागदेव** से ही जाना पहचाना जावे।

**नानकराम नागदेव**
**हाउस न, वॉर्ड न 21,**
**मसानगंज सिंधी मोहल्ला,**
**बिलासपुर (न.नि.),**
**बिलासपुर,**
**छत्तीसगढ़ - 495001**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं ज्योति नागदेव पति नानक राम नागदेव निवासी वॉर्ड न 21 मसानगंज, सिंधी मोहल्ला, बिलासपुर (न.नि.), बिलासपुर , छत्तीसगढ़ 495001 यह शपथ करती हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **ज्योति नागदेव पति नानकराम नागदेव** रख लि हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **ज्योति नागदेव पति नानकराम नागदेव** से ही जाना पहचाना जावे।

**ज्योति नागदेव**
**वॉर्ड न 21 मसानगंज,**
**सिंधी मोहल्ला, बिलासपुर**
**(न.नि.), बिलासपुर,**
**छत्तीसगढ़ 495001**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैं किशोर कुमार नागदेव पिता नानकराम नागदेव निवासी 520, मसानगंज, सिंधी मोहल्ला, बिलासपुर, बिलासपुर, छत्तीसगढ़ 495001 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना पुराना नाम को त्याग कर नया नाम **किशोर नागदेव पिता नानकराम नागदेव** रख लिया हूं। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नए नाम **किशोर नागदेव पिता नानकराम नागदेव** से ही जाना पहचाना जावे।

**किशोर नागदेव**
**520, मसानगंज, सिंधी**
**मोहल्ला, बिलासपुर,**
**बिलासपुर, छत्तीसगढ़**
**495001**

# देश

**उवाच**



सोनिया, राहुल और खड़गे से पूछता हूं कि मुंबई की बैठक में आपने क्या यह तय किया है कि हिन्दू आस्था को बदनाम करना है। उन्होंने कहा कि हिन्दू, सनातन धर्म के बारे में क्यों बार-बार अनाप-शनाप बोला जा रहा है? ये लोग इसका जवाब दें। डीएमके के उदयनिधि के बाद ए राजा ने सनातन धर्म का अपमान किया:- **रविशंकर प्रसाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पटना साहिब के सांसद**

| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 37.7 | 27. |
| मुंबई | 31.3 | 26. |
| कोलकाता | 31.5 | 25.1 |
| चेन्नई | 35.8 | 25.6 |

# सनातन धर्म पर की गयी टिप्पणी से हम सहमत नहीं: कांग्रेस

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने सनातन धर्म को लेकर विपक्षी दलों के इंडिया गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु में द्रमुक सरकार के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के बयान से किनारा करते हुए कहा है कि पार्टी इस तरह की टिप्पणियों से सहमत नहीं है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है। संविधान इस तरह की टिप्पणियों के विरुद्ध है और कांग्रेस में भी हमेशा सभी धर्मों का सम्मान करने की परंपरा रही है। उन्होंने कहा 'कांग्रेस इस तरह की टिप्पणियों के साथ नहीं है और हमारी पार्टी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन नहीं करती। हम सभी धर्मों को साथ लेकर चलते हैं। किसी धर्म या पंथ को कम ज्यादा नहीं करना चाहिए। संविधान भी इसकी इजाजत नहीं देता और कांग्रेस की परंपरा भी ऐसी नहीं है। कांग्रेस सर्वधर्म समभाव में विश्वास करती है। पहले भी स्पष्ट तौर पर कह चुकी है कि इसकी तरह की टिप्पणियों से कांग्रेस सहमत नहीं है।' गौरतलब है कि श्री स्टालिन इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल द्रमुक के नेता तथा तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे हैं जिन्होंने सनातन धर्म को खत्म करने संबंधी बयान दिया है।



**कांग्रेस सभी धर्मों को साथ लेकर के चलती है और किसी को कम ज्यादा करके आंकने के खिलाफ है:-पवन खेड़ा, प्रमुख, संचार विभाग**

## 'मन की बात' के उलट भारत जोड़ो यात्रा बेहद परिवर्तनकारी घटना: कांग्रेस



**नई दिल्ली।** भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ पर कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि यह यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी, जो लोगों से संबंधित विषयों पर केंद्रित थी और यह कोई लेक्चर देने वाली 'मन की बात' नहीं थी। कांग्रेस ने यह भी कहा कि 30 जनवरी को जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में यात्रा के समापन के बाद भी यात्रा अलग-अलग रूपों में जारी है। राहुल गांधी ने छात्रों, ट्रक ड्राइवरों, किसानों और खेत में काम करने वाले मजदूरों के साथ अन्य लोगों के साथ बातचीत की है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक ट्वीट में कहा, 'आज राहुल गांधी के नेतृत्व में ऐतिहासिक कन्याकुमारी से कश्मीर भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की पहली वर्षगांठ है। श्रीपेरंबुदूर में अपने पिता को श्रद्धांजलि देने के बाद, उन्होंने विवेकानंद रॉक, तिरुवल्लुवर की प्रतिमा, कामराज स्मारक और कन्याकुमारी में गांधी मंडपम का दौरा किया। इसके बाद वह हिंद महासागर के किनारे कन्याकुमारी में एक बड़ी सार्वजनिक रैली को संबोधित करने के लिए गांधी मंडपम से चले और अगली सुबह के शुरुआती घंटों में यात्रा शुरू हुई।' उन्होंने कहा, 'भारत जोड़ो यात्रा भारतीय राजनीति में एक बेहद परिवर्तनकारी घटना थी और बढ़ती आर्थिक असमानताओं, बढ़ते सामाजिक ध्रुवीकरण और राजनीतिक अधिनायकवाद पर चोट पहुंचाने पर केंद्रित थी। यह मन की बात की तरह लेक्चर देने वाला कार्यक्रम नहीं था, बल्कि सुनिए जनता की आवाज सुनने की कोशिश थी।'

## तथ्यों को जाने बिना पीएम का उदयनिधि के खिलाफ टिप्पणी करना अनुचित: सीएम स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तथ्यों की ठीक से जांच किए बिना उदयनिधि स्टालिन के बयान पर टिप्पणी करना 'अनुचित' है। मुख्यमंत्री ने एक बयान में कहा कि उदयनिधि स्टालिन ने 'सनातन धर्म में अमानवीय प्रथाओं' के बारे में कुछ टिप्पणी की थी, जिसके बारे में पहले भारतीय उपमहाद्वीप के थानथाई पेरियार, महात्मा गांधी, श्री नारायण गुरु, बाबा साहेब अम्बेडकर, वल्लालर और वैकुंठर जैसे महान समाज सुधारक भी कह चुके हैं। उन्होंने कहा कि इन समाज सुधारकों ने प्रतिगामी वर्णाश्रम-मनुवाद-सनातन विचारधाराओं के खिलाफ बात की थी जो किसी के जन्म के आधार पर भेदभाव और महिलाओं के उत्पीड़न को उचित ठहराते हैं।



**भाजपा समर्थक ताकतें उदयनिधि स्टालिन के रुख को बर्दाश्त नहीं कर पाईं और उन्होंने झूठी कहानी फैला दी कि उन्होंने सनातन विचारों वाले लोगों के नरसंहार का आह्वान किया:-एम.के. स्टालिन**

# भारत की जी2 अध्यक्षता ने आपूर्ति शृंखला को मजबूती और बहुपक्षवाद को बढ़ावा दिया: पीएम मोदी

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि जी20 एक जन आंदोलन बन गया है और भारत की अध्यक्षता इस प्रतिष्ठित मंच की भविष्य की दिशा का नेतृत्व करेगी। प्रधानमंत्री ने गुरुवार को भारत की जी20 अध्यक्षता पर एक लेख में कहा कि महामारी के बाद की विश्व व्यवस्था में, अन्य बातों के अलावा, तीन महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। पहला, यह अहसास बढ़ रहा है कि जीडीपी-केंद्रित दृष्टिकोण से दूर मानव-केन्द्रित दृष्टिकोण की जरूरत है। दूसरा, दुनिया वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में मजबूती और विश्वसनीयता के महत्व को पहचान रही है। और तीसरा, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने ओपेड लेख में कहा, वैश्विक संस्थानों में सुधार के माध्यम से बहुपक्षवाद को बढ़ावा देने के लिए एक सामूहिक आह्वान।

उन्होंने कहा, 'हमारी जी20 अध्यक्षता ने इन बदलावों में उत्प्रेरक की भूमिका निभाई है।' पीएम मोदी ने आगे कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता में न केवल अफ्रीकी देशों की सबसे बड़ी भागीदारी देखी गई है, बल्कि जी20 के स्थायी सदस्य के रूप में अफ्रीकी संघ को शामिल करने पर भी जोर दिया गया है।



उन्होंने कहा, 'एक परस्पर जुड़ी दुनिया का मतलब है कि सभी क्षेत्रों में हमारी चुनौतियां आपस में जुड़ी हुई हैं। कई लोग बड़ी चिंता में हैं कि टिकाऊ विकास का लक्ष्य पटरी से उतर गया है। इस पर प्रगति में तेजी लाने के लिए जी20 2023 कार्ययोजना टिकाऊ विकास के लक्ष्य को लागू करने की दिशा में भविष्य की दिशा की अगुआई करेगी।' प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता लिंग डिजिटल विभाजन को पाटने, श्रम बल भागीदारी अंतराल को कम करने और नेतृत्व और निर्णय लेने में महिलाओं के लिए एक बड़ी भूमिका को सक्षम करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, 'भारत के लिए, जी20 की अध्यक्षता केवल एक उच्च स्तरीय कूटनीतिक प्रयास नहीं है। लोकतंत्र की जननी और विविधता के मॉडल के रूप में, हमने इस अनुभव के दरवाजे दुनिया के लिए खोले हैं।' पीएम मोदी ने बताया, 'आज, बड़े पैमाने पर चीजों को पूरा करना भारत के साथ जुड़ा हुआ है। जी20 प्रेसीडेंसी कोई अपवाद नहीं है। यह लोगों द्वारा संचालित आंदोलन बन गया है। हमारे देश के 60 भारतीय शहरों में 200 से अधिक बैठकें आयोजित की गईं। इसमें 125 देशों के लगभग 100,000 प्रतिनिधियों ने भागीदारी की। किसी भी प्रेसीडेंसी ने कभी भी इतने विशाल और विविध भौगोलिक विस्तार को शामिल नहीं किया है।' प्रधानमंत्री ने अंत में कहा, 'हमारा जी20 प्रेसीडेंसी विभाजन को पाटने, बाधाओं को खत्म करने और सहयोग के बीज बोने का प्रयास करता है जो एक ऐसी दुनिया का पोषण करता है जहां एकता कलह पर हावी होती है।

**जी20 एक जन आंदोलन बन गया है और भारत की अध्यक्षता इस प्रतिष्ठित मंच की भविष्य की दिशा का नेतृत्व करेगी:-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

## सार संक्षेप

### यूपी में चार आईएएस अफसरों के तबादले

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक बार फिर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। चार आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए गए हैं। चार दिन पहले जिलाधिकारी मथुरा से सीईओ यूपीआरआरडीए भेजे गये 211 बैच के आईएएस पुलकित खरे का तबादला ग्रेटर नोएडा में एसीईओ के पद पर किया गया है। वहीं आईएएस रवीश गुप्ता एआईजी स्टाम्प को सीईओ यूपीआरआरडीए बनाया गया है। आईएएस आंनद वर्धन एसीईओ ग्रेडर नोयडा को गोरखपुर विकास प्राधिकरण का वीसी नियुक्त किया गया है। आईएएस रमेश रंजन को विशेष सचिव गन्ना एवं चीनी को निदेशक कौशल विकास बनाया गया है।

### भुवनेश्वर में करीब ढाई किलो तस्करी के सोने के साथ शख्स गिरफ्तार

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने भुवनेश्वर में छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और बिस्कुट और बार के रूप में 2.465 किलोग्राम विदेशी-चिह्नित तस्करी का सोना बरामद किया है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भुवनेश्वर में कई जगहों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने कहा, 'जांच से पता चला कि सोना अवैध रूप से देश में तस्करी कर लाया गया था। इसे जब्त कर लिया गया है और सीमा शुल्क अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।' आरोपी को एक स्थानीय अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिसने उसे चौदह दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उससे आगे की पूछताछ होगी। मामले की जांच जारी है।

### राजकोट में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच की मौत

राजकोट (गुजरात)। गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई। अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (3), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा में पोइला बैसाख को राज्य दिवस के रूप में मनाने का प्रस्ताव पारित

**कोलकाता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने गुरुवार को बहुमत से एक प्रस्ताव पारित कर 'पोइला बोइशाख (बंगाली नव वर्ष दिवस)' को राज्य दिवस घोषित किया। यह भी निर्णय लिया गया कि गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखा गया प्रसिद्ध गीत 'बांग्लार माटी, बांग्लार जोल (बंगाल की मिट्टी, बंगाल का पानी)' राष्ट्रीय गीत की तर्ज पर राज्य गीत होगा। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि भले ही राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने प्रस्ताव को मंजूरी देने से इनकार कर दिया, प्रस्ताव के अनुसार दिवस मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए कहा, 'बंगाली कैलेंडर का पहला दिन पोइला बोइशाख एक अत्यंत शुभ दिन माना जाता है। राज्य सरकार ने इस मामले पर कई प्रतिष्ठित व्यक्तियों से परामर्श किया और उनमें से अधिकांश ने 'पोइला बोइशाख' को पश्चिम बंगाल के राज्य दिवस के रूप में मनाने के पक्ष में आवाज उठाई।



## बंगाल के मंत्रियों, विधायकों के वेतन में भारी वृद्धि की घोषणा

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गुरुवार को कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों और विधायकों के वेतन में भारी बढ़ोतरी की घोषणा की। इन तीन श्रेणियों में से हर एक के लिए मासिक वेतन 40,000 रुपए प्रति माह बढ़ाया जाएगा। इस बढ़ोतरी के बाद, विधायक अब 10,000 रुपए की मौजूदा राशि के बजाय 50,000 रुपए प्रति माह के मासिक वेतन के हकदार होंगे। राज्य के मंत्रियों का मासिक वेतन 10,900 रुपए से बढ़ाकर 50,900 रुपए कर दिया गया है। कैबिनेट मंत्रियों के मामले में यह राशि 11,000 रुपए से बढ़ाकर 51,000 रुपये कर दी गई है। कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और विधायक मासिक वेतन के अलावा जो अन्य अतिरिक्त भत्ते पाने के हकदार हैं, वे वही रहेंगे। राज्य सरकार के एक अधिकारी ने बताया, इसका मतलब यह होगा कि वेतन और भत्तों सहित विधायकों को मिलने वाला वास्तविक मासिक भुगतान अब 81,000 रुपये प्रति माह की मौजूदा दर से बढ़कर 1.21 लाख रुपए हो जाएगा।

## मैं राजभवन के अंदर धरना देने के लिए सीएम ममता का स्वागत करता हूं: राज्यपाल बोस

**कोलकाता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी कोलकाता में राजभवन परिसर के भीतर ही धरना प्रदर्शन कर सकती हैं, बाहर नहीं और वह उनका स्वागत करेंगे। मुख्यमंत्री ने पांच सितंबर को शिक्षक दिवस समारोह के मौके पर कहा था कि वह राजभवन के बाहर विरोध प्रदर्शन करेंगी। राज्यपाल ने नई दिल्ली से कोलकाता लौटने के तुरंत बाद बुधवार सुबह जारी पांच मिनट के लघु वीडियो में कहा, 'मुख्यमंत्री मेरी सम्मानित सहयोगी हैं। राजभवन में उनका स्वागत है। वह राजभवन के अंदर आ सकती हैं और अपने सभी विरोध प्रदर्शन वहीं कर सकती हैं। वह यहां प्रदर्शन करने के लिए सम्मानित अतिथि के रूप में आ सकती हैं।' पांच सितंबर को, मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की चर्चा या सहमति के बिना पश्चिम बंगाल में 16 राज्य विश्वविद्यालयों के लिए अंतरिम कुलपतियों की नियुक्ति के इस फैसले के लिए राज्यपाल के खिलाफ तीखा हमला किया।



# आरएसएस प्रमुख ने आरक्षण का किया समर्थन

## राजद ने जाति जनगणना पर दी सलाह

**नई दिल्ली,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने एक दिन पहले कहा था कि समाज में भेदभाव मौजूद रहने तक आरक्षण जारी रहना चाहिए। इस बयान के अगले दिन गुरुवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें केंद्र से 'जाति जनगणना' पर सहमत होने के लिए कहना चाहिए। राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा, 'जब मोहन भागवत आरक्षण की बात करते हैं तो मुझे लगा कि आज सूरज किस दिशा से उग आया है, क्योंकि ये अलग-अलग विचारधारा वाले लोग हैं। मुझे खुशी हुई कि कम से कम उन्होंने भारत के संविधान के अनुसार सोचना शुरू कर दिया।' उन्होंने आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा, 'भागवत जी आप अपने संगठन को सांस्कृतिक संगठन कहते हैं, लेकिन ऐसा नहीं है, यह पूरी तरह से एक राजनीतिक संगठन है और सरकार चलाता है। सरकार एक मुखौटा है।' मनोज झा ने पूछा कि अगर आपको सोचना है तो आपको सरकार को बताना होगा कि वह जाति जनगणना पर चुप क्यों है? उन्होंने यह भी सवाल किया कि क्या मोहन भागवत को सीवर साफ करने वाले लोगों की स्थिति का पता नहीं है? राजद नेता ने आगे कहा कि ऐसा क्यों है कि इतने वर्षों के बाद भी उनकी स्थिति नहीं बदली है? सिर्फ बात करने से नहीं होगा।



## राजकोट में दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में पांच की मौत

**राजकोट (गुजरात),** 7 सितम्बर गुजरात के राजकोट शहर के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में कम से कम पांच लोगों की जान चली गई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना बुधवार रात सरदार-भूपगढ़ रोड पर हुई।अजीदम थाना प्रभारी एसआई ए.जे. परमार द्वारा प्रारंभिक जांच निष्कर्षों के अनुसार एक मोटर साइकिल चालक के लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ। पीड़ितों की पहचान दिलीप भूरिया (25), अर्जुन मेड़ा (18), दिनेश राठौड़ (30), देवगन मकवाना, (22) और राजेश राठौड़ (22) के रूप में हुई है। सभी राजकोट जिले के साजादियाली गांव के निवासी हैं। भूरिया, मेड़ा और दिनेश किराने की खरीदारी के लिए मोटरसाइकिल पर सरदार गांव जा रहे थे, जबकि मकवाना और राजेश अपने दोपहिया वाहन पर सरदार से भूपगढ़ जा रहे थे।

## पुलिस ने मकवाना के खिलाफ लापरवाही से मौत का मामला दर्ज किया

**कोलकाता,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक बलात्कार पीड़िता को परेशान करने के आरोप में कोलकाता के दो थानों के प्रभारी अधिकारियों (ओसी) पर जुर्माना लगाया है। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति गौरांग कंठ की खंडपीठ ने लेक थाना और नरेंद्रपुर थाना के ओसी को निर्देश दिया कि वे पीड़ित को अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न के मुआवजे के रूप में पांच-पांच हजार रुपए की टोकन राशि का भुगतान करें। अदालत ने दोनों अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से पीड़ित महिला से लिखित माफी मांगने का भी निर्देश दिया है। हालांकि यह निर्देश खंडपीठ ने 5 सितंबर को पारित किया था, आदेश की प्रति गुरुवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई। यह आदेश पीड़ित महिला द्वारा दायर एक याचिका पर पारित किया गया, जिसमें पुलिस पर अनुचित व्यवहार और उत्पीड़न का आरोप लगाया गया था। याचिका में पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उसने अपने साथ बलात्कार करने के आरोपी व्यक्ति की पहचान की और अदालत ने पुलिस को उस व्यक्ति से पूछताछ करने का निर्देश दिया, तो पुलिस ने उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की और इसकी बजाय उसे नोटिस दिया। उसने लेक थाने और नरेंद्रपुर थाने में एक साथ शिकायत दर्ज करायी। पीड़िता ने पुलिस पर व्हाट्सएप कॉल करने और पूछताछ करने के लिए आधी रात के आसपास उसके घर पर आने का भी आरोप लगाया।



# मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने सीएम केसीआर से की मुलाकात

**हैदराबाद,** 7 सितम्बर (देशबन्धु)। मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा ने गुरुवार को प्रगति भवन में मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से शिष्टाचार मुलाकात की। संगमा गुरुवार प्रगति भवन पहुंचे। मुख्यमंत्री केसीआर ने उनका स्वागत किया। इसके बाद चाय पार्टी का आयोजन किया गया। कुछ देर तक दोनों मुख्यमंत्री ने बैठक की। बाद में मुख्यमंत्री केसीआर ने सीएम संगमा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया और स्मृति चिन्ह भेंट किया। बाद में मुख्यमंत्री केसीआर ने संगमा को विदाई दी। इसके बाद संगमा मेघालय वापस लौटे। इस अवसर पर मंत्री केटीआर, हरीश राव, एर्राबेली दयाकर राव, एमएलसी राजेश्वर रेड्डी, मधुसूदनचारी, विधायक रोहित रेड्डी, योजना आयोग के उपाध्यक्ष विनोद कुमार, पूर्व केंद्रीय मंत्री वेणुगोपाल चारी, बीआरएस नेता दासोजू श्रवण, के वामसीधर राव और अन्य उपस्थित थे।

**■ चाय पार्टी का आयोजन किया गया**



# लोकेश की पदयात्रा के दौरान हुई हिंसा पर टीडीपी, वाईएसआरसीपी में आरोप-प्रत्यारोप

**अमरावती,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) और विपक्षी तेलुगु देशम पार्टी ने इस सप्ताह भीमावरम शहर में टीडीपी नेता नारा लोकेश की पदयात्रा के दौरान हुई हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया है। टीडीपी के महासचिव लोकेश ने मंगलवार रात उनकी युवा गलाम पदयात्रा पर हुए हमले को पूर्व नियोजित बताया। उन्होंने हमला करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने की बजाय टीडीपी नेताओं पर मामला दर्ज करने और उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की भी आलोचना की। पूर्व मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के बेटे लोकेश ने सत्तारूढ़ दल के नेताओं पर उनकी पदयात्रा को बाधित करने के लिए असामाजिक तत्वों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया। हालांकि, नागरिक आपूर्ति मंत्री करुमुरी वेंकट नागेश्वर राव ने आरोप लगाया कि टीडीपी ने लोकेश के इशारे पर भीमावरम में अशांति पैदा करने की साजिश रची थी।

**■ टीडीपी नेता नारा लोकेश की पदयात्रा के दौरान हुई हिंसा के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया**



**चिंता** *सिर्फसोलो ट्रिप के लिए ही नहीं एडवेंचर टूरिम का भी आकर्षण बन रहा है कश्मीर*

# कश्मीर साहसिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा

**जम्मू, 7 सितम्बर (देशबन्धु)। इसके प्रति कोई दो राय नहीं है कि पिछले साल से कश्मीर में पर्यटन में तेजी देखी जा रही है और कश्मीर साहसिक पर्यटन के लिए एक प्रमुख आकर्षण बनता जा रहा है। साथ ही विभिन्न स्थानों से पर्यटकों को यहां के सुरम्य स्थानों को देखने के लिए बाइक पर कश्मीर आते देखा जा सकता है। जहां पर्यटक कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा कर रहे हैं।**

जहां पर्यटक कश्मीर की सुंदरता की प्रशंसा कर रहे हैं, देश के विभिन्न हिस्सों से आए कई साहसिक पर्यटकों से बात करने पर उन्होंने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। उनमें से, देश के विभिन्न कोनों से बाइकर्स का एक समूह अक्सर बाईपास के माध्यम से अपना रास्ता बना रहा है, अंततः घाटी के दिल-श्रीनर शहर तक पहुंच रहा है।

उनकी यात्रा अक्सर मनाली के रास्ते दिल्ली की वापसी यात्रा के साथ समाप्त होती है, जिससे वे रास्ते में देखी गई प्राकृतिक सुंदरता से मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। ये साहसी बाइकर्स कश्मीर के प्राकृतिक आकर्षण की ओर आकर्षित हुए हैं, यह क्षेत्र अपने लुभावने परिदृश्यों, खूबसूरत झीलों और राजसी पहाड़ों के लिए प्रसिद्ध है। जैसे-जैसे वे घुमावदार सड़कों को पार करते हैं, वे खुद को हरी-भरी घाटियों और बर्फ से ढकी चोटियों के दृश्य से घिरा हुआ पाते हैं।



हाल ही में इस अभियान पर निकले बाइकर्स के एक समूह ने अपना आश्चर्य साझा करते हुए बताया कि उन्होंने यहां कश्मीर में सुरम्य स्थानों को देखा। गुजरात की एक महिला पर्यटक ने कहा कि यह मेरी कश्मीर की पहली यात्रा है और मैं बहुत खुश हूं। मैंने श्रीनर की खूबसूरत जहें देखी हैं, और मेरी योजना अपने बाइक समूह के साथ पहले लद्दाख, फिर मनाली और उसके बाद दिल्ली की यात्रा करने की है। मुंबई की एक अन्य महिला पर्यटक कहती थीं कि श्रीनर, लेह, लद्दाख और फिर दिल्ली तक बाइक से यात्रा करने का यह मेरा पहला अनुभव है और यह अद्भुत रहा है। अब तक, मेरी यात्रा अद्भुत रही है, मैंने यहां हर चीज का आनंद लिया है और कश्मीर बहुत सुंदर है, और यह वास्तव में पृथ्वी पर स्वर्ग है।

महाराष्ट्र से आने वाले अन्य दलों का कहना था कि बाइकर्स के रूप में हमने खुद को एक ऐसे परिदृश्य के बीच पाया जो सीधे एक सपने से बाहर लग रहा था, सड़क के प्रत्येक मोड़ और मोड़ के साथ नए और मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य सामने आ रहे थे। हमारे लिए मनाली के रास्ते दिल्ली की वापसी यात्रा उनके साहसिक चक्र को पूरा करने का एक तरीका है। यह चुनौतियों और परिदृश्यों का एक अलग नजारा पेश करता है, जिसमें हिमालय का ऊबड़-खाबड़ इलाका कश्मीर की शांत सुंदरता के बिल्कुल विपरीत है।

**■ पिछले साल से कश्मीर में पर्यटन में तेजी देखी जा रही**

बिलासपुर, शुक्रवार 8 सितम्बर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# धार्मिक मुद्दे को तूल देते पीएम

इसे किसी भी देश के लिये सचमुच दुर्भाग्यपूर्ण कहा जा सकता है कि वहां की सरकार धार्मिक विवादों को शांत करने की बजाये उसे और भड़काये। इतना ही नहीं, ज्यादा दुखद तो यह होता है कि वह उस विवाद में बाकायदा एक पार्टी बन जाये और ऐसे विवादों का सियासी लाभ लेने की हर घड़ी जुगत बिठाये। भारत के साथ यह होता साफ दिख रहा है और वह भी अभी से नहीं बल्कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार केन्द्र में बनी है, इस प्रकार के मुद्दों का उपयोग वह अपनी सत्ता को बचाये रखने या फिर पाने के लिये करती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस खेल में दिन-ब-दिन सिद्धहस्त होते जा रहे हैं। ऐसा करने से उन्हें राजनैतिक लाभ तो मिल सकता है परन्तु ऐसा करना न देश के लिये उचित है और न ही समग्र लोकतंत्र के भले में है। संवैधानिक पद पर बैठे किसी भी व्यक्ति के लिये मज़हबी मतभेदों को समाप्त करने की पहल करनी चाहिये, न कि उन्हें और भी तूल देने की।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के पुत्र व मंत्री उदयनिधि का एक बयान इन दिनों सुर्खियों में है जिसमें उन्होंने सनातन धर्म को डेंगू व मलेरिया के वायरस जैसा बतलाते हुए कहा कि जितनी जल्दी उसका उन्मूलन हो उतना ही अच्छा। हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक विधानसभा चुनाव हारने से बौखलाई भाजपा और स्वयं मोदी मुद्दों की तलाश में हैं। कांग्रेस की अगुवाई में बने विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' के लगातार मजबूत होने तथा अपने कारोबारी मित्र गौतम अदानी से उनकी कथित सांठ-गांठ के कारण मोदी की छवि काफी दरक चुकी है। ठीक एक साल पहले निकाली गई राहुल गांधी की बेहद सफल 'भारत जोड़ो यात्रा' का सीक्वल आ ही रहा है। इस बार राहुल पश्चिम से पूरब की तरफ देश को अपने कदमों से नापने जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि इससे रही-सही कसर भी पूरी हो जायेगी और पहले से नाज़ुक स्थिति में चल रही भाजपा की सांसें इसी वर्ष के अंत में होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में पूरी तरह से उखड़ सकती हैं। 2024 के मध्य में होने जा रहे लोकसभा चुनावों के लिये उसे मुद्दों की सख़्त दरकार है क्योंकि उसका साम्प्रदायिक चेहरा मणिपुर, नूंह और जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में हुई घटनाओं से पूर्णतः बेनकाब हो गया है। जनता जान गई है कि देश इसका खामियाजा भुगत रहा है। भाजपा की मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी जान गई है कि मोदी और हिन्दुत्व के चेहरे पर अगले चुनाव की वैतरणी पार होने से रही। यह सरकार जन सरोकार के मामले में पहले ही नाकाम हो चुकी है जिसके कारण वह किसी भी मुद्दे को लेकर जनता को मुंह दिखाने के काबिल नहीं रही। इसलिये उसके सामने ध्रुवीकरण के अलावा कोई चारा दिखाई नहीं देता।

अदानी का मुद्दा देश-विदेश दोनों जगहों पर छाया हुआ है। हिंडनबर्ग की रिपोर्ट के बाद हाल ही में वही कहानी दुनिया के दो प्रतिष्ठित अखबारों 'गार्डियन' एवं 'दी फाइनेंशियल टाइम्स' ने आगे बढ़ा दी है। इनमें छपी रपटें बताती हैं कि अदानी ने अनेक तरह की वित्तीय अनियमितताएं कीं और मोदी सरकार उन्हें प्रश्रय देती रही, बचाती भी रही। इसके साथ ही राहुल गांधी सच साबित होते चले गये जिन्होंने अदानी-मोदी रिश्तों की बात उठाई, जिसके कारण अपनी सांसदी खोई। यह अलग बात है कि उनकी लोकसभा सदस्यता छीनने का बहाना एक टुच्चा सा अवमानना का अदालती मामला था जिसके आधार पर उन्हें अधिकतम (दो साल) सजा सुनाई गई ताकि वे सदन से रुख़सत किये जा सकें। सुप्रीम कोर्ट ने सजा रद्द की जिससे राहुल को सदस्यता व शासकीय आवास लौटाया गया। अब राहुल फिर से अनेक यूरोपीय देश जा रहे हैं जहां वे कई जगहों पर भाषण देंगे। पहले की तरह मोदी की मुश्किलें बढ़नी तय हैं।

बहरहाल, विपक्षी गठबन्धन के नाम से परेशान मोदी सरकार ने देश का 'इंडिया' नाम ही हटा दिया और अब वह सरकारी दस्तावेजों से 'इंडिया' शब्द हटाकर 'भारत' लिख रही है। इसे राष्ट्रवाद का नया काढ़ा कहा जा सकता है जो उनके समर्थकों को अपने खेमे में बनाये रखने के लिये तैयार किया गया है क्योंकि भाजपा के चिर-परिचित फार्मूले बेकार साबित हो गये हैं। इनमें चीन को लाल आंखें दिखलाना, पाकिस्तान को घर में घुसकर मारना, 56 इंच आदि शामिल हैं। वैसे इंडिया बनाम भारत का मसला भी पार्टी में पर्याप्त ऊर्जा नहीं भर पा रहा है क्योंकि इसके पहले कि भाजपा के आईटी सेल की रचनात्मकता जोर मारती, केन्द्र के एक मंत्री ने ही कह दिया है कि 'इंडिया' भी रहेगा और 'भारत' भी।

ऐसे में उदयनिधि का बयान भाजपा के लिये अंधे को मिलने वाली दो आंखें साबित हुआ है। बुधवार को हुई केबिनेट की बैठक में मोदी ने अपने मंत्रियों को निर्देश दिये कि इंडिया-भारत के मुद्दे पर चुप रहें लेकिन सनातन वाले मुद्दे पर कसकर जवाब दे। यह इस बात की बानगी है कि मोदी राज में सरकार व भाजपा किस प्रकार से गड्ड-मड्ड हो चुके हैं। मोदी भूल गये कि वे पार्टी बैठक या चुनावी रैली में नहीं बल्कि शासकीय बैठक में बोल रहे हैं। वहां बैठकर उन्हें देश को इस गर्मा-गर्मी से बाहर निकालना चाहिये था जिससे देश में साम्प्रदायिक तनाव न बढ़े। संवैधानिक पद पर बैठे पीएम को मंत्रियों को निर्देशित करना चाहिये था कि इस मामले को सौहार्द्रपूर्ण ढंग से सुलटाया जाये। वैसे मोदी से ऐसी उम्मीद करना बेकार है क्योंकि वे स्वयं ही चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन कर आम सभाओं में गौमाता, राममंदिर, बजरंग बली आदि के नाम पर वोट मांगते हैं।

# हिंदुत्व की जगह सनातन का बाना धारण करने की जुगत

■ बादल सरोज

तमिलनाडु में साहित्यकारों और कलाकारों की एक वैचारिक सभा में डीएमके के युवा नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन वाले बयान के बाद भाजपा और संघ बवाल मचाने में भिड़ा है। सनातन उन्मूलन सम्मेलन में भाग लेते हुए पहले उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्य चित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया था ; भक्त इसके बारे में एक भी शब्द नहीं बोल रहे, वे इसके बाद दिए गए भाषण में उन्होंने सनातन धर्म को लेकर जो टिप्पणियां की थी उन्हें लेकर भनभनाये हुए हैं। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में सम्मेलन के शीर्षक को बहुत अच्छा बताया और इसके लिए बधाई देते हुए कहा कि 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' रखा जाना इसलिए ठीक है क्योंकि हमें कुछ चीज़ों को ख़त्म करना होगा। सिर्फ उनका विरोध करने से काम नहीं चल सकता। जैसे मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध करना काफी नहीं होता, उन्हें खत्म करना होता है ठीक उसी तरह सनातन धर्म भी ऐसा ही है जिसका हमें विरोध नहीं करना है बल्कि इसका उन्मूलन करना है। उन्होंने कहा कि सनातन समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ़ है। 'सनातन सिद्धांत और लोकतांत्रिक सिद्धांत के बीच दो हज़ार साल पुराना संघर्ष है. वे वर्षों पहले मौजूद सनातन सिद्धांत को वापस लाने की कोशिश कर रहे हैं। फासीवादी ताक़तें हमारे बच्चों को पढ़ने से रोकने के लिए कई योजनाएं लेकर आ रही हैं। सनातन की नीति यही है कि सबको नहीं पढ़ना चाहिए। एनईईटी परीक्षा इसका एक उदाहरण है।' उन्होंने चेतावनी दी कि 'अगर सनातन सत्ता में वापस आते हैं, तो वर्णाश्रम और जातिगत भेदभाव फिर से अपना सिर उठाएगा।' इसलिए 'हमारा पहला काम सनातन को हटाना है न कि केवल उसका विरोध करना। सनातन समानता और सामाजिक न्याय का विरोध करता है. इसका मतलब है वो चीज़ जो स्थायी हो यानी ऐसी चीज़ जो कभी न बदली जा सके, जिस पर कोई सवाल न उठाए. यही सनातन का अर्थ है।'

जिस सनातन को लेकर इतना हल्ला मचाया जा रहा है वह सनातन क्या है इस पर आने से पहले यह जानना दिलचस्प होगा कि पिछले कुछ महीनों- अधिकतम एक साल- से आरएसएस और उसके कुनबे की भाषा में अचानक सनातन के इतनी प्रमुखता हासिल करने के पीछे मकसद क्या है? गोलवलकर की 1939 में लिखी किताब 'हम और हमारी राष्ट्रीयता', जिसे आरएसएस ने अभी तक आधिकारिक रूप से स्वीकार नहीं किया, फिलहाल उससे अपनी असंबद्धता ही जाहिर की है, उसमें हिन्दू राष्ट्र में रहने की 5 योग्यतायें गिनाते समय एक धर्म-सनातन धर्म- का उल्लेख छोड़कर अभी तक संघ के प्रचार साहित्य में भी सनातन का उस तरह जिक्र नहीं मिलता जिस तरह हाल के कुछ महीनो में शुरू हुआ है। हर जगह हिन्दू पहचान, हिन्दू धर्म, हिंदुत्व और उस पर आधारित हिन्दू राष्ट्र की बात मिलती है। हिंदुत्व भी वह वाला जिसे उन सावरकर ने परिभाषित किया था जो खुद किसी धर्म में विश्वास नहीं करते थे और घोषित रूप से स्वयं को नास्तिक बताते थे। संघ द्वारा अचानक से हिन्दू धर्म और हिंदुत्व को कब और क्यों गंगा में सिरा दिया गया और बंद अंधेरी गुफा में पड़े सनातन की प्राणप्रतिष्ठा कर दी गई? यह अचानक नहीं हुआ। इसकी भी एक क्रोनोलॉजी है। मुख्य वजह यह है कि हिंदुत्ववादी साम्प्रदायिकता के उभार के बाद से देशभर में चले विमर्श में हिंदुत्व के वर्णाश्रम, जाति श्रेणी क्रम के अमानवीय आधार, लोकतंत्र और समता के निषेध के आपराधिक रूप जनता के सामने आये हैं-नतीजे में इसकी अमानुषिकता उजागर हुई है। इनके कथित सामाजिक समरसता के अभियानों के बावजूद दलितों, आदिवासियों, अन्य पिछड़े समुदायों और महिलाओं के एक बड़े हिस्से में हिंदुत्व के असली चेहरे की भयावहता सामने आई है-उनकी इसके प्रति अरुचि बढ़ी है, अविश्वास बढ़ते-बढ़ते तिरस्कार भाव तक पहुंचने लगा है। इसी के साथ, इसी बीच, हिन्दू शब्द के उद्गम को लेकर आई जानकारियों ने भी इस गिरोह को असुविधा में डाला है। लिहाजा बहुत ही सोचे-समझे तरीके से पिछले कुछ महीनों से इस कुनबे ने सनातन का नया बाना धारण करना शुरू कर दिया है।

> **जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई।**

हालांकि जिस सनातन की ये दुहाई दे रहे हैं वह सनातन क्या और कितना सनातन है? यह बात भी कोई दबी छिपी नहीं है। सनातन एक आधुनिक पहचान है जो विविधताओं से भरी हिन्दू परम्परा के प्रभुत्वशाली ब्राह्मण धर्म में कुरीतियों के विरुद्ध हुए धार्मिक सुधार आंदोलनों के मुकाबले घनघोर पुरातनपंथी रूढ़िवाद की पहचान के रूप में सामने आई। बंगाल के नवजागरण सहित ब्रह्मोसमाज आन्दोलन, दक्षिण के जाति और वर्णाश्रम विरोधी मैदानी और वैचारिक संघर्षों, महाराष्ट्र के सामाजिक सुधारकों की मुहिमों और खासकर उत्तर भारत में मूर्तिपूजा, अंधविश्वास और एक हद तक जाति-विरोधी आन्दोलन आर्य समाज के बरक्स असमानता, ऊंच-नीच और भेदभाव का धुर पक्षधर पुराणपंथ सनातन के नाम पर गिरोहबंद हुआ। 18वीं और 19वीं सदी में सनातनियों का सबसे बड़ा युद्ध जिस आर्य समाज के साथ हुआ था उस आर्य समाज का तो नारा ही वेदों की ओर वापस लौटने का था इसलिए सनातन धर्म का वैदिक धर्म के साथ कोई रिश्ता होने का सवाल ही नहीं उठता। यूं भी चारों वेदों में कहीं सनातन नहीं है, 14 ब्राह्मण ग्रंथों, 7 अरण्यकों, 108 उपनिषदों – जिनमें से ज्यादातर एक दूसरे के खिलाफ भी राय देते हैं –, में इसका कोई महात्म्य नहीं समझाया गया है। एक भागवत को छोड़कर, जो तुलनात्मक रूप से आधुनिक है, 18 पुराणों में भी सनातन का कहीं जिक्र नहीं मिलता।

श्री कृष्ण – जिनके उपदेश वाले ग्रंथ गीता को संघ भाजपा भारत का राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करता रहा है– उन्होंने तो धर्म की जो परिभाषा दी है वह सनातन को अधर्म करार देती है। वे कहते हैं कि 'जो समय के साथ नहीं बदलता, जो अपरिवर्तित और सनातन रहता है वह धर्म नहीं अधर्म है।' प्रश्न यह था कि जब द्रौपदी का चीरहरण किया गया तब द्यूत सभा में मौजूद सभी ज्ञानियों के चुप रहने पर कृष्ण ने अपनी आपत्ति दर्ज की और इसे अधर्म बताया। भीष्म और विदुर ने अपनी-अपनी प्रतिज्ञाओं के पालन का धर्म निबाहने का हवाला देते हुए खुद कृष्ण को कठघरे में खड़ा किया और कहा कि उन्होंने शस्त्र न उठाने का वचन तोड़कर खुद अधर्म किया है। इसके जवाब में कृष्ण धर्म को परिभाषित करते हुए कहते हैं कि 'जिस धर्म का पालन करने की बात आप कर रहे है वह धर्म नहीं है। धर्म किसी वचन से बंधा नहीं होता, वह लगातार बदलता है, जो समय के साथ नहीं बदलता वह अधर्म है।' उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ युद्ध जैसा छेड़े आरएसएस और भाजपा यदि सनातन की सनातनता पर सचमुच में गंभीर हैं तो उन्हें पहले कृष्ण के खिलाफ मोर्चा खोलना चाहिये।

रही सनातन के शाब्दिक अर्थ के हिसाब से अनादिकाल से चले आने की बात है तो पाली भाषा में लिखे ग्रंथों में उन बुद्ध और उनके बौद्ध धर्म को भी सनातन कहा गया है जिन गौतम बुद्ध का खुद का यह कहना था कि 'दुनिया में कुछ भी स्थिर नहीं है। कुछ भी शाश्वत नहीं है। कुछ भी सनातन नहीं है। व्यक्ति और समाज के लिये परिवर्तन ही जीवन का नियम है। वेदों को प्रमाण मानने से इनकार करने वाले, ईश्वर के अस्तित्व को भी न मानने वाले पृथ्वी के इस हिस्से के पहले नास्तिक धर्म में भी 'है भी नहीं भी है' का संशयवाद है– हालांकि इसके बाद भी जैन धर्मावलंबियों का दावा है कि वह भी अनादिकाल से अस्तित्वमान है।

ठीक यही वजह है कि सनातन धर्म में सनातन क्या है यह बात कोई सनातनी भी न खुद समझ पाया है ना ही किसी को समझा पाया है। ताजा विवाद के बाद अचानक धर्मवेत्ता बन गए राजनाथ सिंह का राजस्थान में दिया गया भाषण इसी गफलत का एक और नमूना है। वे सनातन की ठीक उलटी परिभाषा देते हुए वह सब बातें बखानने लगते हैं सनातन जिनके पूरी तरह खिलाफ है। उन्होंने दावा किया कि 'जो जड़ में हैं वही चेतन में है, जो पिंड में है वही ब्रह्माण्ड में है, जो छोटे में है वही बड़े में है, जो मेरे में है वही तेरे में है।' अरक्षनीय का रक्षण करते-करते वे यहां तक बोल गए कि 'जो जात पात और धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करता, न जिसका आदि है न अंत है वही सनातन धर्म है।' जाहिर सी बात है कि वे बता कम रहे थे छुपा ज्यादा रहे थे।

यह कुनबा जिस सनातन धर्म की बात कर रहा है वह वर्णाश्रम पर आधारित, जाति प्रथा और उसके आधार पर ऊंच-नीच यहां तक कि छुआछूत तक में यकीन करने, महिलाओं को शूद्रातिशूद्र मानने को धर्मसम्मत बताने वाली व्याधि है। यह वही जकड़न है जिससे निजात पाने के लिए कबीर से लेकर रैदास, गुरु घासीदास से होते हुए राजा राममोहन राय, ईश्वरचन्द्र विद्यासागर ने अपने तरीकों से जद्दोजहद की। जोतिबा फुले से पेरियार होते हुए अम्बेडकर तक ने निर्णायक चोटें की। ईएमएस नम्बूदिरिपाद और एके गोपालन से होते हुए वाम आन्दोलन ने इसे सुधार से आगे बढ़ाया और सामाजिक बदलाव की लड़ाई से जोड़ा। इन्हीं संघर्षों का असर था जिसने भारत के संविधान के रूप में मूर्त आकार ग्रहण किया। जिसने भारत को मध्ययुगीन यातना गृह से बाहर निकाल एक सभ्य समाज बनाने की पृष्ठभूमि तैयार की। यही बाद में 70 के दशक में देश की राजनीति में सामाजिक प्रतिनिधित्व में गुणात्मक परिवर्तन के रूप में दिखा।

इस तरह यह जहां एक ओर कुख्यात हो गए हिंदुत्व की नई पैकेजिंग है वहीं दूसरी ओर इन ढाई-तीन हजार वर्षों के वैचारिक संघर्षों की उपलब्धियों का नकार भी है। संविधान और उसमें दी गई समता, समानता, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता का धिक्कार भी है। उनकी ताजा भड़भड़ाहट की वजह यह है कि हिंदुत्व और हिन्दू की जगह सनातन का जाप कर उसी पुराने और त्याज्य पर नया मुलम्मा चढ़ाने की इस कोशिश को लोग समझने लगे हैं। भट्टी सुलगने के पहले ही समता, सामाजिक सुधार, लोकतंत्र और संविधान की हिमायती ताकतें उसे बुझाने के लिए खुद जाग चुकी हैं औरों को भी जगा रही हैं। तमिलनाडु के साहित्यकारों, कलाकारों, बुद्धिजीवियों की वह सभा इसी जागरण अभियान का हिस्सा थी। कहने की आवश्यकता नहीं कि संघ और भाजपा जितना शोर मचाएंगे उतना ही इसके खिलाफ प्रतिरोध भी तेज से तेजतर होगा।

**(लेखक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा)**

# 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव लोकतंत्र और संघवाद पर हमला

■ पी.सुधीर

नरेंद्र मोदी राज 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के नारे को लागू करके संसदीय लोकतंत्र और संघवाद पर दोहरा हमला शुरू करना चाहता है। सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द की अध्यक्षता में आठ सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की है। संदर्भ की शर्तें यह स्पष्ट करती हैं कि समिति का काम सिर्फ यह सिफारिश करना है कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव को कैसे लागू किया जाये, और कानूनी और संवैधानिक कदम कैसे उठाये जायें। समिति से वही करने की उम्मीद की जा सकती है जो सरकार चाहती है क्योंकि इसे इस उद्देश्य के लिए चुना गया है और इसमें गृहमंत्री अमित शाह भी शामिल हैं।

जब से भाजपा 2014 में सत्ता में आई है उसके बाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समय-समय पर एक राष्ट्र, एक चुनाव की बात करते रहे हैं। उन्होंने 2020 में कहा था कि यह 'बहस का विषय नहीं बल्कि भारत के लिए एक आवश्यकता है'। भाजपा नेता एक साथ चुनाव की आवश्यकता पर घिसे-पिटे तर्क दे रहे हैं कि- इससे बार-बार चुनावों के कारण होने वाले बहुत सारे खर्च बच जाएंगे; बार-बार चुनाव होने से आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है जिससे विकास कार्य बाधित होते हैं इत्यादि।

> **एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा।**

मोदी के सत्ता में आने के बाद लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने के मुद्दे पर तीन समितियां बनी हैं। 2015 में, कार्मिक, लोक शिकायत, कानून और न्याय पर संसदीय स्थायी समिति ने इस मामले पर एक रिपोर्ट प्रस्तुत की। 2017 में, नीति आयोग ने 'एक साथ चुनाव का विश्लेषण' पर अपने चर्चा पत्र में प्रस्तावों का एक सेट बनाया और अगस्त 2018 में, विधि आयोग ने एक साथ चुनावों पर अपनी मसौदा रिपोर्ट प्रकाशित की। उन सभी ने मौजूदा राज्य विधानसभाओं में से कुछ का कार्यकाल छोटा करने या कुछ का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा, ताकि उनका लोकसभा चुनावों के साथ तालमेल बिठाया जा सके।

कुछ लोगों ने पांच साल की अवधि में केवल दो बार चुनाव कराने का सुझाव दिया है – एक सेट लोकसभा और आधी राज्य विधानसभाओं के साथ और दूसरा मध्यावधि में बाकी विधानसभाओं के साथ। यदि राज्य विधानसभा चुनावों को लोकसभा चुनावों के अनुरूप लाने के लिए प्रस्तावित कदम अलोकतांत्रिक हैं और प्रतिनिधित्व और जवाबदेही के संवैधानिक आधार की जड़ पर हमला करते हैं, तो यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाये जायें कि एक साथ चुनावों से कोई विचलन न हो।

सिंक्रोनाइज़ेशन के अर्थात एक साथ चुनाव लागू करने के बाद की अवधि बदतर है। विधायिका या सरकार के कार्यकाल को कम करना या बढ़ाना, दोनों ही पार्टी-आधारित संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और विधायिका के प्रति कार्यपालिका की जवाबदेही के खिलाफ हैं। इसके अलावा, एक साथ चुनाव कराने और इसे बनाये रखने के लिए विधायिका के प्रति सरकार की जवाबदेही की संवैधानिक योजना में छेड़छाड़ की आवश्यकता होगी।

संविधान के तहत, यदि कोई सरकार अविश्वास प्रस्ताव पर वोट से बाहर हो जाती है, या धन विधेयक पर वोट हार जाती है, तो वह इस्तीफा देने के लिए बाध्य होती है और यदि कोई वैकल्पिक सरकार नहीं बन पाती है, तो सदन भंग कर दिया जाता है और मध्यावधि चुनाव आयोजित किया जाता है। संविधान में लोकसभा या राज्य विधानसभाओं के लिए कार्यकाल की कोई निश्चितता नहीं होगी। कार्यकाल की निश्चितता का मतलब यह होगा कि एक सत्तारूढ़ दल, जिसके पास सदन में स्थिर बहुमत है, वह सदन को भंग कर समय से पहले चुनाव कराने की सिफारिश नहीं कर सकता है। विधि आयोग की रिपोर्ट में यह भी प्रस्तावित है कि यदि लोकसभा में अविश्वास प्रस्ताव लाया जाता है, तो उसके साथ वैकल्पिक सरकार चलाने के लिए नये नेता के नाम का प्रस्ताव भी होना चाहिए। इसे 'रचनात्मक अविश्वास मत' कहा जाता है। इसका मतलब यह है कि भले ही किसी सरकार को सदन के बहुमत वोट से बाहर कर दिया जाये, उसके बदले कोई वैकल्पिक सरकार होनी चाहिए, जो वास्तव में विपक्ष ही होगा जो लोगों की पसंद का प्रतिनिधित्व नहीं करती है। कार्यकाल की निश्चितता के माध्यम से स्थिरता को प्रधानता दी जायेगी और चुनावी विकल्प अप्रासंगिक हो जायेगा। यह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में काम करेगा।

एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रस्ताव को लागू करने के निहितार्थ केंद्र में शक्तियों का केंद्रीकरण और एकाधिकार है, और संक्षेप में कहें तो यह संघवाद को नष्ट करना है। भारत के राष्ट्रपति यानी केंद्र सरकार को राज्य विधानसभाओं के कार्यकाल को कम करने या बढ़ाने का अधिकार राज्यों और उसके निर्वाचित विधायकों के अधिकार को पूरी तरह से कमजोर कर देगा। एक साथ चुनाव होने के बाद, राज्य विधानसभाओं के प्रति जवाबदेह सरकारों का सिद्धांत और लोगों को अपनी पसंद की सरकार बनाने का अधिकार प्रतिबंधित हो जायेगा।

हम देख रहे हैं कि विपक्ष शासित राज्यों में राज्यपाल राज्य सरकारों और राज्य विधानसभाओं के अधिकारों का उल्लंघन करते हुए कैसा व्यवहार कर रहे हैं। एक साथ चुनाव के नाम पर लाये गये बदलावों के साथ, केंद्रीकृत नियंत्रण का मतलब होगा कि राज्यपाल केंद्र के लिए वायसराय के रूप में कार्य करेंगे।

भारत में व्यापक रूप से भिन्न राजनीतिक और सामाजिक परिस्थितियों वाले 28 राज्य हैं (जम्मू और कश्मीर को छोड़कर, जिसे विघटित कर दिया गया है)। अलोकतांत्रिक एकरूपता लागू करने का प्रयास आरएसएस/भाजपा गठबंधन का आदर्श है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की अवधारणा उनके 'एक राष्ट्र, एक भाषा, एक संस्कृति' के नारे के समान है।

संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए एक बड़ा संवैधानिक बदलाव करना होगा। संविधान में अनुच्छेद 83 (सदन की अवधि), अनुच्छेद 85 (लोकसभा का विघटन), अनुच्छेद 172 (राज्य विधानमंडलों की अवधि), अनुच्छेद 174 (राज्य विधानमंडलों का विघटन), अनुच्छेद 356 (राज्यों में संवैधानिक मशीनरी का फेल हो जाना) में संशोधन करना होगा। इसके अतिरिक्त लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम और अन्य नियमों में संशोधन भी आवश्यक होगा।

यह स्पष्ट है कि रामनाथ कोविन्द के नेतृत्व वाली समिति चाहे जो भी सिफारिश करे, इन संवैधानिक और कानूनी कदमों के कार्यान्वयन में समय लगेगा और इन्हें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए समय पर लागू नहीं किया जा सकेगा। लेकिन संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इसकी प्रक्रिया शुरू करने जा रही है। 18 से 22 सितंबर तक बुलाये गये संसद के विशेष सत्र में इस संबंध में कुछ घोषणा हो सकती है। विपक्षी दलों को सतर्क रहना चाहिए और मोदी सरकार के अगले कदम के लिए तैयार रहना चाहिए। उन्हें तुरंत एक बड़े अभियान के साथ लोगों के पास जाना चाहिए और बताना चाहिए कि एक राष्ट्र एक चुनाव लोकतंत्र और संघवाद के लिए कितना खतरनाक है।

## पावन प्रसंग

# अपनी स्मरणशक्ति बढ़ाएं

याददाश्त बढ़ाने के अचूक नुस्खे की तलाश भी तो सभी को है, लेकिन विद्यार्थीगण इसकी कुछ ज्यादा जरूरत महसूस करते हैं। कैसे जल्दी से याद हो जाए? किस तरह याद किया हुआ फिर से न भूलें? ऐसे अनेक सवाल छात्र-छात्राओं के मन में उमड़ते-घुमड़ते रहते हैं। इनके जवाब के तलाश में वे कभी किन्हीं दवाओं का सहारा लेते हैं कभी कुछ करने बैठ जाते हैं। इन दिनों कई दवा कंपनियां भी विद्यार्थियों की इन परेशानियों का फायदा उठाने में लगी हैं। आकर्षक विज्ञापन, चमत्कारी वायदों के द्वारा छात्र-छात्राओं की इस जरूरत का व्यावसायिक फायदा उठाया जाता है। इतना जरूर है कि याददाश्त बढ़ाने का नुस्खा एक मृग-मरीचिका बना रहता है। इस बारे में एक बात हम सभी को अपनी गहराइयों में आत्मसात कर लेनी चाहिए कि सृष्टि में कहीं भी ऐसे चमत्कार नहीं होते। हर क्रिया, प्रत्येक घटना किसी न किसी नियम-व्यवस्था से ही परिभाषित एवं संचालित होती है, भले ही यह भौतिक नियमों के अंतर्गत हो या फिर आध्यात्मिक नियमों के अनुरूप। याददाश्त बढ़ाने के संबंध में भी ऐसा ही है। याद करने का भी एक विज्ञान है, इसकी भी कुछ तकनीकें हैं जो इसको जानते हैं, समझते हैं, वे आसानी से लाभान्वित होते हैं जो इनसे अपरिचित हैं, वे इधर-उधर भटकते रहते हैं और अनेक कोशिशों के बाद उन्हें सही समय पर मायूस होना पड़ता है। इसलिए बेहतर यही है कि उचित तकनीकों को याद करने की प्रणाली को ठीक तरह से जान लिया जाए और इसका सही सदुपयोग किया जाए। जिनके पास याददाश्त की गड़बड़ी का पिटारा है, उनकी ज्यादातर शिकायतें कुछ यों होती हैं- क्या करे याद ही नहीं होता है, याद तो किया था, पर भूल गए, न जाने क्यों अच्छी तरह से याद ही नहीं होता। याद तो रहा, पर आधा-अधूरा न जाने क्या हुआ सब कुछ याद किया कराया एकदम से भूल गए? ऐसी और इन जैसे अनेक कथनों की लंबी सूची उनके पास रहती है, जो इन परेशानी से पीड़ित हैं। स्थितियां इसके विपरीत भी देखने को मिलती हैं- एक ही बार में याद हो जाता है अथवा जितना भी पढ़ा गया सबका सब याद रहा। न जाने कितने गुजरे हुए जमाने की बात सबकी सब हूबहू याद है।

याद करने के संबंध में इन विरोधाभासी कथनों को समझने के लिए एक बड़ी मार्मिक घटना है। यह प्रसंग स्वामी विवेकानंद के जीवन का है। उन दिनों स्वामी विवेकानंद जी भारत देश में ही प्रव्रज्या कर रहे थे साथ में उनके एक गुरुभाई भी थे। स्वाध्याय, सत्संग एवं कठोर तप का अविराम सिलसिला चल रहा था। जहां कहीं कोई अच्छे ग्रंथ मिलते, वे उनको पढ़ना नहीं भूलते थे। किसी नई जगह जाने पर उनकी सबसे पहली तलाश किसी अच्छे पुस्तकालय की रहती। जिस किसी स्थान पर यह सुयोग मिलता, वे उसका लाभ जरूर उठाते। अपनी इस प्रव्रज्या में एक स्थान पर एक पुस्तकालय ने उन्हें बहुत आकर्षित किया। उन्होंने सोचा-क्यों न यहां थोड़े दिनों तक डेरा जमाया जाए। उनके गुरुभाई ने उन्हें पुस्तकालय से संस्कृत, अंग्रेजी की नई-नई किताबें लाकर देते थे। स्वामीजी उन्हें पढ़कर अगले दिन वापस कर देते। रोज नई किताबें, वह भी पर्याप्त पृष्ठों वाली, इस तरह से देते एवं वापस लेते हुए पुस्तकालय का अधीक्षक बड़ा हैरान हो गया। उसने स्वामी जी के गुरुभाई से कहा- क्या आप इतनी सारी नई-नई किताबें केवल देखने के लिए ले जाते हैं। यदि इन्हें इस तरह देखना ही है तो मैं यों ही दिखा देता हूं। इस पर गुरु भाई ने कहा- ऐसा नहीं है मेरे गुरुभाई हैं जो एक दिन में ही पढ़ लेते हैं। तब लाइब्रेरियन ने कहा- मैं उनसे मिलना चाहता हूं। अगले ही दिन गुरुभाई उन्हें मिलाने ले गए। विवेकानंद जी ने उन्हें आश्वस्त किया कहा-मैंने उन पुस्तकों को अच्छी तरह पढ़ा है तथा अक्षरशः ज्यों का त्यों उन्हें वापस की गई पुस्तक से कुछ अंशों सुना दिए। तब लाइब्रेरियन ने पूछा- यह कैसे संभव है? उन्होंने कहा- इसमें न कोई चमत्कार है न कोई रहस्य। यह तो मात्र एक मानवीय तकनीक भर है। इस तकनीक का पहला चरण है-जो कुछ पढ़ा जाए, या सुना जाए उसे शांत मन से स्थिर होकर सुना जाए। इंद्रियां तो मन को संदेश भेजने का द्वार भर हैं। असली चीज तो मन होता है। मन की धारणा शक्ति या मेधा जितनी होती हैं उतना ही मन पर अंकित हो जाता है। याद करना एवं वापस याद आना तो बस एक प्रक्रिया भर है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# भारत बनाम इंडिया : नाम में क्या रखा है?

महान नाटककार शेक्सपियर ने कहा है कि 'नाम में क्या रखा है?' अगर गुलाब को किसी अन्य नाम से पुकारें तो क्या वह खुशबु देना बंद कर देगा, नहीं न! ठीक ऐसे ही हम अपने देश को भारत कहें या फिर इंडिया, क्या फ़र्क पड़ता है? फर्क तो इस बात से पड़ेगा कि भारत की जीडीपी कितनी तेजी से बढ़ कर दुनिया के कितने देशों को पीछे छोड़ दिया या फिर भारत का एचडीआई रैंकिंग अब कितनी अच्छी है? या भारत से कितनी गरीबी दूर हो चुकी है? या भारत में महिलाएं अब कितनी सुरक्षित हैं? ये सरकारें भी न बड़ी अजीब होती है! जब उनके पास देश की समस्याओं पर लोगों द्वारा पूछे जाने वाले सवालों का जवाब नहीं होता तो फिर वे कुछ ऐसे ही निर्रथक मुद्दों को उठा कर लोगों की झोली में डाल देती है, जिसके बाद देश की जनता के विमर्श का मुद्दा देश की समस्या न हो कर नाम हो जाता है।

वर्तमान भारत में सबसे बड़ा विमर्श का विषय देश के नाम को लेकर है। इस पूरे बहस की शुरुआत राष्ट्रपति भवन से आए निमंत्रण पत्र से हुई, जिसमें प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा था, जिसके बाद से विपक्ष ने हाय-तौबा मचा दिया है। हालांकि यह विमर्श संविधान सभा के बहस में भी हुआ था। 18 सितंबर,1949 को डॉ. आंबेडकर ने जब संविधान के ड्राफ्ट को पेश किया, जिसके अनुच्छेद-1 में कहा गया कि इंडिया, जो कि भारत है राज्यों का एक संघ होगा। संविधान की इस पहली पंक्ति पर ही विवाद हो गया। संविधान सभा के सदस्य एचवी कामथ ने इसका खुल कर विरोध किया। उन्होंने सलाह भी दी थी कि भारत या फिर अंग्रेजी में लिखा जाए कि इंडिया राज्यों का एक संघ होगा। इस वाक्य के लिए उन्होंने आयरलैंड के संविधान का तर्क भी दिया था।

काफी बहस के बाद मतदान करवाना पड़ा और उसके बाद यह तय हुआ कि भारतीय संस्कृति, भारतीय भाषाओं में लिखित ऐतिहासिक साहित्य, धार्मिक ग्रंथों, लोगों की आस्थाओं, उनके जुड़ाव और भावनाओं का मान रखते हुए भारत शब्द को उसका सम्मान दिया जाएगा। इन सब पहलुओं पर विचार के बाद ही भारत के संविधान की शुरुआत में लिखा गया, इंडिया दैट इज 'भारत'। यानी कि भारत के संविधान के अनुसार हमारे देश का नाम भारत और इंडिया दोनों को ही समान नजर से देखा गया।

हमारे देश का नाम भारत रखे जाने का इतिहास प्राचीन काल और पौराणिक कथाओं से जुड़ता है।हिन्दू ग्रन्थ स्कन्द पुराण के अध्याय-37 के अनुसार भारत के नाम की कहानी तो सीधे ऋषभदेव के पुत्र भरत से जुड़ती है,जिसके नाम पर भारत नाम पड़ा है। वहीं दूसरी तरफ इंडिया नामकरण को सिंधु नदी से जोड़ा जाता है। सिंधु नदी का दूसरा नाम इंडस भी था जबकि सिंधु सभ्यता के चलते भारत की सिंधु घाटी की सभ्यता को एक और पुरानी सभ्यता युनान जो आज का ग्रीक है वे लोग इंडो या इंडस घाटी की सभ्यता कहा करते थे। ऐसे में इंडस शब्द लैटिन भाषा में पहुंचा तो यह इंडिया हो गया।

उपर्युक्त तथ्यों के आधार पर दोनों ही नाम भारत की संस्कृति से संबंधित है और इस बात पर बहस कि सांस्कृतिक विरासत के लिए भारत नाम ही उपयोगी है, यह बात कहना पूर्ण न्यायोचित नहीं है बल्कि राजनीति साधने के लिए देश के समस्याओं से ध्यान भटकाने के लिए यह नामकरण का मुद्दा उठाया गया है। इन सबके बावजूद अगर केंद्र सरकार इंडिया की जगह केवल 'भारत' को आधिकारिक नाम बनाने का निर्णय लेती है, तो उन्हें संविधान के अनुच्छेद 1 में संशोधन करने के लिए एक विधेयक पेश करना होगा। इसके लिए कानून संविधान के अनुच्छेद 368 को साधारण बहुमत संशोधन या विशेष बहुमत संशोधन के माध्यम से संशोधित करने की अनुमति देता है। लेकिन अनुच्छेद 1 में कोई भी बदलाव करने के लिए उस सदन में उपस्थित और मतदान करने वाले कम से कम दो-तिहाई सदस्यों के विशेष बहुमत (66 प्रतिशत) की आवश्यकता होगी,जिसके लिए सरकार को मशक्कत करनी पड़ सकती है।

**– नृपेन्द्र अभिषेक नृप**

उल्टा पुल्टा

**पहला कैदी** – तुम्हें पुलिस ने क्यों पकड़ा?

**दूसरा कैदी** – बैंक लूटने के बाद वहीं बैठकर पैसे गिनने लगा तो पुलिस ने पकड़ लिया।

**पहला कैदी** – वहीं पर पैसे गिनने की क्या जरूरत थी?

**दूसरा कैदी** – वहां पर लिखा था कि काउंटर छोड़ने से पहले पैसे गिन लें, बाद में बैंक जिम्मेदार नहीं होगा।

# शहर में जन्माष्टमी की धूम, जगह-जगह युवाओं की टोली ने फोड़ी मटकी







## गोड़पारा में 45 साल से गोविंदा की टोली फोड़ रही मटकी

**बिलासपुर**, 7 सितंबर (देशबन्धु)। शहर में आज जगह-जगह मटकी फोड़ का आयोजन किया जा रहा है। शहर की सबसे पुरानी टोली गोविंद दल गोडपारा के द्वारा 45 सालों से मटकी फोड का आयोजन किया जा रहा है। आज भी युवाओं की टोली मटकी फोड़ने निकली।

शरद गुप्ता ने बताया कि गोडपारा के युवाओं के द्वारा हर साल कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर एवं गोल बाजार में 50 से अधिक मटकी फोड का प्रदर्शन किया जाता है। आज गोंडपारा में मटकी फोड़ने वाली टोली को आकर्षक पुरस्कार भ भी दिया गया राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से भी गोड़पारा में आज युवाओं ने मटकी फोड़ का आयोजन किया। पूर्व पार्षद पुष्पा दुबे एवं अमित दुबे की पहल पर राजीव युवा मितान क्लब के युवाओं के द्वारा मटकी फोड़ का आयोजन किया जा रहा है। तथा मटकी फोड़ने वाले युवाओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जा रहे हैं। शहर में जगह-जगह आज मटकी फोड़ का आयोजन जा रहा है।

तिलक नगर मसानगंज, गोंड पारा, तालापारा, मगरपारा, तेलीपारा, टिकरापारा, दयालबंद, तोरवा, विकास नगर, सरकंडा कपिल नगर, अशोक नगर, चाटीडीह, चिगराजपारा एवं शहर के अधिकांश वार्डो में आज युवा गाजेबाजे के साथ मटकी फोड़ने निकले हैं। शहर के अलावा ग्रामीण इलाकों में भी जे की धुन पर युवा मटकी फोड़ का आनंद ले रहे हैं। आज शहर में मटकी फोड़ युवाओं की टोली एवं भीड़ के कारण जाम की स्थिति बार-बार बन रही थी। आज शाम 6 बजे से वेंकटेश मंदिर सदर बाजार में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया । रात 12 यहां श्री कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रहेगी। यहां पर आकर्षक झांकी बनाई गई है। दो दिनों तक शहर में मटकी फोड़ की धूम रहेगी। शहर में आज सदर बाजार के साथ ही कटिया पर में एवं सिंधी कॉलोनी कस्तूरबा चौक में मलखंब मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाएंगे। सिंधी कॉलोनी में पार्षद विजय यादव के द्वारा मलखंब मटकी फोड़ प्रतियोगिता की तैयारी की जा रही है। यहां देर रात तक प्रदर्शन किया जाएगा।

## करोना चौक में 40 साल से मलखंभ मटकी प्रतियोगिता

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर हर साल सदर बाजार करोना चौक में मलखभ मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है 40 सालों से यह आयोजन किया जा रहा है जिसमें शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के युवा खंबे में चढ़कर मटकी तक पहुंचाते हैं।

इस खंबे में ग्रीस भी लगा होता है और इस खंबे में ऊपर चढ़ने के लिए बार- बार फिसल कर नीचे भी आ जाते हैं अनेक युवा इसमें अपने जौहर का प्रदर्शन करते हुए करीबन 10 या 12 घंटे की मशक्कत के बाद मटकी तक पहुंच पाते हैं और जो युवा मटकी फोड़ता है, उसे समिति के द्वारा नगद एवं बहुत सारे आकर्षक पुरस्कार भी दिए जाते हैं रनिंग फील्ड में प्रदान किया जाता है। कोरोना चौक युवा समिति के द्वारा हर साल मलखभ मटकी फोड़ प्रतियोगिता के आयोजन में सैकड़ो की तादाद में युवा अपने जौहर का प्रदर्शन करते हैं।

## संपादकीय

### स्क्रब टाइफस से सावधानी ज़रूरी

*छत्तीसगढ़ में स्क्रब टाइफस नामक बीमारी का प्रसार होता दिख रहा है। इसके लिये जहां एक ओर पहाड़ी और वन क्षेत्रों में विशेष सावधानी की ज़रूरत है वहीं अस्पतालों में इसके इलाज की मुकम्मल व्यवस्था भी कर रखी जानी चाहिये। यह बीमारी एक कीड़े के काटने से होती है जो पहाड़ी और जंगली इलाकों में पाये जाते हैं। इसके कुछ मरीज़ों का पता चला है। रायपुर के कुछ अस्पतालों में इसके मरीज पहुंचे हैं। वैसे तो इसका इलाज ज्यादा खर्चीला नहीं है और इसके मरीज जल्दी ठीक भी हो जाते हैं लेकिन ज़रूरी है कि उसका पता तुरंत चले और प्रभावितों को तत्काल उपचार दिया जाये। अगर ऐसा नहीं होता तो उसके परिणाम घातक होते हैं क्योंकि इससे शरीर के कई अंगों को नुकसान पहुंचता है। रायपुर के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में पिछले करीब एक माह में लगभग 1 मरीज पहुंचे हैं जो स्क्रब टाइफस से पीड़ित हैं। इनमें कुछ बच्चे भी हैं। जंगलों व पहाड़ी इलाकों में एक कीड़े के काटने से उसकी लार से यह बीमारी फैलती है। कीड़े की लार ख़ून में मिल जाती है। अगर इलाज में देर की गई तो फेफड़े, दिल, लीवर के साथ दिमाग भी प्रभावित होता है। अगर वक्त पर इसकी पहचान हो जाये तथा तुरन्त इलाज करने से मरीजों को भर्ती करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। ओपीडी में ही इलाज सम्भव है। यदि इलाज न कराया जाये तो मौत सम्भव है। हालांकि इसकी मृत्यु दर 2 फीसदी तक हो सकती है। चूंकि ये कीड़े विशिष्ट इलाकों में पाये जाते हैं जो काफी दुर्गम होते हैं इसलिये लोगों को चाहिये कि शक होने पर तुरन्त अस्पतालों का रुख करें वरना देर हो सकती है। जिन इलाकों से इस बीमारी के सम्भावित मरीज आते हैं वे दुर्गम तो हैं ही, उसके साथ ही वहां साक्षरता दर कम है। स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच भी वैसी नहीं है जैसी शहरों या विकसित इलाकों में है। इसके लिये ग्राम पंचायतों के स्तर पर जागरूकता फैलाने की सख्त ज़रूरत है। पंच-सरपंचों, मितानिनों, कोटवारों, ग्राम सचिवों आदि के जरिये इसके प्रति जनता को सतर्क किया जा सकता है। ग्रामवासियों को इस कीड़े की पहचान कराकर बीमारी के लक्षण भी बतलाये जाने चाहिये ताकि उस कीड़े के काटने पर ग्रामवासी चिकित्सकों की तत्काल मदद लें। त्वचा पर काले धब्बे दिखने पर डॉक्टरों से मिलना चाहिये। कांकेर, जगदलपुर, धमतरी आदि क्षेत्रों में इससे प्रभावित मरीज मिल रहे हैं जिनमें से कुछ लोग इलाज पाने के लिये रायपुर तक आये हैं। जो भी हो, विकासखंडों के चिकित्सा केन्द्रों में भी सम्बन्धित बीमारी के इलाज में आवश्यक दवाएं उपलब्ध रहनी चाहिये। असली बात है लोगों को जागरूक करना और इस बीमारी के लक्षणों की जानकारी देकर सभी आवश्यक उपचार उनके लिये मुहैया कराना।*

## सार-संक्षेप



### शहर की तीन बेटियां साउथ एशियन गेम्स लाठी स्पोर्ट्स में भाग लेने चेन्नई रवाना

**बिलासपुर**, 7 सितंबर (देशबन्धु)। 8 से 10 सितंबर को पांडिचेरी चेन्नई में आयोजित प्रथम साउथ एशियन लाठी स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2023 में हिस्सा लेने के लिए लाठी स्पोर्ट्स ऑर्गेनाइजेशन छत्तीसगढ़ की टीम आज रात 9 बजे बिलासपुर से चेन्नई के लिए रवाना होगी। इस प्रतियोगिता में 18 प्रतिभागियों का चयन अप्रैल माह में भोपाल में आयोजित नेशनल चैंपियनशिप 2023 द्वारा किया गया था। जिसमें बिलासपुर शहर की तीन छात्राएं शिवानी बुधुलिया वर्ग 48 किलोग्राम के लिए अंजलि सेन 40 किलोग्राम के लिए एवं दिव्या साहू वर्ग 50 किलोग्राम के लिए खेलेगी। यह तीनों ही शासकीय हाई स्कूल लिंगियाडीह स्कूल की छात्राएं हैं। सभी खिलाड़ी लाठी स्पोर्ट्स के जिला सचिव एवं कोच ठाकुर कर्ण सिंह के मार्गदर्शन एवम प्रशिक्षण प्राप्त कर खेलने जा रही है। इस अवसर पर योग आयोग सदस्य छत्तीसगढ़ शासन रविन्द्र सिंह जी ने प्रतिभागियों को ट्रैक शूट प्रदान कर आशीर्वाद एवम शुभकामनाएं दी है।

### भगवान श्रीकृष्ण की दी हुई शिक्षा को आत्मसात करने की जरूरत - डॉ. उज्वला



**बिलासपुर**, 7 सितंबर ( देशबन्धु) । सरकंडा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव उज्वला कराडे अतिथि के रूप में शामिल हुई । इस दौरान उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की खुशहाली एवं समृद्धि की कामना की। इस शुभअवसर पर उज्वला ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का हमारे सनातन संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। इस पवित्र परंपरा के अनुरूप देश और दुनिया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता के माध्यम से जो महत्वपूर्ण शिक्षा दी है, उसे हम सबको आत्मसात करने की जरूरत है। उन्होंने जिन बातों का उपदेश दिया, उन्हें स्वयं भी जीया। वे सही मायने में हमें जीवन जीने की कला सिखाते हैं उन्होंने आगे ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सबसे बड़ी शिक्षा भी दी थी कि अधर्म और अन्याय के खिलाफ युद्ध करना ही धर्म है। प्रकृति को सहेजने के लिए कृष्ण कुंज योजना की सुरुवात किया गया है। भगवान श्रीकृष्ण को हम हमेशा प्रकृति के बीच पाते हैं। ऐसे में आज उनके जन्मोत्सव के अवसर पर हमारी सरकार ने प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, पर्यावरणीय महत्व के वृक्षों को सहेजने के लिए और उनसे निकटता बनाए रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कृष्ण कुंज योजना की शुरूआत की है।

# क्रिकेट में ऑनलाइन सट्टा खिलाते सटोरिया गिरफ्तार

## एक करोड़ से अधिक की सट्टा पट्टी जब्त

**बिलासपुर**, 7 सितंबर (देशबन्धु)। सरकंडा पुलिस और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने सट्टा को लेकर बड़ी कार्रवाई की है। राजकिशोर नगर के एक मकान से एक सटोरिया को गिरफ्तार किया है। उससे एक करोड़ रुपए से अधिक की सट्टा पट्टी जब्त किया है। आरोपी मकान किराए पर लेकर क्रिकेट में सट्टा लगवा रहा था नगर पुलिस अधीक्षक (सिटी कोतवाली) पूजा कुमार के निर्देशन में सरकंडा थाना और एसीसीयू की एक संयुक्त टीम बड़ी कार्रवाई की है। टीम को मुखबीर से सूचना मिली की राजकिशोर नगर में एक व्यक्ति किराए का मकान लेकर ऑनलाइन सट्टा खिला रहा है। क्रिकेट के हर मैच में करोड़ों का सट्टा लगाया जा रहा है। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों का अवगत कराया गया तो अधिकारियों ने तत्काल उस व्यक्ति को पड़कर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अधिकारियों का निर्देश मिलते ही थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में संयुक्त टीम मुखबीर के बताए स्थान पर छापामार कार्रवाई की, मकान में एक व्यक्ति मिला जिसने अपना नाम सागर चेतवानी पुराना सरकंडा शिवघाट निवासी बताया। मकान की तलाश करने पर आरोपी के कब्जे से एक लैपटॉप, 16 नग मोबाइल, नगदी 2450 रुपए तथा एक रजिस्टर मिला। रजिस्टर में लाखों रुपए के लेनदेन का हिसाब लिखा हुआ है।



आरोपी से पूछताछ करने पर बताया कि आज पाकिस्तान और बांग्लादेश के मैच में क्रिकेट का सट्टा लगा रहा है। आरोपी के कब्जे से एक लैपटॉप, 16 नग मोबाइल, नगदी 2450 रुपए, एक रजिस्टर जिसमे 01 करोड़ से ज्यादा के सट्टा लेन देन के हिसाब है सहित कीमत करीबन 1 लाख को जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# 12 बाइक के साथ आधा दर्जन चोर गिरफ्तार

## शहर में चोरी की वारदात को देते थे अंजाम

## तोरवा पुलिस की कार्रवाई

**बिलासपुर**, 7 सितंबर (देशबन्धु)। निजात अभियान में उलझी पुलिस नए आईजी के आते ही दुसरे अपराधों में संलिप्त अपराधियों की धर पकड़ शुरू कर दी है। तोरवा पुलिस ने 12 दोपहिया वाहन के साथ 6 चोरों को गिरफ्तार किया है।




बिलासपुर शहर में बाइक चोरी की लगातार घटना घट रही थी। लेकिन पुलिस की पूरी टीम निजात अभियान में व्यस्त होने के कारण चोरी, सट्टा, जुआ समेंत अन्य अपराधों की ओर पुलिस ध्यान नहीं दे पा रही थी। जिले में ऐसे अपराधों की संख्या लगातार बढ़ रही थी। जैसे ही आईजी के रूप में अजय यादव के पोस्टिंग की सूची निकली थानेदारों के हाथ पांव फूलने लगे थे। उनके आते ही थानेदार रिजल्ट दिखाने के लिए दीगर अपराधों के अपराधियों की खोजबीन शुरू हुई। इसी का नतीजा रहा कि सरकंडा थाना क्षेत्र में करोड़ों का सट्टा और अब तोरवा थान क्षेत्र में बाइक चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस को 14 बाइक बरामद करने और एक नाबालिक समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस को जानकारी मिली थी कि शंकर नगर ओवरब्रिज के नीचे एक नाबालिक के पास मोटरसाइकिल देखी गई है। इस सूचना पर तोरवा पुलिस ने उस नाबालिक को अपने गिरफ्त में लिया और उसके बाद उससे पूछताछ की गई। इसी पूछताछ में नाबालिग आरोपी जल्दी टूट गया और दोपहिया वाहन चोरी करना कबूल किया। पूछताछ के आधार पर पुलिस ने कुल 14 दोपहिया वाहन बरामद करने के साथ ही एक नाबालिग सहित 6 आरोपियों को अपनी गिरफ्त में लिया है। पुलिस ने इस मामले में जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनमें राहुल ठाकुर पिता अजय ठाकुर, मोहम्मद सलीम पिता मोहम्मद अजीम, निखिल यादव पिता गणेश यादव, निसार अली पिता स्वर्गीय युसूफ अली और मुकुल यादव और एक नाबालिक शामिल है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, सउनि भरतलाल राठौर, प्र. आर. साहेब अली, किशन लाल नवरंग, आरक्षक कमलेश्वर शर्मा, सुनील सिंह, अनूप किण्डो, लक्ष्मी कश्यप, म.आर. इफरानी का सराहनीय योगदान रहा।

# रेलवे कालोनियों में मच्छर जनित रोगों से बचाव के लिए चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**बिलासपुर**, 7 सितंबर(देशबन्धु)। आज मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य जागरूकता हेतु बहुद्देशीय स्वास्थ्य शिविर के साथ ही साथ विभिन्न जागरूकता अभियान नियमित रूप से चलाये जा रहे हैं । डेंगू एक मच्छर जनित रोग है जो एडीज एजिप्टी मादा नामक मच्छर के काटने से होता है। डेंगू से बचाव के लिए जागरूकता व स्वच्छता आवश्यक है । डेंगू बीमारी से जागरूक रहकर अपना बचाव किया जा सकता है । इसी कड़ी में मंडल के सभी रेलवे कालोनियों में मच्छर जनित रोगों से बचाव एवं जागरूक करने हेतु व्यापक जागरूकता अभियान चलाई जा रही है । इसका मुख्य उद्देश्य डेंगू के विषय में लोगों को बताना और इसके प्रति जागरूक करना है। इसके लिए सबसे जरूरी है मच्छरों की रोकथाम करना । मच्छरों के पनपने का अनुकूल समय बारिश का समय होता है । इसी को ध्यान में रखते हुये मंडल चिकित्सा विभाग द्वारा सभी रेलवे कालोनियों में फागिंग तथा नियमित रूप से मच्छर भगाने के स्प्रे आदि का छिड़काव किया जा रहा है । इसके साथ ही साथ कालोनी वासियों को डेंगू से बचाव, रोकथाम व उपचार से संबन्धित पैम्पलेट बांटकर इस बीमारी से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है । इस अभियान के दौरान मच्छरों की रोकथाम के लिए घर के आसपास पानी जमा नहीं होने देने, सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने, फुल बांह का कपड़ा पहनने, घर के सभी कमरों की बेहतर सफ़ाई रखने जैसे बचाव के तरीकों को अपनाने की सलाह दी जा रही है । इसके अलावा बीमारी के लक्षण से अवगत कराते हुये लक्षण दिखने पर फौरन जांच कराने व डॉक्टरों से सलाह लेने के प्रति जागरूक किया जा रहा है।



# प्लेटफॉर्म में 10 किलो गांजे के साथ युवक पकड़ाया

**बिलासपुर**, 7 सितंबर (देशबन्धु)। रेलवे के रास्ते अवैध रूप से गांजा लाने का कारोबार जोर शोर से चल रहा है। आए दिन उड़ीसा राज्य से दीगर राज्यों के लिए अवैध गांजा सप्लाई का काम जारी है। रेलवे के रास्ते गांजा सप्लाई का तरीका आम हो चुका है। रेलवे का सूचना तंत्र इतना कमजोर है कि जिन स्थानों से गांजा लेकर रेलवे में लाया जाता हैं। वहा चेकिंग के दौरान रेलवे की खामियां नजर आ रही है। मुखबिर की सूचना पर बिलासपुर रेलवे जीआरपी एंटी क्राइम टीम के द्वारा गांजा सप्लाई करने वाले आरोपी को पकड़ लिया गया। आगामी चुनाव को मद्देनज़र रखते हुए पुलिस मुख्यालय द्वारा आदेश पारित कर अवैध शराब गाँजा तस्करी के विरुद्ध अंकुश लगाने के निर्देश प्राप्त होने पर जीआरपी एंटी क्राइम टीम बिलासपुर द्वारा बिलासपुर रेलवे स्टेशन चेकिंग के दौरान प्लेटफ़ार्म न. 03 में रायपुर छोर पर बैठे एक व्यक्ति से पूछताछ करने पर अपना नाम संतोष मेहेर उर्फ बबलू पिता- लख्मीकांत उम्र 27 वर्ष पता-गाँधी नगर पड़ा थाना जूना गड़ जिला कालाहांडी उड़ीसा निवासी होना बताया जिसके पास तलाशी के दौरान एक बैग में 10 किलो 400 ग्राम मादक पदार्थ गाँजा जूनागढ़ (उड़ीसा) से बिलासपुर खापाने अवैध रूप से परिवहन कर रहा था जिसकी क़ीमत लगभग 104000/-रु आकी गई हैं। जी.आर.पी. थाना बिलासपुर के धारा 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया।



## सार-संक्षेप

### तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 9 मवेशियों को रौंदा



कोरबा, 07 सितंबर (देशबन्धु)। तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मवेशियों को रौंद दिया। करीब 9 मवेशियों की दर्दनाक मौत से ग्रामीण उद्वेलित हुए हैं। ग्रामीणों ने मवेशियों की लाश देखी तो वे आग बबूला हो गए। घटनास्थल से मवेशियों के शवों को उठाकर सडक़ के किनारे किया गया। उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कनकी-तरदा मुख्य मार्ग में देर रात अज्ञात तेज रफ्तार भारी वाहन ने मवेशियों को रौंद दिया। घटना से मवेशी मालिकों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने गांव में बैठक बुलाकर तेज रफ्तार भारी वाहनों पर लगाम लगाने और चक्का जाम करने का निर्णय लिया है। मामले में उरगा थाना में ज्ञापन सौंपा जाएगा।

### शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का हुआ सम्मान



**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। अग्रसेन कन्या महाविद्यालय का स्थापना दिवस व शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान समारोह व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री व विशिष्ट अतिथि श्री अग्रसेन शिक्षण समिति महाविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष छेदी लाल अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल सभा के अध्यक्ष श्रीकांत बुधिया ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना व पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तैल्य चित्र पर दीपप्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ। राजस्व मंत्री ने कहा कि हर व्यक्ति शिक्षकों से प्रभावित रहता है। स्कूल से कालेज तक की डिग्रिया हासिल करने तक शिक्षकों से शिक्षा ली जाती है। शिक्षकों का सम्मान करना हमारा दायित्व है। श्रीकांत बुधिया ने कहा कि शिक्षक दिवस पर में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शुभकामनाऐं देता हूं। वे स्कूल एवं महाविद्यालय के रीढ़ हैं। शिक्षण समिति अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल ने महाविद्यालय में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कारों की घोषणा की। अतिथियों ने अग्रसेन पब्लिक स्कूल, अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं का शाल व श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। महाविद्यालय के छात्राओं द्वारा नृत्य व मंचीय नाटक का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष महावीर प्रसाद अग्रवाल, अग्रवाल सभा के सचिव शिव अग्रवाल, उपाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल कोशाध्यक्ष जितेन्द्र अग्रवाल, रामस्वरूप अग्रवाल, श्याम लाल अग्रवाल, भगवान दास अग्रवाल, रामसेवक अग्रवाल, बद्री प्रसाद मोदी, राज अग्रवाल, श्रीमती आभा अग्रवाल, श्रीमती उमा बसंल, श्रीमती भगवती अग्रवाल व अग्रबंधु गण व भारी संख्या में विद्यालय महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्राएं उपस्थित थी।

### पशु चिकित्सा और संवर्धन का कार्य हुआ आसान



**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। छग शासन के महत्वाकांक्षी योजना के तहत शासन द्वारा सभी गौठानों में पशु चिकित्सकीय सुविधाएँ मुहैया कराने के उद्देश्य पशु एम्बुलेंस मोबाइल वेटरनरी यूनिट की सेवाएँ राज्य में प्रारंभ की गयी हैं, जिसका विधिवत शुभारम्भ 20 अगस्त को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया। इसी कड़ी में आज जिला कोरबा हेतु सभी 5 विकासखंडों के लिए मोबाइल वेटरिनरी वाहन प्राप्त हुए, जिसको राजस्व, आपदा प्रबंधन मंत्री के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में महापौर नगर पालिक निगम राजकिशोर प्रसाद, श्रीमती सपना चौहान, बीएन सिंह उपस्थित थे। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पशुओं की सेवा का कार्य बहुत ही पुण्य का काम है। राज्य शासन द्वारा एम्बुलेंस की सेवा प्रारंभ किए जाने से बीमार और घायल पशुओं को आपात स्थिति में उपचार की सुविधाएं आसानी से उपलब्ध होंगी। यह जिले के सभी ब्लॉक में अपनी सेवाएं देगी। उपसंचालक पशुधन विभाग एस पी सिंह ने बताया कि उक्त एम्बुलेंस के माध्यम से सभी विकासखंडो के गौठानो में निर्धारित रोस्टर अनुसार शिविर लगाकर पशु चिकित्सा एवं संवर्धन कार्य किया जायेगा। एक मोबाइल यूनिट प्रति दिन 02 गौठान मेंअपनी सेवा देगी। पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, पशु बधियाकरण की सेवाएं भी दी जाएगी। आपात स्थिति में टोल फ्री नम्बर 1962 में कॉल किया जा सकता है।

### नगरीय प्रशासन विभाग की मासिक बैठक में शामिल होंगे सारंगढ के अधिकारी

**सारंगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। बिलासपुर संभाग के जांजगीर चांपा, सक्ती, सारंगढ़ बिलाईगढ़ एवं रायगढ़ जिले के 26 नगरीय निकायों के समस्त मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद एवं नगर पंचायत को 8 सितंबर शुक्रवार के दोपहर 12 से 3 बजे तक बैठक में शामिल होने के लिए कार्यालय संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग बिलासपुर संभाग द्वारा आहुत की गई है। इस बैठक में नगरीय निकाय में प्रचलित विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के दृष्टिगत मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। 31 अगस्त 2023 की स्थिति में एजेंडावार जानकारी दो प्रतियों और उप अभियंता के साथ बैठक में शामिल होने के लिए निर्देशित किया गया है जिसके लिए नगरपालिका सारंगढ के सीएमओ राजीव पाण्डेय व उपअभियंता कंवर भी बैठक में शामिल हो रहे हैं.

# सीजीपीएससी परीक्षा में कोरबा के युवाओं ने भी बनाया स्थान

## सुमित डीएसपी, गरिमा सहकारी निरीक्षक, दीप्ती नायब तहसीलदार

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग-2022 की परीक्षा के परिणाम बुधवार देर रात जारी किए गए। परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ ही उन अभ्यर्थियों और उनके परिजनों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी जिन्होंने सफलता हासिल कर कोई न कोई पद प्राप्त किया है। सफल परीक्षार्थियों में कोरबा जिले के ही युवा व युवती शामिल हैं जिनकी मेहनत रंग लाई।

जिले के पश्चिमांचल एचटीपीएस कालोनी निवासी लखनलाल चंद्रा के पुत्र सुमित चंद्रा दूसरी बार भी पीएससी की परीक्षा में सफल हुए हैं। इस बार उन्होंने डीएसपी पद पर चयन होने में सफलता पाई है। इससे पहले वर्ष 2021 में भी सुमित ने पीएससी परीक्षा उत्तीर्ण की थी लेकिन जेल अधीक्षक के लिए चयन होने पर उन्होंने और अधिक मेहनत करने की ठानी और अंततः डीएसपी के



पद पर चयन हुए हैं। इसी कड़ी में बालकोनगर निवासी उत्तम शर्मा की पुत्री गरिमा शर्मा ने सफलता अर्जित कर 108वां स्थान प्राप्त किया है। गरिमा का चयन सहकारी निरीक्षक के लिए हुआ है। इसी तरह ग्राम



सलिहाभाठा विकासखंड करतला के निवासी स्व. गजानंद जायसवाल-श्रीमती शांति देवी जायसवाल की पुत्री दीप्ति जायसवाल का चयन नायब तहसीलदार के लिए हुआ है। दीप्ति का चयन पीएससी की परीक्षा में उत्तीर्ण होने उपरांत नायब तहसीलदार के लिए होने पर परिजनों सहित शुभचिंतकों व ग्रामवासियों ने बधाई दी है। अन्य सफल परीक्षार्थियों को भी सफलता पर बधाईयों का सिलसिला चल पड़ा है। सभी सफल परीक्षार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय खुद की मेहनत के साथ-साथ माता-पिता एवं गुरूजनों के मार्गदर्शन को दिया है।

# चाकूबाजी घटना में शामिल आरोपी गिरफ्तार

## अन्य आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। चाकूबाजी कर गंभीर हालत में पहुंचाने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी तेज कर दी गई है। एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि उसके सहयोगी फरार है।




जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना अंतर्गत तुलसीनगर निवासी आबिद खान पिता करीम खान 22 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 5 सितंबर की रात्रि करीबन 08.30 बजे वह अपने दोस्त फिरोज मलिक के साथ वेगेनार कार में घूमने के लिये तुलसीनगर से जोड़ा पुल राताखार तरफ से कोरबा जा रहे थे। तुलसी नगर जोड़ा पुल शम्मा कबाड़ी के दुकान के पास कार का पेट्रोल खत्म हो जाने से कार सडक़ में खड़ी हो गई। दूसरी तरफ मार्ग में ट्रेलर ट्रक वाहनों का जाम लगा हुआ था उसी समय स्कार्पियो वाहन में सवार अफरोज अंसारी एवं फिरोज अंसारी लोग आये तथा गाली गलौच करके हाथ मुक्का तथा राड से मारपीट करने लगे। इसी बीच अपने साथी रिंकू उर्फ जाबिद को भी फोन करके बुला लिये तथा वह भी अपने साथ लाये राड से मारपीट किया। अफरोज अंसारी के द्वारा फिरोज मलिक को चाकू से जान से मारने की नियत से पेट में मारा जिससे फिरोज मलिक को गंभीर चोट लगा है। बीच बचाव करने आये शाहिल यादव को भी अफरोज अंसारी के द्वारा चाकू से हमला किया है जिससे शाहिल यादव को भी चोट लगा है। रिपोर्ट पर थाना कोतवाली धारा-294,307,34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक आरोपी जाबिद अंसारी उर्फ रिंकू को उसके घर में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। कार्यवाही में नगर निरीक्षक रूपक शर्मा के नेतृत्व में एएसआई टंकेश्वर यादव, आरक्षक चंद्रकांत गुप्ता, सुनील राजपूत की भूमिका रही।

## प्रदेश कांग्रेस सचिव गिरफ्तार

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विकास सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय द्वारा उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश जारी किया। इसके साथ ही विकास सिंह को जेल दाखिल कराने की कार्यवाही पुलिस द्वारा की गई।

जानकारी के अनुसार विकास सिंह के विरुद्ध दीपका थाना में अपराध क्रमांक 75/ 2020 पर धारा 354 क(1)(2),354 घ, 506, 509 भादवि तथा एससी-एसटी एक्ट की धारा 3,2,5 क, के तहत अपराध दर्ज है। विकास सिंह के द्वारा विशेष न्यायालय(एक्ट्रोसिटी),कोरबा में अग्रिम जमानत हेतु आवेदन अपने अधिवक्ता के जरिये प्रस्तुत किया गया था जो दो दिन पहले विशेष न्यायाधीश(एक्ट्रोसिटी) डीएल कटकवार के द्वारा निरस्त कर दिया गया।

# ऊर्जाधानी में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी



**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव जन्माष्टमी ऊर्जाधानी में भी धूमधाम से मनाया गया। नगर सहित उप नगरीय क्षेत्रों व ग्रामीण इलाकों में जन्माष्टमी के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों और युवाओं की टोलियों के द्वारा जगह-जगह मटकी फोड़ का आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिरों में भजन-कीर्तन का सिलसिला शुरू हुआ। जन्मोत्सव पर आधारित कथा भी अनेक मंदिरों में आयोजित की गई। रात 12 बजते ही भगवान ने जन्म लिया जिन्हें पालना में झुलाकर उत्सव की खुशियां बांटी गई। हाथी-घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से क्षेत्र गूंज उठे।

इसी कड़ी में राम मंदिर बालको में बालको सेवा समाज, राम मंदिर समिति द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष व बालको सेवा समाज के अध्यक्ष हितानंद अग्रवाल ने पत्नी बरखा अग्रवाल के साथ पूजा-अर्चना की। श्री अग्रवाल ने कहा कि जन्माष्टमी पर्व भगवान श्री कृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाया जाता है, जो रक्षाबंधन के बाद भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मनाया जाता है। इस अवसर पर बालको सेवा समाज के सचिव सुधीर शर्मा, कोषाध्यक्ष अशोक पटेल, लघ्नेश, अंजनी, पोपेंद्र, रविन्द्र, नरेश तिवारी, बबिता चंदेल, चंद्रा एवं समिति के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम सम्पन्न कराया। पूजा विनय मिश्रा महाराज ने सम्पन्न कराया।

## ग्रामीणों ने आबकारी विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। आबकारी विभाग की कार्यशैली से नाराज जनपद सदस्य व ग्रामीणों ने ग्राम बरबसपुर-तुमान के पास चक्काजाम कर दिया जिससे कटघोरा से पेंड्रा रोड बाधित हुआ और वाहनों की लगीं कतारें लगी रही। इस दौरान मौके पर पहुंचे अधिकारियों के द्वारा बातचीत की गई और 15 दिन का समय कार्यवाही के लिए दिया गया है। बता दें कि आबकारी विभाग की टीम ने कुछ दिनों पूर्व पोड़ी-उपरोड़ा जनपद सदस्य रविन्द्र कुमार के साथ बदसलूकी व गाली गलौज की थी।

## सडक़ किनारे मिला भालू का शव



**कोरबा,**` 7 सितंबर (देशबन्धु)। कोरबा जिले अंतर्गत वनमंडल के लेमरु वन परिक्षेत्र में देवपहरी और लेमरु जंगल के बीच सडक़ किनारे एक भालू का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जांच शुरु कर दी है। भालू की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है इस बात का पता नहीं चल सका है।

## कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल ने मनाया जन्माष्टमी

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। श्री कपिलेश्वर नाथ महिला मंडल सेवा समिति पंडित रविशंकर शुक्ल नगर के तत्वाधान में श्री कृष्ण जन्मोत्सव और मटकी फोड़ प्रतियोगिता की कार्यक्रम कपिलेश्वर नाथ मंदिर में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर बच्चों ने एक से बढक़र एक प्रस्तुति दी। फैंसी ड्रेस एवं नृत्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता में लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महिलाओं के लिए मटकी फोड़ एवं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रखी गई थी। मटकी फोड़ एवं दही हांडी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को नगद पुरस्कार दिया गया। रात 9 बजे से श्री कृष्ण जन्मोत्सव शुरू हुआ। यज्ञाचार्य नागेंद्र पंडित ने पूजन संपन्न कराया। रात 12 बजे श्री कृष्ण जन्म उत्सव, 56 भोग, झूला बधाई, महाआरती, शंख ध्वनि के साथ जन्मोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व महापौर लखनलाल देवांगन ने महिला मंडल के कार्यों की प्रशंसा की तथा प्रतियोगिता में भाग लिए हुए सभी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।



# कोरबा पूर्व से अधिकारी-कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी मर्यादित कोरबा पूर्व ताप विद्युत गृह से माह अगस्त 2023 में अधिकारी शैलेन्द्र कुमार शर्मा मुख्य अभियंता (उत्पादन) कोरबा पूर्व एवं कर्मचारी अमोल सिंह राठौर सेवानिवृत्त हुये। कोरबा पूर्व प्रशिक्षण संस्थान सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में हेमन्त सचदेवा मुख्य अभियंता (उत्पादन), डीएसपीएम कोरबा पूर्व एवं संजय शर्मा मुख्य अभियंता (उत्पादन), हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम उपस्थित थे।




सेवानिवृत्त अधिकारी एवं कर्मचारी को कंपनी की ओर से प्रदान की जाने वाली दीर्घसेवा सम्मान प्रमाण-पत्र ,परिचय पत्र, कलाई घड़ी, एवं मिष्ठान प्रदान कर सम्मान किया गया। शैलेन्द्र कुमार शमा ने कहा कि मुख्य अभियंता (उत्पादन) एवं प्रशिक्षण संस्थान में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशैली बहुत ही प्रशंसनीय रहा है, इसके लिए सभी धन्यवाद के पात्र है। कार्यक्रम में डीएसपीएम कोरबा पूर्व/केटीपीएस से श्रीमती राजेश्वरी रावत, श्रीमती अंजना कुजूर, आशीष श्रीवास्तव, भुवनेश्वर पाटले समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता सहित एएस मरावी, जीपीभगत, पीपी कुजूर, अतुल कुमार तिर्की, आरपी टंडन, बी.टोप्पो अधीक्षण अभियंतागण एवं कार्यपालन अभियंता सीएस रघुराम, पन्ना लाल साहू, नवीन मानिक, वरिष्ठ मुख्य रसानज्ञ गोवर्धन सिदार, केडी दीवान सहायक अभियंता आलोक शर्मा, सुधीर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहें। आभार प्रदर्शन अतुल कुमार तिर्की अधीक्षण अभियंता (प्रशिक्षण) ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेश सोनी वरिष्ठ मानचित्रकार ने किया। कार्यक्रम में सुधीर कुमार श्रीवास्तव सहायक अभियंता, कन्हैया नीरज एवं मोहन का सराहनीय रहा।

## अंडर-16 व अंडर-19 क्रिकेट खिलाडिय़ों का चयन 9 व 10 को

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देश पर कोरबा जिला क्रिकेट संघ द्वारा 9 सितंबर को अंडर-16 क्रिकेट खिलाडिय़ों का चयन सेंट्रल स्टेडियम एसईसीएल कोरबा के मैदान में सुबह 10 बजे से किया जाएगा। इसमें भाग लेने वाले खिलाडिय़ों की कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2008 से 31 अगस्त 2010 तक होगी। चयनकर्ता अनिल प्रजापति, पर्यवेक्षक जीत सिंह होंगे। 10 सितंबर को अंडर-19 के क्रिकेट खिलाडिय़ों की चयन प्रतियोगिता एसईसीएल गेवरा स्टेडियम में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगी। इस दौरान चयनकर्ता एमडी वासिम एवं पर्यवेक्षक जीत सिंह होंगे।

# वीडियो बनाने वाले ग्रामीण ने कहा-विधायक इलाज में मदद के लिए दे रहे थे पैसा

## विधायक के खिलाफ़ दुष्प्रचार के मंसूबों पर पानी फिरा

**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। पाली-तानाखार विधायक मोहित केरकेट्टा की छवि खराब करने की साजिश करने वालों के मनसूबों पर एक बार फिर पानी फिर गया। दरअसल विधायक की एक वीडियो वायरल करके काम के ऐवज में पैसों के लेन-देन होना बताकर बदनाम किया जा रहा था जबकि उस वीडियो में ऐसे किसी भी बात की पुष्टि नहीं हो रही है।



इधर वीडियो वायरल करने वाले लैंगा के दिगम्बर सिंह ने अब अपना पक्ष रखते हुए बताया कि विधायक बीमारी के इलाज के लिए पैसे दे रहे थे। विधायक हर साल राखी में क्षेत्र की आदिवासी महिलाओं से राखी बंधवाने आने हैं, इस बार नहीं आने पर वे महिलाओं से बात कर रहे थे। जिस तरह से वीडियो को दुष्प्रचार का जरिया बनाकर वायरल किया जा रहा है। ऐसा कुछ नहीं है। इसी तरह स्थानीय महिलाओ ने बताया की विधायक इतने मिलनसार हैं की लोगों को देखकर उनसे मिलने खुद आ जाते है, लोगों की समस्या सुन कर तत्काल मदद भी करते हैं लेकिन कभी भी विधायक इसकी वाहवाही नहीं लूटते, उनके इसी मिलनसार व्यक्तित्व की वजह से वे आज ग्रामीणों के चहेते बन गए हैं। विधायक केरकेट्टा द्वारा क्षेत्र का तेजी से विकास कराया जा रहा है। विरोधी खेमा उनको बदनाम करने की साजिश रच रहा है। गौरतलब है कि बहुत जल्द कांग्रेस अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने जा रही है। इसमें पाली तानाखार से विधायक मोहित केरकेट्टा का टिकट पूरी तरह से फाइनल है। टिकट की घोषणा से पहले विरोधी खेमा जानबूझकर इस तरह की अनर्गल आरोप लगाए जा रहे हैं।

## भाजयुमो ने उदयनिधि, राहुल व भूपेश का जलाया पुतला




**कोरबा,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा युवा मोर्चा के द्वारा कांग्रेस नेता उदयनिधि, राहुल गांधी और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का पुतला फूंका गया। भाजयुमो ने जारी बयान में कहा है कि कांग्रेस गठबंधन के सहयोगी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने सनातन हिंदू धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोना से करते हुए सनातन धर्म का अपमान करने का दुस्साहस किया है। स्टालिन की पार्टी और कांग्रेस दोनों ही गठबंधन के हिस्से हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि यह बयान सनातन विरोधी है या नहीं? मुख्यमंत्री को अपना स्टैंड छत्तीसगढ़ की जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए। इन सब बातों को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा इसकी भर्त्सना करते हुए स्टालिन सहित कांग्रेस, भूपेश बघेल का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। उक्त विरोध प्रदर्शन में भाजयुमो जिलाध्यक्ष पंकज सोनी, जिला महामंत्री नरेन्द्र देवांगन, उपाध्यक्ष रंजु यादव, बृजेश यादव, संजय मणिकपुरी, सुभाष राठौर, रामावतार पटेल, दिनदयाल पटेल, राहुल शुक्ला,लक्ष्मण पटेल, रोहित पटेल, आशीष, गौरव दुबे, कमलेश कश्यप, राजेश राठौर, अंकुश, राजा, सहित बड़ी संख्या में भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राममय हुआ रामगढ़, भगवान श्रीराम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण

- सरगुजा में प्राकृतिक सौंदर्य की बड़ी विरासत, पर्यटन के साथ अधोसंरचना का भी हुआ विकास- सिंहदेव
- वनवास काल के दौरान रामगढ़ में भगवान श्रीराम के चरण कमल पड़े, सरगुजा के लिए सौभाग्य की बात - भगत





**अम्बिकापुर,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना राम वन गमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत शामिल सरगुजा का रामगढ़ आज से भगवान श्रीराम को समर्पित हुआ। उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने गुरुवार को रामगढ़ में भगवान श्री राम की 25 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। इसके साथ ही श्री राम वाटिका, अधोसंरचना विकास में राम वनगमन पर्यटन परिपथ अंतर्गत 6.76 करोड़ रूपये की लागत से टूरिस्ट इनफॉर्मेशन सेंटर, पब्लिक अप्रोच रोड डेव्हलपमेंट, कॉटेज व डॉरमेट्री सहित अन्य विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री सिंहदेव ने रामवाटिका में 'सप्तसुर' का पौधा रोपित किया।

रामगढ़ आयोजन स्थल पर कुछ देर बारिश भी हुई, इसके बावजूद कार्यक्रम में जबरदस्त भीड़ व उत्साह था। श्री सिंहदेव ने आमजन को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में खासकर सरगुजा संभाग, प्राकृतिक सौन्दर्य से परिपूर्ण है। राम वन गमन पर्यटन परिपथ की परिकल्पना के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए श्री सिंहदेव ने कहा बेहतर राज्य और जनहित के लिए हमारी जो परिकल्पना थी, उसमे रोजगार, विकास के अवसर के साथ ही पर्यटन में रोजगार के अवसर निकालने पर भी विचार किया गया। जिसका परिणाम आज सभी के सामने है। आज भगवान राम की प्रतिमा को देख कर हम उनका स्मरण कर रहे हैं। प्रयास है कि जल्द ही यहां दरबार का स्वरूप भी दे सकेंगे। पूरे क्षेत्र में रामायण से जुड़ी कथाएं प्रचलित है। बाहर के पर्यटकों को भी यहां लाया जा सके, इसके लिए निरंतर सुगम आवागमन तैयार किया जा रहा है। शुभ अवसर पर काम करें तो निश्चित सफलता प्राप्त होगी। राम जी यहां स्थापित हो गए हैं, अब उनकी कृपा में सरगुजा को एक नई पहचान मिलेगी। श्री सिंहदेव ने सरगुजा में सीताबेंगरा, सीता चूल्हा सहित अनेक ऐतिहासिक व आस्था केंद्र हैं। इसके विकास के लिए लगातार हमारी सरकार काम कर रही है। शासन-प्रशासन ने अब रामगढ़ पहाड़ी में जाना किया आसान, वहीं हमारी सरकार ने बुनियादी जरूरतों को पूरा किया व सुविधाएं भी बढ़ाया। इस अवसर पर खाद्य एवं संस्कृति मंत्री श्री अमरजीत भगत ने सभा में रामायण की चौपाई सुनाकर उद्बोधन शुरू किया। श्री भगत ने कहा कि भगवान श्रीराम के 14 बरस के वनवास काल के दौरान रामगढ़ में उनके चरण कमल पड़े, जो पूरे सरगुजा के लिए सौभाग्य की बात है। रामायण के प्रसंग का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि अपने वनवास के दौरान प्रभु श्री राम का आदिवासी जनों से करीबी संबंध रहा। भारत सहित पूरे विश्व में माता कौशल्या मन्दिर कहीं बना है तो वह छत्तीसगढ़ के चंदखुरी में है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी राम वनगमन पर्यटन परिपथ योजना ने छत्तीसगढ़ को धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन के मानचित्र में अमिट पहचान दी है। उन्होंने यह भी कहा कि सरगुजा व छत्तीसगढ़ पर भगवान श्रीराम से आशीर्वाद बनाए रखे।

सीजीएमएससी अध्यक्ष एवं लुण्ड्रा विधायक डॉ प्रीतम राम ने इस अवसर पर कहा कि पावन स्थली रामगढ़ में आज विभिन्न कार्यों का लोकार्पण किया गया है। राम वन गमन पथ शासन की महत्वाकांक्षी योजना है, जो सरगुजा में पर्यटन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने कहा कि सरगुजा में आवागमन की सुविधाओं को निरंतर विस्तार दिया जा रहा है जिससे पर्यटक आसानी से यहां पहुंच सके और सरगुजा की सुंदरता को करीब से देख सकें।

आज रामगढ़, उदयपुर में आयोजित श्रीराम वाटिका व अधोसंरचना विकास कार्यों का लोकार्पण के अवसर पर श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष श्री शफी अहमद, उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड श्रीमती चित्ररेखा साहू, छत्तीसगढ़ खाद्य आपूर्ति एवं संरक्षण आयोग के सदस्य श्री अभिषेक सिंह, छत्तीसगढ़ महिला आयोग की सदस्य श्रीमती रीता विश्वकर्मा, राज्य कृषक कल्याण परिषद के सदस्य श्री संजय गुप्ता, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, नगरनिगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, सीईओ जिला पंचायत श्री नूतन कंवर, अपर कलेक्टर श्री ए एल ध्रुव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, जिला स्तरीय अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

## पर्यटन की दिशा में लगातार कर रहे हैं काम- अटल

छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल के अध्यक्ष श्री अटल श्रीवास्तव ने कहा कि सरगुजा बहुत सुंदर जगह है। पर्यटन की दिशा में हम लोग लगातार काम कर रहे हैं ताकि यहां की सांस्कृतिक, धार्मिक, पर्यटन स्थल को जानने, देखने के लिए देश-विदेश के लोग आएं। श्री श्रीवास्तव ने कहा भूपेश सरकार ने आदिवासियों के बेहतरी के लिए अनेक योजनाएं शुरू किए हैं इसी कड़ी में भगवान श्रीराम के पदचिन्हों को सँवारने का काम किया जा रहा है, जो सीतामढ़ी से सुकमा तक रामवन गमन पर्यटन परिपथ को विकसित किया जा रहा है।

## रामगढ़ को मिली नई पहचान- कलेक्टर

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मार्गदर्शन में 14 महीनों के कम समय में यहां विभिन्न कार्य किए गए हैं जिसमें आज रामगढ़ में राम वन गमन पर्यटन पथ के अंतर्गत 6.76 करोड़ की लागत से निर्मित श्रीराम वाटिका, कॉटेज, डॉरमेट्री सहित विभिन्न अधोसंरचना कार्यों का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि प्राचीन मान्यता के अनुसार रामगढ़ बेहद महत्वपूर्ण स्थल है। यहां सीताबेंगरा, जोगीमारा और ऊंची पहाड़ी पर राम सीता मंदिर स्थित है। राम सीता मंदिर तक जाने के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा सड़क निर्माण किया गया है। आज इस निर्माण और विकास कार्यों से रामगढ़

# सार-संक्षेप

## भारत जोड़ो यात्रा देशवासियों के जख्मों पर मरहम



**मनेन्द्रगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। हम सब राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की कल वर्षगांठ मनायेंगे। देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्रियता, धर्म, सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई थी। जब देश चलाने वाली दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को परिदृश्य पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य था ।

उक्त बातें जिला मुख्यालय मनेंद्रगढ़ के विश्राम गृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कही. इस अवसर पर विधायक डा. विनय जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश चंद्र सिंह,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश शर्मा, कांग्रेस नेता राम अवतार अलगमकर, व्यंकटेश सिंह, सौरभ मिश्रा, पार्षद अनिल प्रजापति,संतोष अग्रवाल समेत अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे, पत्रकारों से चर्चा करते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले साल 7 सितंबर 2022 को हमारे नेता राहुल गांधी जी ने ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी जो भारत के किसी भी राजनेता द्वारा अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है। 4,081 किलामीटर, 12 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों 75 जिलों और 76 लोकसभा क्षेत्रों की 136 दिनों की यात्रा ने लोगों के मन पर एक अमिट छाप छोड़ी है। लाखों लोग प्रेम और एकता के साथ धर्म, समुदाय, जाति आदि की परवाह किए बिना हर भारतीय को एकजुट करने की राहुल जी की अटूट भावना से मंत्रमुग्ध थे। उनकी यह विचारशील पहल% समय की मांग थी, जिसने मूल रूप से हमारे देश में राजनीति की दिशा बदल दी। विशेष रूप से यात्रा के बाद कर्नाटक का चुनाव परिणाम, कांग्रेस पार्टी को सत्ता में वापस लाने की लोगों की सामूहिक इच्छा की एक उत्कृष्ट अभिव्यक्ति थी।

## राशि की मांग संबंधी वीडियो वायरल, कृषि विकास अधिकारी निलंबित

**अम्बिकापुर,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। कृषि विभाग के संयुक्त संचालक द्वारा कार्यालय सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी कार्यालय में कार्यरत कृषि विकास अधिकारी विनायक पाण्डेय को निलंबित कर दिया गया है। इनके विरुद्ध उर्वरक एवं पेस्टीसाईड नमूना लेने हेतु राशि की मांग संबंधी वीडियो वायरल होने की जानकारी संज्ञान में आते ही कार्रवाई की गई है।

उन्होंने बताया कि विनायक पाण्डेय, कृषि विकास अधिकारी अम्बिकापुर, वर्तमान कार्यरत कार्यालय सहायक मिट्टी परीक्षण अधिकारी अम्बिकापुर को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 (1) (क) में निहित प्रावधान अनुसार तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया जाता है। निलम्बन अवधि में इनका मुख्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड-दुलदुला जिला-जशपुर छ.ग. निर्धारित किया जाता है। निलम्बन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

## मेडिकल कॉलेज में पात्र अभ्यर्थियों को दी गई नियुक्ति

**अम्बिकापुर,** 07 सितंबर (देशबन्धु)। मेडिकल कॉलेज अम्बिकापुर में 2017 से 2023 तक हुई विभिन्न भर्तियों में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करते हुए पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्तियां दी गई है। विभिन्न भर्तियों और उनके नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए अधिष्ठाता, राजमाता श्रीमती देवेंद्र कुमारी सिंहदेव शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ने बताया कि वर्ष 2017 में स्टाफ नर्स के 166 पदों पर सीधी भर्ती चयन हेतु नियमानुसार मापदण्डों का पालन करते हुए पात्र 138 स्टॉफ नर्सों की नियुक्ति की गई। इसी अनुक्रम में 17 प्रकार के 53 पदों में से 15 पदों पर पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश प्रदान कर दिया गया है और शेष पदों पर नियमानुसार भर्ती प्रक्रिया निरंतरता में जारी है। शेष पदों पर सीधी भर्ती हेतु पात्र उम्मीदवार नहीं पाये जाने के कारण वर्ष 2018 में ही अंतिम पात्र-अपात्र सूची जारी कर संबंधित पद भर्ती की कार्यवाही स्वयमेव पूर्ण हो चुकी है।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 14 को रहेंगे रायगढ़ प्रवास पर

### कोड़ातराई में शुरू हुई तैयारी, होगी आमसभा




**रायगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रायगढ़ आगमन की तारीख तय हो गई है। वे 14 सितंबर को दोपहर 1 बजकर 30 मिनट में रायगढ़ आएंगे, कोड़ातराई में उनकी विशाल जनसभा प्रस्तावित है।इसी संबंध में जिला भाजपा कार्यालय में आवश्यक बैठक लेने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव पहुंचे।

भारत माता की तैलीय प्रतिमा में पूजन करके विधिवत बैठक की शुरुवात की गई।जिला भाजपा अध्यक्ष उमेश अग्रवाल एवं महामंत्री सतीश चंद्र बेहरा ने सभी अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक की प्रस्तावना जिलाध्यक्ष द्वारा रखी गई। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों से कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए अरुण साव ने कहा की सारी दुनिया आज हमारे प्रधानमंत्री की मुरीद है,उनके कुशल नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हो रहा है,हम सबके लोकप्रिय नेता का आगमन हमारे रायगढ़ जिले में होने वाला है,जिसे पूरी दुनिया आज सुनने को लालायित है हमे उनसे रूबरू होने का सौभाग्य मिलने वाला है।

उन्होंने कहा कि मेरे मन में शुरू से ही इच्छा थी कि राजधानी के बाद मोदी जी की यदि कहीं कार्यक्रम बने तो वो हमारा रायगढ़ में बने।इसीलिए पिछले दिनों मुझे फोन आया और संभावित कार्यक्रम को लेकर मेरी राय जानी गई तो मैंने तुरंत रायगढ़ की बात कही।रायगढ़ की पुण्य धरा से मोदी जी के कार्यक्रम के बाद पूरे प्रदेश में आवाज जाएगी।हमारी पार्टी पूरे प्रदेश में परिवर्तन यात्रा निकालने वाली है मोदी जी का आगमन भी ऐसे समय में होने वाला है वो स्वयं यहां के परिवर्तन के प्रत्यक्ष साक्षी बनेंगे।मुझे रायगढ़ के कार्यकर्ताओं एवं जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल के सक्षम नेतृत्व पर पूरा भरोसा है की वो मोदी जी के प्रस्तावित सभा को ऐतिहासिक बनाएंगे।

बैठक में आभार प्रदर्शन प्रदेश महामंत्री ओपी चैधरी ने किया। मंच संचालन जिला महामंत्री अरुणधर दीवान ने किया। आज की बैठक में प्रमुख रूप से उमेश अग्रवाल,सत्यानंद राठिया, जगन्नाथ पाणिग्रही,गुरुपाल सिंह भल्ला,विवेक रंजन सिन्हा,बृजेश गुप्ता,सुनीति राठिया,रवि भगत,गिरधर गुप्ता,विजय अग्रवाल मंचासीन रहे।आज की बैठक में सभी 24 मंडलों के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ऐश्वर्यम कॉलोनी का पहुंच मार्ग हुआ अत्यंत जर्जर

### सुधार करने कालोनी की महिलाओं ने सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। शहर के वार्ड नंबर 47 गोवर्धनपुर क्षेत्र से लगे हुए ऐश्वर्यम कॉलोनी क्षेत्र की सड़क लंबे समय से खराब है। इस रोड के सुधार की मांग लंबे समय से होते रही है, लेकिन अब तक सड़क का निर्माण नहीं हो सका। आज कॉलोनी की काफी संख्या में महिलाएं कलेक्टर से मिलने पहुंची। जहां किसी किसी कारणवश कलेक्टर से मुलाकात नहीं होने पर उन्होंने डिप्टी कलेक्टर से मिलकर अपनी समस्याओं को बताया।

महिलाओं ने बताया कि कई दफे सड़क के निर्माण की मांग की जा चुकी है, पर सड़क का सुधार नहीं किया जा रहा है। इस असंमजस्य में भी थे कि यह क्षेत्र किस विधानसभा में आता है, लेकिन बाद में स्पश्ट हो सका कि यह वार्ड नंबर 47 के अंर्तगत है। जहां डिप्टी कलेक्टर ने इस समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

महिलाओं ने बताया कि वे इस समस्या से विधायक को भी अवगत करा दिया गया है। ताकि समस्या का निराकरण हो सके। उसके बाद ही वे कलेक्ट्रेट पहुंची हैं। उनका कहना है कि सड़क में भारी वाहने चलती है और इस कारण गर्मी के दिनों में धूल और बारिष के समय काफी कीचड़ हो जाता है। महिलाओं का कहना है कि अगर इसके बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका, तो वे आगामी दिनों आंदोलन का मुड बना सकते हैं।

## तेन्दुपत्ता तोड़ने वाले गरीबों को अभी तक नहीं मिला मेहनताना



**रायगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। बरमकेला विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम लिमपाली के 18 से 20 तेन्दुपत्ता संग्रहण कर्ता मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल पाई है। मई और जून के चिल चिलाती धूप मे पसीना बहाने वाले ये ग्रामीण मजदूर कई बार मुंशी से और अनेक बार प्रबंधक से मिल चुके हैं। मगर इनका मजदूरी अब तक नहीं मिल पाया है। एक महिला हितग्राही का कहना है कि ऐसे मे अब आने वाले सालों मे कभी भी तेन्दुपत्ता नहीं तोड़ेगे। मुंशी को तीन चार बार बोल चुके हैं कोई निर्णय नहीं लिया है - अजय कुमार बरिहा। हम कई बार प्रबंधक से मिल चुके हैं, हमारे समस्या का उचित निवारण नहीं हुआ है, पाँच महीने हो गए हमारा पैसा हमें नहीं मिला है- बिनोद कुमार यादव। जब भी मुंशी को बोलते हैं तो दो दिन मे जमा हो जाएगा तीन दिन मे जमा हो जाएगा बोलता है,आज 4, 5 महिना हो गया ना मुंशी नजर आता है ना ही प्रबंधक नजर आता है - मनोज कुमार यादव। पत्ता तोड़ने से पहले केवाईसी करवा चुके हैं हम सब - किशोर कुमार बरिहा।

## टीचर्स एज चेंजमेकर्स प्रदर्शनी में शिक्षक गौतम शर्मा के कार्यों की सराहना



**सूरजपुर** 07 सितंबर (देशबन्धु)। रूम टू रीड द्वारा राज्य-व्यापी पठन अभियान टीचर्स एज चेंजमेकर्स के तहत शिक्षक नेतृत्व वाली पहलों की प्रदर्शनी रायपुर के हॉटल द ग्रेंड राजपूताना में 6 सितम्बर को आयोजित की गई। इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश के प्रत्येक जिले से एक ऐसे शिक्षक का चयन किया गया था, जिन्होंने सामुदायिक जुड़ाव से संबंधित परियोजनाओं अथवा क्रियाकलापों, कक्षा प्रबंधन रणनीतियाँ तथा शिक्षा तकनीकी आदि को बच्चों हेतु बड़े नवाचारों के रूप में उपयोग किया है।जिले से इस राज्य स्तरीय प्रदर्शनी हेतु राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक गौतम शर्मा का चयन किया गया। गौतम शर्मा के द्वारा इस प्रदर्शनी में सहभागिता निभाते हुए अपने 2 उत्कृष्ट सहायक शैक्षिक सामग्री अंक जमाओ,ईनाम पाओ और व्हील ऑफ फार्चुन का प्रदर्शन किया गया, जिसकी रूम टू रीड के छत्तीसगढ़ के साक्षरता अधिकारी प्रदीप सिंह और प्रदेश भर से आये शिक्षकों ने काफी प्रशंसा की । सभी शिक्षकों ने बहुत उत्साहित होकर दोनों सहायक शैक्षिक सामग्री का उपयोग किया और इसे बच्चों की शिक्षा के लिए बहुत उपयोगी बताया तथा अपने - अपने स्कूलों में बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में इसका उपयोग करने की बात कही। अंक जमाओ, ईनाम पाओ खेल में बस्तर जिले की शिक्षिका श्रीमती आशा कुरैशी और नारायणपुर जिले की शिक्षिका श्रीमती कविता हिरवानी खेल नियम अनुसार 1 मिनट में 20 अंकों की गोटी को निर्धारित 20 खानों में जमाने में सफल रही, दोनों विजेता शिक्षिकाओं को गौतम शर्मा के द्वारा ईनाम में पेन दिया गया। इसके साथ ही गौतम शर्मा ने कार्यक्रम में शिक्षक परिवर्तन के वाहक विषय हेतु निर्धारित 10 मिनट में सामुदायिक सहभागिता और शाला विकास के क्षेत्र में स्वयं के द्वारा किये गये नवाचारों,प्रयासों और अनुभव को सभी के साथ साझा किया,जिसकी सभी ने खूब सराहना की।

# नए चेहरों पर दांव से भाजपा में असंतोष की हवा

### पार्टी के सामने होगी असंतुष्टों से निपटने की चुनौती



**सूरजपुर** 07 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा ने जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों की पहले घोषणा करके तैयारियों में आगे निकलने की कोशिश तो की है ,लेकिन इसी के साथ पार्टी में असंतोष की हवा भी देखी जा रही है। इसका एक कारण यह भी है कि पार्टी ने तीनों सीटों पर नए चेहरों को मौका दिया है।पुराने दावेदार इसे अपनी उपेक्षा के रूप में देख रहे हैं और उनका असंतोष उभरकर सामने आ रहा है। चुनावों के अंतिम दिनों तक क्या स्थिति बनेगी कहा नहीं जा सकता पर इतना जरूर है कि पार्टी के सामने इस असंतोष से भी निपटने की चुनौती होगी।

भाजपा सत्ता में वापसी की अपनी रणनीति पर फूंक- फूंक कर चल रही है क्योंकि पार्टी को पता है कि यह चुनाव अलग होने जा रहा है। जिस तरह से संगठन के शीर्ष नेताओं के तेवर दिखाई दे रहे हैं, संभव है वह संगठन विरोधी गतिविधियों को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे भले ही उन्हें अनुशासन का डंडा चलाना पड़े। पार्टी ने अपनी पहली सूची 17 अगस्त को ही घोषित कर दी थी। जिले की प्रेमनगर सीट से भूलन सिंह मरावी,भटगांव से लक्ष्मी राजवाड़े, प्रतापपुर से शकुंतला सिंह पोर्ते को प्रत्याशी बनाया गया है। तीनों चेहरे विधानसभा चुनाव में पहली बार मैदान में है। इनके नामों की घोषणा होने के बाद तीनों सीटों के अन्य दावेदारों ने नाराजगी व्यक्त करना शुरू कर दिया है। कई लोगों ने तो पार्टी की बैठकों में खुद या अपने समर्थकों के द्वारा विरोध जताया तो कुछ लोग रायपुर तक का दौड़ लगाकर आ चुके हैं।यहां तीनों सीटों पर बहुतायत दावेदार थे।स्वाभाविक भी है कि टिकट न मिलने से उनमें निराशा होगी ।ऐसे में विरोध भी लाजमी है। हालांकि अभी कई दावेदार खामोश है वे संतुष्ट है या असंतुष्ट हैं यह समझना फिलहाल कठिन है।वैसे यहां देखा जाता है कि भाजपा को हर चुनाव में इसलिए भी मुंह की खानी पड़ती है क्योंकि पार्टी के ही असंतुष्ट जो पांच साल तो भाजपा का झंडा उठाते हैं और चुनाव में बड़े खामोशी के साथ भाजपा के ही खिलाफ हो जाते हैं। यह विधानसभा चुनावों में ही नहीं बल्कि नगरपालिका, पंचायत या अन्य चुनाव में भी देखने को मिलता रहा है। इस जिले की तासीर भी है कि यहां भाजपा कांग्रेस के नेता एक दूसरे से गठजोड़ करने में माहिर हैं।राजनीतिक लाभ के लिए होने वाले यह गठजोड़ निष्ठावान कार्यकर्ताओं को नागवार गुजरता है। फिलहाल विरोध के जो स्वर सुनाई दे रहे हैं ,उससे प्रत्याशियों की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दावेदारों में असंतोष को लेकर चर्चा शुरू हो गई है कि ऐसे लोग चुनाव में भितरघात भी कर सकते हैं। कुछ असंतुष्ट नेताओं की बात करें तो यह उनकी फितरत सी हो गई है या यूं कहें कि इसमें महारत हासिल कर चुके हैं। क्षेत्र की जनता भी अच्छी तरह से जानती है क्योंकि इनका यह रूप प्राय: चुनाव में देखने को मिलता है।ऐसे लोग चुनाव जीतने-जिताने का माद्दा तो नहीं रखते मगर किसी की हार- जीत का कारण जरूर बन जाते हैं। यही कारण रहा कि पिछले बार जिले के तीनों विधानसभा सीटों पर भाजपा को पराजय का मुंह देखना पड़ा था। इस बार के चुनाव में भाजपा का अलग रूख दिखाई पड़ रहा है। ऐसा भाजपा के शीर्ष नेताओं के तेवर से भी पता चलता है। पार्टी के लोग ही पार्टी को नुकसान पहुंचाएं यह बर्दाश्त करने वाली नहीं है।भाजपा के सूत्र बताते हैं कि अभी असंतुष्टों को मनाने का प्रयास होगा,किसी भी नुकसान की आशंका पर संगठन का डंडा भी सख्त चलेगा!

## कांग्रेस में टिकट को लेकर मचा घमासान

जिले की तीनों विधानसभा की सीटें इस समय कांग्रेस के पास हैं।प्रत्येक सीट पर दावेदारों की लंबी सूची है, टिकट को लेकर घमासान मचा हुआ है।वर्तमान विधायकों के कामकाज को लेकर भी सवाल उठाये जा रहे हैं।इससे विधायकों की टिकट भी खतरे में दिख रही है। दावेदारों में हार-जीत के आंकलन पर पार्टी में विचार मंथन हो रहा है।संभवतः इसी सप्ताह कांग्रेस की सूची भी आ सकती है। इधर भटगांव विधानसभा क्षेत्र में टिकट के दावेदार और उनके समर्थक अपने ही पार्टी के विधायक की पोल खोल रहे हैं,जिस पर विधायक को सफाई देनी पड़ रही है। प्रतापपुर में भी टिकट को लेकर मारामारी है। प्रेमनगर में दो-तीन नामों पर ही चर्चा गर्म है। लोगों को कांग्रेस के प्रत्याशियों की घोषणा का इंतजार है?। इसके बाद चुनावी समीकरण बनने -बिगड़ने का दौर शुरू होगा।भाजपा जातिगत समीकरणों को ध्यान में रखकर प्रत्याशी पहले ही मैदान में उतार चुकी है।ऐसे में जाहिर है कि कांग्रेस भी जातिगत समीकरणों के आधार पर प्रत्याशी घोषित करे ,जिसमें एक- दो विधायक को पुनः मौका मिल सकता है।

## सार-संक्षेप

### मतदाता जागरूकता शिविर संपन्न




**सारंगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी के निर्देशन में स्वास्थ्य, महिला बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक रूप से सारंगढ़ विकासखंड के कनकबीरा में दिव्यांग एवं सियान सम्मेलन सह जनजागृति शिविर और नववधु सम्मान का आयोजन किया गया। इस शिविर में मतदाता जागरुकता अंतर्गत उपस्थित ग्रामीणों , कर्मचारियों, बुजुर्ग, नववधुओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने हेतु शपथ लिया गया। इस अवसर पर दिव्यांग, वरिष्ठजन और नववधुओं को उपहार देकर सम्मान किया गया। शिविर में तीनों विभाग सहित ग्राम पंचायत कनकबीरा की सक्रिय सहभागिता रही।

### भाजपा जिला आई टी सेल के सह संयोजक बने सौरभ अग्रवाल



**खरसिया** 07 सितंबर (देशबन्धु)। भाजपा आईटी सेल जिला संयोजक अंशु टुटेजा के द्वारा जिला अध्यक्ष उमेश अग्रवाल , जिला संगठन प्रभारी अभिषेक सिंह , सह प्रभारी विकास महतो से सहमति उपरांत सौरभ अग्रवाल खरसिया को आईटी सेल का जिला सह संयोजक नियुक्त किया गया। सौरभ अग्रवाल भाजपा खरसिया के युवा जुझारू कार्यकर्ता है विपक्ष में रहते हुए सत्ता पक्ष के गलत कार्यों का मुखर विरोध करते हैं और जनता से जुड़े मुद्दों को मीडिया के माध्यम से उठाते हैं। नव नियुक्त सह संयोजक को जिला महामंत्री अरुण धर दीवान और सतीश बेहरा ने बधाई देते हुवे आगामी दिनों में संगठन को मजबूत करने हेतु मार्गदर्शन दिया। भाजपा नगर मंडल ने उनकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

### जिला मिशन समिति की बैठक 11 सितंबर को

अंबिकापुर 07 सितंबर (देशबन्धु)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा कि अध्यक्षता में जिला मिशन समिति की बैठक 11 सितंबर 2023 को प्रातः 10 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गई है। बैठक में वर्ष 2023-24 में प्राप्त भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य का जिले एवं विकासखण्डवार अनुमोदन तथा अन्य बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी।

### कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में शामिल हुए कौशिक



**बिलासपुर,** 7 सितंबर ( देशबन्धु) । ग्राम मंगला पा व हाथकोडवा में श्री कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम मे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक शामिल हुए। ग्राम मंगला पा मे धरमलाल कौशिक ने किया 11.50 लाख के निर्माण का लोकार्पण, यादव समाज के लिए 6.50 के सामुदायिक भवन, 3 लाख के साँस्कृतिक मंच, 2 लाख के ज्योति कलश का लोकार्पण किया गया।

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर ग्राम मंगला पा व हाथकोडवा के युवा वर्ग द्वारा मटकी फोड़ रखा गया बड़ी संख्या में युवा सम्मिलित हुये।श्री कौशिक ने सभी ग्राम वासियों युवा वर्ग को श्री कृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिए। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोमेश तिवारी, अशोक कौशिक, जितेन्द्र जोगी, लक्ष्मण यादव, राम नाथ यादव, गोविंद यादव ग्राम सरपंच, पंच सहित यादव समाज के सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बन्धु ग्रामीण ज़न बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया

**अम्बिकापुर** 07 सितंबर (देशबन्धु)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय नव विश्व भवन चोपड़ापारा अम्बिकापुर में जन्माष्टमी का पावन पर्व बहुत ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया।

इस शुभ अवसर पर श्री कृष्ण के जीचन लीला पर आधारित एक सुन्दर भव्य झाँकी का सजाय गयाा है। जन्माष्टमी के शुभ वेला में नन्हें- नन्हें कलाकारों के द्वारा श्री कृष्ण और श्री राधे के चरित्र पर आधारित रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभा को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस शुभ अवसर पर सरगुजा संभाग की ब्रह्माकुमारी संस्था की सेवाकेन्द्र संचालिका ब्रह्माकुमारी विद्या दीदी शहरवासियों को जन्माष्टमी की बधाई देते हुये कहा कि जन्माष्टमी का पावन पर्व हम सभी के लिये बहुत बडा पर्व माना जाता है। क्योंकि श्री कृष्ण सतयुग का पहला राजकुमार है और वो सर्वगुण सम्पन्न 16 कला सम्पूर्ण , सम्पूर्ण निर्विकारी मर्याद पुरुषोत्तम डबल अहिंसक है। कृष्ण का मतलब ही होता है जो सभी के मन को मोहने वाले हो, अपने आकर्षक व्यक्तित्व से सबके मन को प्रसन्नता एवं खुशी प्रदान करने वाले है। इन्होंने अपने पूरे जीवन को एक ऐसी श्रेष्ठ धारणा से बांधा जो सभी मनुष्य आत्माओं को जीवन जीने की कला सिखाती हैं। इसलिये कहा जाता है कि कृष्ण और राम जैसा बनो। आगे उन्होंने श्री कृष्ण के अलंकारों का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुये कहा कि उनके हाथ में बांसुरी बजाता हुआ दिखाई देता हैं अर्थात् अपने मन को शांत और निर्मल बनाना है। मोर पंख अर्थात् अपने बुद्धि को पवित्र एवं स्वच्छ बनाना है, स्वदर्शन चक्र अर्थात् स्वयं को देखकर अपने अन्दर की कमी कमजोरियों पर विजय प्राप्त करना है। तथा हाथ में लड्डू अर्थात् भारत को पुन: स्वर्णिम भारत भरपूर भारत बनाना हैं। इसलिये श्री कृष्ण के जीवन से यही प्रेरणा मिलता है, कि कैसी भी परिस्थिति हो उसमें स्वयं को खुश रखकर, औरों को खुश करते हुये, सबके साथ मिलकर चलना और बिना किसी को दु:ख, दर्द पहुँचाये उनका कल्याण करना है। श्री कृष्ण जैसा बनने का लक्ष्य रखकर स्वयं को उस स्वर्णिम भारत में जाने के लिये तैयार करना ही सच्चे मायने जन्माष्टमी मनाना होगा।

तत्पश्चात् मटकी फोड कार्यक्रम में सपना बहन और किषुन भाई ने भाग लिया। इन्होंने अपने एकाग्रता एवं सूझ बूझ की शक्ति से विषय-विकारों रूपी मटकी को एक बार में फोड़कर अपने अन्दर अच्छाई एवं दैवी गुणों को धारण करने का प्रण लेते हुये पहला विजेता हुये।

इस पावन पर्व पर ब्रह्माकुमारीज़ संस्था से जुड़े 500 से अधिक भाई बहने उपस्थित थे। श्री कृष्ण लीला झाँकी भक्तों के दर्शनार्थ हेतु 10 सितम्बर 2023 रविवार तक लगा रहेगा।

# नफरत से लगे जख्मों में मोहब्बत का मरहम लगाने का काम है भारत जोड़ो यात्रा

## चांपा में जिला कांग्रेस कमेटी के आयोजन में शामिल हुए विस अध्यक्ष डॉ. महंत



**जांजगीर**, 07 सितम्बर (देशबन्धु)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश कॉग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद राहुल गांधी के भारत जोड़ो यात्रा के प्रथम वर्षगाँठ पूरे होने पर चांपा में आयोजित भारत जोड़ो यात्रा का विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महन्त के मुख्य अतिथि में प्रारंभ हुआ।

यह यात्रा बापू बालोद्यान से निकलकर पोस्ट ऑफिस मार्ग व सुभाष चौक होकर श्री राधा कृष्ण मंदिर सदर बाजार पहुँचे, जहां श्री राधा कृष्ण भगवान की विधिविधान से पूजा की और लोगों की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की। इसके बाद भारत जोड़ो यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान उन्होंने कहा कि नफरत से लगे जख्मों में मरहम लगाने का काम है भारत जोड़ो यात्रा। उन्होंने कहा कि देश की एकता, अखंडता, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस प्रतिबद्ध है। जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है। भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित हुआ है और छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए हुए मार्गों के अनुसार जनकल्याणकारी कार्य कर रही है।

जिला कांग्रेस कमेटी के आयोजन में हुई इस पदयात्रा कार्यक्रम में पूर्व गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर दास, शाकंभरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल सहित कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# साढ़े 6 लाख लूट की झूठी रिपोर्ट दर्ज कराकर पुलिस को गुमराह करने वाला पकड़ाया

## कट्टे की नोंक पर लूट की घटना से हरकत में आई पुलिस ने सुझलाया मामला



**जांजगीर-चाम्पा** 07 सितंबर (देशबन्धु)। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है कि प्रार्थी राखी राम कश्यप निवासी सिंधुल हाल मुकाम अकलतरा चौक थाना अकलतरा दिनांक 06.09.23 को थाना अकलतरा उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह अपने दुकान ट्रेडिंग कंपनी में दिनांक 06.09.203 को सुबह 09:00 बजे खोलकर बैठा था कि 10.45 बजे दो व्यक्ति हेलमेट लगाकर आफिस अंदर घुस गयें तथा कट्टा दिखाकर मिर्च पाउडर डालकर 6,60,000/रू नगदी रकम को लूटकर ले गयें। इस घटना की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने अपराध 459 / 2023 धारा 392, 34 भादवि कायम कर मामले को विवेचना में लिया।

पुलिस ने आसपास के लोगो को घटना के संबंध में बारिकी से पूछताछ किया गया जो प्रार्थी राखीराम के ब्यान एवं रिपोर्ट में विरोधाभाष होने से ट्रेडिंग कंपनी के मालिक ब्यास कश्यप के कथन से आरोपी (प्रार्थी) राखीराम के द्वारा दर्ज करायें गयें रिपोर्ट संदेहास्पद एवं झूठा प्रतीत होने पर आरोपी से हिकमतअली से पूछताछ की गई जो अपने दो अन्य साथी के साथ मिलकर अपराधिक षडयंत्र कर कंपनी के मालिक व्यास कश्यप के पैसा को गबन करने के नियत से लूटपाट की घटना को अंजाम देना तथा प्लान के मुताबिक काम होने से नगदी 2,60,000/रू को अपने साथी को देना तथा 04 लाख रूपये को आरोपी प्रार्थी द्वारा अपने घर में रखना पाया गया। पुलिस ने रकम बरामद कर लिया है। आरोपी राखीराम कश्यप आयु 30 साल निवासी शिवरीनारायण सिंघुर को गिफ्तार कर जेल भेजा गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में डीएसपी जांजगीर श्री शैलेन्द्र पाण्डेय, निरीक्षक सत्यकला रामटेके, सउनि अरुण सिंह, आर प्रदीप दुबे, राघवेन्द्र घृतलहरे, बृजपाल बर्मन, नवीन रात्रे एवं सायबर सेल जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

## लॉ कॉलेज के छात्रों ने निकाली मशाल रैली

**बिलासपुर,** 7 सितंबर ( देशबन्धु) । राष्ट्रीय सेवा योजना डीपी विप्र विधि महाविद्यालय तथा डीपी विप्र महाविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में मतदाता जागरूकता मशाल रैली निकाली गई ।जिसमे स्वयंसेवकों ने अशोकनगर बस्ती निवासियो को जागरूक किया ।यह कार्यक्रम आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों में मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए आयोजित किया गया था। जिसमे अतिथि के रूप में जिला पंचायत बिलासपुर से ओम पाण्डेय, रा से यो जिला संगठक श्रीमति कांति अंचल उपस्थित रहे ।इस अवसर पर महाविद्यालय प्रशासन समिति अध्यक्ष अनुराग शुक्ला,प्राचार्य डॉ ए.बी. सोनी,साजी थामस,संतोष ठाकुर टी आर पटेल,धर्मेंद्र शर्मा, प्रमोद शर्मा,आलोक शर्मा ने शुभकामनाएं दीं ।कार्यक्रम संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी विभांशु अवस्थी तथा अनिता टंडन ने किया।

## चोरी की ट्रेक्टर के साथ आरोपी गिरफ्तार



**जांजगीर-चाम्पा** 07 सितंबर (देशबन्धु)। प्रार्थी कमल किशोर गुप्ता उम्र 47 साल निवासी राजीव गांधी चौक के पास बलौदा दिनांक 04.09.23 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि सोनालिका कंपनी का नीला रंग का ट्रेक्टर इंजन क्रमांक सीजी 11 एएफ-6761 को स्वयं के मकान के सामने खड़ा किया था जिसको दिनांक 03.09.2023 को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 321 / 2023 धारा 379 भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस ने विवेचना के दौरानर ग्राम बेलंदीयाडीह निवासी रमेश सिंह को हिरासत में लेकर बारिकी से पूछताछ करने पर ट्रेक्टर को चोरी करना स्वीकार कियें, जिसके कब्जे से चोरी का ट्रेक्टर इंजन क्रमांक सीजी 11 एएफ-6761 को बरामद किया गया। आरोपी रमेश सिंह उम्र 20 साल निवासी बेलदियाडीह थाना बलौदा के विरूद्ध अपराध धारा का घटित करना पायें जाने विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में उपनिरीक्षक मनोहर सिन्हा थाना प्रभारी बलौदा, सउनि प्रतिभा राठौर, प्रआर केदार साहू, आरक्षक अमन सिंह राजपूत, संतोष रात्रे, श्याम राठौर, युवराज सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# समय सीमा में करें शिक्षकों की एरियर्स की राशि का भुगतान- जिपं सीईओ

## सक्की डीईओ को कारण बताओ नोटिस



**जांजगीर,** 07 सितम्बर (देशबन्धु)। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ ज्योति पटेल ने जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर-चांपा एवं सक्ती सहित विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में शिक्षक (पंचायत) संवर्ग एरियर्स की राशि का समय पर भुगतान नहीं होने पर जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती एवं अकलतरा विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही सभी प्राचार्यों को दो दिवस के भीतर एरियर्स की राशि का भुगतान करने चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बैठक में संबंधित जिला एवं विकासखण्ड को शिक्षक पंचायत संवर्ग के एरियर्स की राशि हस्तांतरित की गई थी। जिसका भुगतान विकासखण्ड के शिक्षकों को किया जाना था, लेकिन लापरवाही बरतते हुए एरियर्स की राशि का भुगतान समय सीमा में नहीं हुआ। इसको लेकर जिपं सीईओ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डीईओ का बीईओ एवं प्राचार्यों पर कोई नियंत्रण नहीं होने की स्थिति में ही एरियर्स का भुगतान नहीं हो रहा है। उन्होंने सभी प्राचार्यों को दो दिवस के भीतर एरियर्स की राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए। डीईओ सक्ती एवं अकलतरा बीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कहा कि शिक्षक (पंचायत) संवर्ग की एरियर्स भुगतान की कार्यवाही नहीं की गई। इससे प्रतीत होता है कि एरियर्स भुगतान में ध्यान नहीं दिया जा रहा है और न ही विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं प्राचार्यों को एरियर्स भुगतान करने निर्देशित किया गया है। ऐसी स्थिति में एरियर्स संबंधी किसी भी प्रकरण का न्यायालीन प्रकरण एवं अवमानना की स्थिति उत्पन्न होती है, उसकी संपूर्ण जवाबदारी संबंधित डीईओ की होगी। उन्होंने कहा कि एरियर्स भुगतान के संबंध में बार-बार निर्देशित करने के उपरांत भी घोर लापरवाही बरती जा रही है।

# वडोदरा और एयरबस ने एयरोस्पेस शिक्षण और अनुसंधान समझौता पर हुआ हस्ताक्षर

**बिलासपुर,**7 सितंबर ( देशबन्धु) । भारतीय रेलवे के गति शक्ति विश्वविद्यालय (जीएसवी) वडोदरा और एयरबस ने आज भारतीय विमानन क्षेत्र को महत्वपूर्ण रूप से मजबूत करने के लिए सहयोग किया । रेमी माइलार्ड (अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, एयरबस भारत और दक्षिण एशिया) और प्रोफेसर मनोज चौधरी (कुलपति, गति शक्ति विश्वविद्यालय) के बीच रेल भवन, नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (समझौता ज्ञापन) पर हस्ताक्षर किए गए । एमओयू पर रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, जो गति शक्ति विश्वविद्यालय के पहले चांसलर भी हैं, की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए । इस अवसर पर रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष और सीईओ सुश्री जया वर्मा सिन्हा और रेलवे बोर्ड के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे ।




एयरबस और टाटा ने हाल ही में वडोदरा (गुजरात) में भारत में ष्ट295 विमान सुविधा के डिजाइन, नवाचार, निर्माण, निर्माण और विकास के लिए साझेदारी की घोषणा की थी। एयरबस वाणिज्यिक विमान का दुनिया का सबसे बड़ा निर्माता और हेलीकॉप्टर, रक्षा और अंतरिक्ष उपकरण का अग्रणी निर्माता है । कंपनी का भारत के साथ सहजीवी विकास का पुराना रिश्ता है । कंपनी भारत को वैश्विक विमानन के एक प्रमुख चालक के साथ-साथ एक अपरिहार्य प्रतिभा और संसाधन केंद्र के रूप में पहचानती है और देश में पूरी तरह से एकीकृत एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए सभी आवश्यक बिल्डिंग ब्लॉक्स को परिपक्व करने के लिए प्रतिबद्ध है । मेक इन इंडिया भारत में एयरबस की व्यावसायिक रणनीति के केंद्र में है और कंपनी अपने वैश्विक उत्पादों में भारत का योगदान लगातार बढ़ा रही है ।इस अवसर पर बोलते हुए, अश्विनी वैष्णव ने कहा, जीएसवी गहन उद्योग-अकादमिक साझेदारी पर ध्यान केंद्रित करेगा । इसके सभी कोर्स इंडस्ट्री के सहयोग से डिजाइन किए जाएंगे। जीएसवी में पढ़ने वाले छात्र उद्योग के लिए तैयार होंगे । परिवहन और लॉजिस्टिक्स क्षेत्रों में रोजगार के लिए उनकी अत्यधिक मांग होगी। एयरबस के साथ आज का समझौता ज्ञापन इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है । कार्यक्रम में बोलते हुए, एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री रेमी माइलार्ड ने कहा, एक कंपनी के रूप में जो भारत में एयरोस्पेस पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, हम मानव पूंजी विकास में निवेश करने की अपनी जिम्मेदारी का एहसास करते हैं ।

# भाजपा दो परिवर्तन यात्राओं से करेगी चुनाव का आगाज

## पहली दंतेवाड़ा व दूसरी जशपुर से शुरू होगी यात्राएं

## प्रदेश अध्यक्ष अरूण साव ने प्रेस वार्ता में जानकारी की साझा



**रायगढ़** 07 सितंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव घोषणा के पहले बीजेपी का एक्शन प्लान तैयार हो गया है। कांग्रेस सरकार के खिलाफ बीजेपी ने 2989 किलोमीटर के परिवर्तन यात्रा का ऐलान कर दिया है!इसकी शुरुआत उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग और दक्षिण छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग से शुरू होगी। इसकी शुरुआत केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष जेपी नड्डा करेंगे और समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिलासपुर में करेंगे। इसके लिए पूरा रोड मैप तैयार कर लिया गया है।

चुनाव जितने भाजपा का बड़ा एक्शन प्लान: दरअसल इसी महीने के 12 और 16 सितम्बर से प्रदेश के दो स्थानों दंतेवाड़ा और जशपुरनगर से परिवर्तन यात्राओं का प्रारंभ किया जा रहा है। 12 सितंबर से दंतेवाड़ा से प्रारंभ होने वाली पहली यात्रा को मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना के साथ केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह हरी झण्डी दिखाएंगे और जशपुरनगर से शुरू होने वाली दूसरी जो कि 16 सितंबर से शुरू होगी। इसमें यात्रा को कोरवा व आदिवासियों की आराध्य देवी खुड़ियारानी की पूजा-अर्चना करके भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा हरी झण्डी दिखाएंगे। यात्रा के समापन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सम्मिलित होंगे। पहली यात्रा का नेतृत्व बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष साव करेंगे और दूसरी यात्रा का नेतृत्व छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल करेंगे। दोनों यात्राएँ 87 विधानसभा क्षेत्रों की 2,989 किमी की यात्रा तय करेंगी।

### 1728 किलोमीटर की यात्रा होगी

बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने बताया कि माँ दंतेश्वरी। माँ बमलेश्वरी व माँ महामाया देवी के आशीर्वाद से यात्रा दंतेवाड़ा से बिलासपुर तक 16 दिन में 1,728 किमी की का सफर तय करेगी और तीन संभागों के 21 जिलों तक पहुँचेगी! यात्रा के दौरान 45 आमसभाएँ! 32 स्वागत सभाएँ और 5 रोड शो होंगे! इस पहली यात्रा के संयोजक विधायक शिवरतन शर्मा व पूर्व मंत्री महेश गागड़ा होंगे। उनके साथ सहयोगी के रूप में निरंजन सिन्हा व सचिन बघेल रहेंगे।

### उत्तर छत्तीसगढ़ में 1261 किलोमीटर की यात्रा होगी

दूसरी यात्रा। जो 16 सिंतबर को जशपुरनगर से प्रारंभ होगी इसके के संयोजक मोतीलाल साहू,सांसद गुहाराम अजगले और प्रदेश प्रवक्ता अनुराग सिंहदेव होंगे। यह दूसरी यात्रा 12 दिन में 2 संभागों के 14 जिलों के 39 विधानसभा क्षेत्र तक पहुँचकर 1,261 किमी का सफर तय करेगी। इस दौरान 39 आमसभाएँ। 53 स्वागत सभाएँ और 2 रोड शो होंगे. दोनों ही यात्राओं का समापन बिलासपुर में होगा। बीजेपी ने जो यात्रा का रोडमैप बनाया है। उसके तहत यात्रा प्रतिदिन औसत 3 विधानसभा के दौरे पर रहेगी। इसमें हर दिन एक बड़ी सभा का आयोजन भी किया जायेगा!यात्रा के दौरान प्रतिदिन 6 स्वागत सभा 3 छोटी सभा का आयोजन किया जाएगा।

# देश विदेश

## तिमोर लेस्ते में भारत का दूतावास खुलेगा

**जकार्ता।** भारत ने प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश तिमोर लेस्ते की राजधानी डिलि में भारतीय दूतावास स्थापित करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 20वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन में यह घोषणा की। विदेश मंत्रालय के अनुसार यह निर्णय आसियान को भारत द्वारा दिए जाने वाले महत्व और तिमोर लेस्ते के साथ उसके प्रगाढ़ होते संबंधों का प्रतिबिंब है। शिखर सम्मेलन में तिमोर लेस्ते के प्रधानमंत्री सेनाना गुज़माओ भी मौजूद थे।

# वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भाषण नहीं देंगे पुतिन : पेसकोव

■ जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे



**मॉस्को,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। भारत की राजधानी नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 सम्मेलन में रूस के व्लादिमीर पुतिन के वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संबोधित किये जाने की कोई योजना नहीं है तथा विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए वहां मौजूद होंगे। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने गुरुवार को यहां संवाददाताओं को यह जानकारी दी। यह पूछे जाने पर कि क्या रूसी राष्ट्रपति जी-20 शिखर सम्मेलन के प्रतिभागियों के लिए एक अलग वीडियो संदेश भेजने की योजना बना रहे हैं, उन्होंने कहा , नहीं, वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये संबोधन की कोई योजना नहीं है। यह सुनियोजित नहीं है। जी-20 में रूस का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री लावरोव करेंगे। इससे पहले श्री पेसकोव ने कहा था कि श्री पुतिन अपने व्यस्त एवं पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के मद्देनजर नौ और 10 सितम्बर को भारत में होने वाले जी20 सम्मेलन शामिल नहीं होंगे और उनका मुख्य फोकस यूक्रेन में एक 'विशेष सैन्य अभियान' पर है। दक्षिण अफ्रीका में हुए जी20 सम्मेलन में भी श्री पुतिन शामिल नहीं हुए थे हालांकि इस मौके पर उन्होंने अपना वर्चुअल संबोधन दिया था।

जी-20

## जी-20 के भारत दौरे को लेकर 'बेहद उत्साहित' हैं बाइडेन



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन जी20 नेताओं की बैठक के लिए भारत आने को लेकर उत्साहित हैं। रणनीतिक संचार के लिए अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने जेक सुलिवन ने बुधवार को यात्रा का पूर्वावलोकन करते हुए संवाददाताओं से कहा, बाइडेन गुरुवार को नई दिल्ली पहुंचेंगे और शुक्रवार शाम को अपने मेजबान प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने व्हाइट हाउस में संवाददाताओं को यह जानकारी दी।

## जी-20 में सकारात्मक भूमिका अदा कर रहा है चीन

**बीजिंग।** जी2 नेताओं का 18वां शिखर सम्मेलन 9 से 1 सितंबर को भारत में आयोजित होगा। हाल ही में जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के चीन और दक्षिण पूर्व एशिया अध्ययन केंद्र के निदेशक बीआर. दीपक ने दिल्ली में सीएमजी के संवाददाता को इंटरव्यू देते हुए कहा कि विश्व में सबसे बड़े विकासशील देश के रूप में चीन लगातार जी2 का एक अहम सदस्य है और महत्वपूर्ण व सकारात्मक भूमिका अदा करता है। चाहे वह वैश्विक विकास और सहयोग को बढ़ावा देना हो, या विश्व शासन को बदलना और जलवायु परिवर्तन का मुकाबला करना हो, चीन का प्रदर्शन उल्लेखनीय है।

## इमरान के वकील ने अटक जेल के बारे में आईएचसी को जानकारी दी

■ अटक जेल की भयावह स्थिति के बारे में शिकायत की

**इस्लामाबाद,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के कानूनी सलाहकार शेर अफजल मारवत ने बुधवार को अटक जेल की भयावह स्थिति के बारे में शिकायत की। इस जेल में पूर्व प्रधानमंत्री को रखा जा रहा है। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी है। श्री मारवत ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) में अडियाला जेल में स्थानांतरण से संबंधित अपने मुवक्किल की याचिका की सुनवाई के दौरान सुविधा की निम्न स्थितियों पर आपत्ति जताते हुए दावा किया कि जहां पीटीआई अध्यक्ष को रखा गया है, वहां कीड़ों का संक्रमण है। जियो न्यूज के अनुसार, उन्होंने यह भी साझा किया कि पूर्व प्रधानमंत्री सो नहीं पा रहे हैं क्योंकि जिस जगह पर इमरान खान को रखा गया है, वहां कोई छत नहीं है। वकील ने यह भी साझा किया कि अटक जेल में बी-श्रेणी की सुविधा का पूरी तरह अभाव है। श्री मारवत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण



इमरान खान को अटक जेल में रखे जाने के अधिकारियों के कथन का खंडन करते हुए कहा कि हर कोई जानता है कि अडियाला अटक जेल से अधिक सुरक्षित है।

उन्होंने अदालत से पूर्व प्रधानमंत्री को रावलपिंडी में स्थानांतरित करने का आग्रह करते हुए कहा, %उनके लिए बी-श्रेणी की सुविधा उपलब्ध कराना और उन्हें अडियाला में स्थानांतरित करना हमारा अधिकार है। पूर्व प्रधानमंत्री को पिछले महीने तोशाखाना मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद पांच साल जेल की सजा सुनाई गई थी। आईएचसी के 02 सितंबर को पीटीआई अध्यक्ष की सजा को निलंबित करने के फैसले के बावजूद, पूर्व प्रधानमंत्री अभी भी सलाखों के पीछे हैं।

## सुडोकू 6310

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | | 1 | | 2 | |
| | 5 | | 3 | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| 5 | | | 2 | 4 | | | | |
| | 7 | | | | | | 8 | |
| | | | | 7 | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | | | | 4 |
| | | 1 | | 8 | 4 | | 3 | |
| | 8 | | 7 | | | | | 6 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6310

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. कूटनीतिज्ञ
४. जंगल की पैदावार
६. घर
७. दौड़ने वाला, धोबी, दूत
८. वेश्या
१०. जोड़ने वाला, संधि, मेल
११. गुत्थी, फंसाव, सोच,चिंता, कठिनाई
१२. लड्डू
१४. घूस, रिश्वत
१५. नुकसान के बदले दी जाने वाली रकम, क्षतिपूर्ति (उर्दू)
१७. दृष्टि, निगाह (उर्दू)
१९. दूर तक फैली हुई ऊंची और चौरस जमीन
२१. कमल
२२. अनुभवी, कुशल, विद्वान
२४. सूर्यपुत्री

**ऊपर से नीचे:-**

१. शासन केंद्र
२. मनुष्य की खोपड़ी
३. ब्रह्मा, पद्मासन
४. जंगलों में रहना
५. बांस की तिलियों और कागल से बना एक खिलौना, जिसे तागे के द्वारा आकाश में उड़ाया जाता है
९. नाटक करने या लिखने वाला
११. कर्ज, ऋण
१२. पहाड़ आदि से गिरने वाली जलधारा, निर्झर
१३. बंधन, कष्ट आदि से छुड़ाना
१४. विलंब न सह सकने वाली इच्छी, प्रिय से मिलने की इच्छा
१५. सहयात्री (उर्दू)
१६. पशु,प्राणी (उर्दू)
१८. असह्य (उर्दू)
१९. पढ़ा हुआ
२०. चलन, तौर, तरीका
२३. निपुण, कुशल

### वर्ग पहेली-6309

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | स्त | २ मि | ला | ३ प | ■ | ४ बे | गु | ५ ना | ह |
| त | ■ | थ्या | ■ | ६ रि | हा | ई | ■ | खु | ■ |
| ७ प्र | स | व | ■ | ण | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| भ | ■ | च | ■ | १० ग | र्ज | न | ■ | ■ | क्त |
| ■ | ११ ज | न | १२ ही | न | ■ | ■ | १३ शै | श | व |
| ■ | ल | ■ | न | ■ | १४ शि | थि | ल | ■ | द्ध |
| १५ स | ज | १६ ग | ता | ■ | क | ■ | १७ जा | १८ त | क |
| रे | ■ | ज | ■ | १९ आ | वा | २० ज | ■ | र्द्ध | ■ |
| २१ अ | वा | रा | ■ | क्षे | ■ | २२ ग | जा | न | २३ न |
| म | ■ | २४ ज | हा | प | ना | ह | ■ | ■ | बी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

### सुडोकू 6310 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 6 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 | 1 | 4 | 8 |
| 3 | 1 | 8 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 8 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 6 | 9 | 5 | 3 | 4 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 7 | 6 | 3 | 9 | 5 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 4 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 1 | 6 |

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 8 सितम्बर , 2023 भाद्र कृष्ण पक्ष 9**

### राशिफल

मेष - आपके विचार स्थिर नहीं होने से आप उलझन में रह सकते हैं। बिजनेस या नौकरी में प्रतियोगिता का माहौल रहेगा। आप सफलतापूर्वक उसमें से बाहर आ सकेंगे। नए काम शुरू करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ - आपका मन उलझन में होने के कारण किसी ठोस निर्णय पर नहीं पहुंच पाएंगे। आप प्राप्त अवसर को खो देंगे। आपकी जिद के कारण किसी के साथ विवाद हो सकता है।

मिथुन - आज आपको लाभ होने की उम्मीद है। दिन आरंभ होते ही आपको स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों और सगे- सम्बंधियों के साथ स्वादिष्ट भोजन कर सकेंगे।

कर्क - आपको शारीरिक और मानसिक भय का अनुभव होगा। मन में उलझन के कारण निर्णय लेना बहुत कठिन हो जाएगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से उदासी बढ़ेगी। माता के स्वास्थ्य के सम्बंध में चिंता हो सकती है।

सिंह - आज आपको विविध लाभ मिल सकते हैं। आपकी दुविधापूर्ण मानसिकता के कारण किसी लाभ से वंचित रह सकते हैं। आपको मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। नौकरी या बिजनेस में पदोन्नति तथा आय में वृद्धि हो सकती है।

कन्या - नए काम का आरंभ करने के लिए अपने जो योजना बनाई है, उस पर अमल करने के लिए यह समय बहुत अनुकूल है। बिजनेस में भी लाभ होने का योग है। नौकरी करने वाले लोगों की पदोन्नति का योग है।

तुला - आज आप प्रवास या किसी देव स्थान पर जा सकते हैं। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, उनके लिए अनुकूल योग बनेंगे। बच्चों की चिंता परेशान करेगी। नौकरी करने वालों को उनके उच्च अधिकारियों का सहयोग नहीं प्राप्त होगा।

वृश्चिक - आपको पेट दर्द, दमा, खांसी जैसी तकलीफें हो सकती हैं, इसलिए स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शरीर और मन अस्वस्थ रहने से बेचैनी रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखना पड़ेगा। कड़े नियम आपको कठिनाई में डाल देंगे। खर्च बढ़ सकता है।

धनु - आज खुशी, आनंद और शांति प्राप्त कर सकेंगे। अच्छे वस्त्र, मित्रों के साथ घूमना- फिरना और स्वादिष्ट भोजन आपके दिन को आनंदमय बनाएंगे। सार्वजनिक जीवन में आप प्रतिष्ठा और सम्मान प्राप्त कर सकेंगे।

मकर - आपकी तंदुरुस्ती आज अच्छी रहेगी। आप मान- सम्मान तथा आनंद प्राप्त कर सकेंगे। पारिवारिक सदस्यों के साथ मौज-मस्ती में समय बिताएंगे। आज व्यापार धंधे में अच्छा लाभ हो सकेगा। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

कुंभ - आपका दिन मिश्र फलदायक साबित होगा। विचारों के उथल-पुथल के कारण कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना अधिक अच्छा है। प्रवास या यात्रा में विघ्न आ सकता है। इच्छित कार्य पूरा न होने पर आप हताशा और बेचैनी अनुभव करेंगे।

मीन - आज आप में ताजगी और स्फूर्ति का आभाव रहेगा। माता की तबीयत खराब हो सकती है। परिजनों के साथ नाराजगी और अन्य कठिनाइयां आपके मन को भयभीत कर देंगी।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1320- गाजी मलिक दिल्ली का सुलतान बना।
1900- टेक्सास के गैलवेस्टोन में चक्रवाती तूफान से छह हजार लोगों की मौत।
1926- महान संगीतकार एवं गायक भूपेन हज़ारिका का जन्म।
1933- हिन्दी फ़िल्मों की मशहूर पार्श्वगायिका आशा भोंसले का जन्म।
1933- गाजी बिन फैसल इराक का राजा बना।
1942- भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने बम्बई (अब मुंबई) सत्र में %भारत छोड़ो प्रस्ताव% पारित किया।
1943- द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान इटली ने मित्र सेना के साथ बिना शर्त युद्धविराम संधि पर हस्ताक्षर किए।
1960- भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के पति फिरोज गांधी का निधन।
1962- चीन ने भारत की पूर्वी सीमा में घुसपैठ की।
1966- लोगों को पढ़ाई के प्रति जागरूक करने के लिए यूनेस्को ने 'साक्षरता दिवस' मनाने की शुरुआत की।
1967- दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के समूह की स्थापना के लिए 1967 में इंडोनेशिया, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर और थाईलैंड की बैठक आयोजित की गई।
1991- मैसेडोनिया गणराज्य को आजादी मिली।
2002- नेपाल में माओवादियों ने 119 पुलिसकर्मियों को मार डाला।
2006- महाराष्ट्र के नासिक जिले में मालेगांव बम धमाके हुये।

## उत्तर कोरिया का दौरा करेगा चीनी प्रतिनिधिमंडल

**प्योंगयांग,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के उप प्रधानमंत्री लियू गुओझोंग के नेतृत्व में एक चीनी प्रतिनिधिमंडल उत्तर कोरिया के स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ समारोह में शामिल होने के लिए यहां का दौरा करेगा।

■ देश की 75वीं वर्षगांठ बना रहा कोरिया

उत्तर कोरिया की सरकारी समाचार एजेंसी केसीएनए ने गुरुवार को यह जानकारी दी । रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति और उत्तर कोरिया सरकार के निमंत्रण पर चीनी प्रतिनिधिमंडल देश का दौरा करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने उप प्रधानमंत्री की यात्रा की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया और डीपीआरके सरकार के निमंत्रण पर, आठ सितंबर से सीपीसी केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और राज्य परिषद के उप प्रधान मंत्री लियू गुओझोंग डीपीआरके में एक पार्टी और सरकारी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। प्योंगयांग नौ सितंबर को देश के स्थापना दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाएगा।

सूडान में वकीलों के समूह ने कहा

## ओमडुरमैन में तोपखाने के हमले में 32 नागरिक मारे गए

**खार्तूम,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। सूडान में आपातकालीन वकीलों के कानूनी समूह ने बुधवार को कहा है कि राजधानी के ओमडुरमन शहर में सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) द्वारा तोपखाने से शुरु की गोलाबारी में 32 नागरिक मारे गए। गैर-सरकारी सिंडिकेट ने बताया कि मंगलवार को ओमडुरमैन के ओमबाडा इलाके में एसएएफ तोपखाने से किये हमलों में बच्चों सहित नागरिक मारे गए हैं। समूह ने एक बयान में कहा कि हमलों में दर्जनों लोग घायल हो गए और कई घर ध्वस्त हो गए। बयान कहा गया है कि नागरिक आबादी वाले क्षेत्रों में भारी और हल्के तोपखाने का उपयोग एक युद्ध अपराध है और यह दोनों संघर्षरत पक्षों द्वारा नागरिकों के जीवन के प्रति उपेक्षा को दर्शाता है। एसएएफ ने



अभी तक घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बुधवार को एसएएफ और अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच मुख्य रूप से पश्चिम ओमडुरमन में ओमबाडा पड़ोस और शहर के दक्षिण-पश्चिम में इंजीनियर्स कोर बेस के आसपास हिंसक झड़पें हुईं।

### सूडान सेना प्रमुख का अर्धसैनिक समूह को भंग करने का आदेश

**खार्तूम।** सूडान के सेना के प्रमुख और सूडान की परिवर्ती संप्रभुता परिषद के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल अब्देल फतह बुरहान ने एक संवैधानिक आदेश जारी कर रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) अर्धसैनिक समूह की स्थापना करने वाले कानून को निप्रभावी कर दिया। अप्रैल में सूडानी सेना और आरएसएफ के बीच संघर्ष की शुरुआत में बुरहान ने अर्धसैनिक समूह को भंग करने का फरमान जारी किया था। सूडानी सेना और आरएसएफ अर्धसैनिक बल के बीच अप्रैल में हिंसक झड़प हुई।

## चीन में भारी बारिश के मद्देनजर येलो अलर्ट जारी

**बीजिंग,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। चीन के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने देश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान व्यक्त करते हुए गुरुवार सुबह येलो अलर्ट जारी किया हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार गुरुवार सुबह आठ बजे से शुक्रवार सुबह आठ बजे तक जियांग्शी, फ़ुज़ियान, गुआंग्डोंग, हुनान, गुआंग्शी, हैनान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में तूफान और भारी बारिश होने के आसार है। केंद्र ने स्थानीय सरकारों को भारी बारिश से प्रभावित सड़क पर उचित यातायात नियंत्रण लागू करने और जलजमाव वाले खंडों पर यातायात का मार्गदर्शन करने के लिए भारी बारिश और यातायात प्रबंधन अधिकारियों को तैयार करने की सलाह दी है। मौसम के मद्देनज़र जोखिम वाले अंदर और बाहरी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति को



बंद करने और खतरनाक क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने का सुझाव दिया गया है। केंद्र के अनुसार, शहरों, खेत और मछली तालाबों की जल निकासी व्यवस्था की जांच करने और जल निकासी उपाय करना भी जरूरी है।

## मेक्सिको में अब गर्भपात अपराध नहीं

**मेक्सिको सिटी,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने मौजूदा प्रतिबंध को असंवैधानिक बताते हुए संघीय स्तर पर गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर करने का फैसला सुनाया है। मेक्सिको के सुप्रीम कोर्ट ने सोशल प्लेटफॉर्म'एक्स' पर एक पोस्ट में बुधवार को कहा, संघीय आपराधिक संहिता में गर्भपात को दंडित करने वाली कानूनी प्रणाली असंवैधानिक है क्योंकि यह महिलाओं के मानवाधिकारों का उल्लंघन करती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 2021 में गर्भपात का अपराधीकरण, जिसने गर्भपात की मांग करने वाली महिलाओं पर तीन साल तक की जेल और जुर्माना लगाया वह असंवैधानिक है। गौरतलब है कि मेक्सिको के 12 राज्यों ने पहले ही गर्भपात को अपराध की श्रेणी से बाहर कर दिया था। सबसे हालिया फैसला 30 अगस्त को अगुआस्कालिएंटेस राज्य में आया था।

## ब्राजील में चक्रवात से मरने वालों की संख्या बढ़कर 39 हुई

ब्रासीलिया। ब्राजील के रियो ग्रांडे डो सुल प्रांत में आए चक्रवात से मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 हो गई है। ब्राजील के समाचार पोर्टल जी1 ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रांत में चक्रवात सोमवार रात को आया। इस दौरान तूफानी हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश हुई। जिससे शहर के कई क्षेत्र बाढ़ की चपेट में आ गए। बाढ़ के कारण लगभग तीन हजार लोगों को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित करना पड़ा। चक्रवात से ब्राजील के 66 शहर और कस्बे प्रभावित हुए हैं।

**मौसम** उच्च तापमान के कारण जंगल की आग जैसी घटनाएं हो रही

## पिछले 123 वर्षों में जुलाई 223 पृथ्वी का सबसे गर्म महीना रहा

**जालंधर,** 7 सितम्बर (एजेंसियां)। जुलाई 223 विश्व स्तर पर सबसे गर्म महीनों में से एक रहा और उच्च तापमान के कारण गर्मी की लहरें, भारी वर्षा, सूखा और जंगल की आग जैसी चरम मौसम की घटनाएं हो रही हैं। ये तापमान उत्तरी अमेरिका, एशिया और यूरोप के बड़े हिस्से में गर्मी की लहरों से जुड़े हैं, जिससे कनाडा और यूनान सहित देशों में जंगल की आग लग गई है, साथ ही सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा है।पृथ्वी अभी-अभी रिकॉर्ड की गई सबसे गर्म जुलाई महीने में रही।

नासा द्वारा जुलाई 2023 को 1880 के बाद से वैश्विक तापमान रिकॉर्ड में सबसे गर्म महीना माना जाता है। जुलाई में औसत वैश्विक सतह का तापमान औसत से 2.02 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.12 डिग्री सेल्सियस) अधिक था, क्योंकि जुलाई मौसमी रूप से वर्ष का सबसे गर्म महीना होता है। प्राचीन तलछटों और बर्फ की चादरों के साथ-साथ अन्य पुराजलवायु रिकॉर्डों में पाए गए पिछले तापमान के सबूतों के आधार पर, संपूर्ण पृथ्वी जुलाई 2023 को रिकॉर्ड रखे जाने के बाद से पृथ्वी पर सबसे गर्म महीना बनाती है। और संभवत: 120 वर्षों में सबसे गर्म महीना जुलाई 2023 पहली बार था जब जुलाई का औसत तापमान दीर्घकालिक औसत

■ सार्वजनिक स्वास्थ्य, पर्यावरण और अर्थव्यवस्था पर बड़ा प्रभाव पड़ा



से 1.8 डिग्री फ़ारेनहाइट (1.0 डिग्री सेल्सियस) अधिक हो गया। जुलाई 2023 का महीना 2021 में जुलाई के रिकॉर्ड की तुलना में 0.36 डिग्री फ़ारेनहाइट (0.20 डिग्री सेल्सियस) अधिक गर्म था। जुलाई 2023 लगातार 47वां जुलाई और 533वां महीना था , जब तापमान 20वीं सदी के औसत से ऊपर रहा। गुरु अर्जन देव इंस्टीट्यूट ऑफ डेवलपमेंट स्टडीज के महानिदेशक डॉ गुरशरण सिंह कैंथ ने बताया कि लीपज़िग विश्वविद्यालय के जलवायु वैज्ञानिक कार्स्टन हॉस्टीन के अनुसार, मई में विकसित अल नीनो भी वैश्विक तापमान बढ़ाता है, और जलवायु परिवर्तन के साथ इस जलवायु पैटर्न के संयोजन से यह संभावना बनती है कि इस वर्ष अधिक महीने रिकॉर्ड स्थापित करेंगे। समग्र रूप से यह वर्ष निश्चित रूप से रिकॉर्ड पर सबसे गर्म वर्ष के रूप में शुमार किया जाएगा। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन के अनुसार, 2016 के बाद जून तक, यह रिकॉर्ड पर तीसरा सबसे गर्म वर्ष था। वैज्ञानिक तौर पर सामान्य नहीं है। चिंताजनक ग्लोबल वार्मिंग मुख्य रूप से मानव-जनित ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से प्रेरित है और औसत तापमान में यह वृद्धि खतरनाक अत्यधिक गर्मी को बढ़ावा दे रही है जिसका लोग यहां घर और दुनिया भर में अनुभव कर रहे हैं।

## दुनिया को जानें

### जापान ने अपने पहले चंद्र मिशन को किया लॉन्च

**टोक्यो,** 7 सितम्बर (एजेंसियां) जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जाक्सा) ने अपना पहला चंद्र मिशन को एच-2ए वाहक रॉकेट 47 से एक्स-रे इमेजिंग तथा स्पेक्ट्रोस्कोपी मिशन नामक उपग्रहों के साथ तनेगाशिमा स्पेस सेंटर से गुरुवार को प्रक्षेपित किया।



जाक्सा ने इससे पहले इस प्रक्षेपण को 26 अगस्त के लिए निर्धारित किया गया था लेकिन खराब मौसम के कारण इसे दो बार स्थगित करना पड़ा था। जापान के लैंडर के तीन-चार महीने में चंद्रमा की कक्षा में पहुंचने और चार-छह महीने में उसकी स्तर पर उतरने की संभावना है। मित्सुबिशी हेवी इंडस्ट्रीज चंद्र मॉड्यूल विकसित करने के लिए जॉक्सा के साथ काम कर रही है ताकि लैंडिंग कराने की योजना सफल रहे। यदि लैंडिंग सफल रही, तो इस अभियान के डेटा का उपयोग चंद्रमा और मंगल मिशन की अमेरिका के आर्टेमिस के लिए तैयारियों में किया जाएगा।

# खेल जगत

## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज नसीम शाह के नाम वनडे में धाकड़ रिकॉर्ड

**लाहौर,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के युवा तेज गेंदबाज नसीम शाह ने बांग्लादेश के खिलाफ सुपर-4 चरण के मैच के दौरान वनडे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में एक शानदार उपलब्धि हासिल की। नसीम शाह, जिन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ दमदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मुकाबले के दौरान नशीम ने अपने 13 वनडे मैचों लगातार विकेट लेने वाले पहले पाकिस्तानी गेंदबाज बन गए, जिसमें बांग्लादेश के खिलाफ उनकी तिकड़ी भी शामिल है। पाकिस्तान के लिए खेलते हुए अपने पहले 13 वनडे मैचों में कुल 32 विकेट लेने वाले गेंदबाज के रूप में नसीम ने और रिकॉर्ड बनाया है। इससे पहेल अब्दुल कादिर ने करियर पहले 13 वनडे मैचों में 27 विकेट लिए थे, जिसे नशीम ने पीछे छोड़ दिया। मैच की शुरुआत में कंधे की चोट की चिंता के बावजूद नसीम ने अद्भुत लचीलापन और दृढ़ संकल्प दिखाया।



# राजस्थान रॉयल्स ने यॉर्कशायर काउंटी क्लब खरीदने के लिए लगाई 259 करोड़ रूपये की बोली : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। आईपीएल 2008 विजेता राजस्थान रॉयल्स की नजर इंग्लैंड में यॉर्कशायर काउंटी क्रिकेट क्लब को खरीदने पर है। फ्रेंचाइजी ने इसके लिए एक बड़ी बोली लगाई। अगर, राजस्थान इस क्लब को खरीदने में सफल रहा तो वह काउंटी क्लब का मालिकाना हक रखने वाली दूसरी विदेशी फ्रेंचाइजी बन जाएगी। डेली मेल की एक रिपोर्ट के अनुसार, आईपीएल फ्रेंचाइजी ने यॉर्कशायर को लगभग 25 मिलियन पाउंड की पेशकश की है। भारतीय मुद्रा में बात करें तो ये राजस्थान रॉयल्स ने 259 करोड़ रूपये की बोली लगाई है।

जो क्लब को प्राप्त अन्य निवेश प्रस्तावों के विपरीत – रॉयल्स को हेडिंग्ले में पूर्ण नियंत्रण देगा, जिससे सदस्यों के क्लब के रूप में इसके 160 साल पूरे हो जाएंगे। वहीं एक रिपोर्ट में पिछले हफ्ते खुलासा हुआ था कि यॉर्कशायर पूर्व चेयरमैन कॉलिन ग्रेव्स के पारिवारिक ट्रस्ट के 15 मिलियन पाउंड का भुगतान करने के लिए पैसे जुटाने के लिए हेडिंग्ले को न्यूकैसल के पूर्व मालिक माइक एशले को बेचने पर विचार कर रहा है।

उन्होंने अन्य आईपीएल फ्रेंचाइजी और सऊदी अरब के राजकुमार बद्र बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद बिन फरहान अल सऊद से लोन लेने पर भी बातचीत की है जबकि उन प्रस्तावों से यह सुनिश्चित होगा कि यॉर्कशायर उनके सदस्यों के हाथों में रहेगा। हालांकि, राजस्थान पूर्ण नियंत्रण की मांग कर रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, ग्रेव्स ऋण को चुकाने के लिए यॉर्कशायर को एक परिवर्तनीय ऋण नोट प्रदान करेंगे। जिसे भविष्य की तारीख में इक्विटी में बदल दिया जाएगा। राजस्थान की इक्विटी हिस्सेदारी का सटीक आकार रूपांतरण के समय बाजार की स्थितियों से निर्धारित होगा, लेकिन समझा जाता है कि वे बहुमत हिस्सेदारी चाहते हैं।



इसमें कहा गया है कि यॉर्कशायर की कार्यकारी टीम इस प्रस्ताव पर विचार कर रही है और इस महीने के अंत में बोर्ड के सामने रखेगी, जो इस प्रस्ताव को स्वीकार करने या नहीं करने पर मतदान करेगा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि राजस्थान की क्लब को चलाने के लिए अपने स्वयं के अधिकारियों को लाने की योजना है, जिसका क्रिकेट निदेशक डेरेन गॉफ और कोच ओटिस गिब्सन पर प्रभाव पड़ेगा।

राजस्थान रॉयल्स की विदेशी टी20 लीगों में भी हिस्सेदारी है – जैसे कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) में बारबाडोस रॉयल्स और दक्षिण अफ्रीका में पार्ल रॉयल्स (एसए20)

- आईपीएल फ्रेंचाइजी ने यॉर्कशायर को लगभग 25 मिलियन पाउंड की पेशकश की है
- राजस्थान की क्लब को चलाने के लिए अपने स्वयं के अधिकारियों को लाने की योजना है

और माना जाता है कि वह कुछ समय के लिए इंग्लैंड में हंड्रेड में निवेश की संभावना तलाश रही है। इनका मुख्य स्वामित्व लंदन स्थित व्यवसायी मनोज बडाले के पास उनकी कंपनी इमर्जिंग मीडिया के माध्यम से है, जबकि रेडबर्ड कैपिटल और लाचलान मर्डोक भी फ्रैंचाइज़ी में निवेशक हैं।

राजस्थान की पेशकश सामयिक है क्योंकि ईसीबी ने विदेशी निवेश को आकर्षित करने की अपनी इच्छा को कोई रहस्य नहीं बनाया है, खासकर आठ सौ फ्रेंचाइजी के लिए, जो शासी निकाय के स्वामित्व और वित्त पोषित हैं। रिपोर्ट में आखिरी में कहा गया है, ईसीबी ने यह भी संकेत दिया है कि वे संचालन लागत को कम करने के लिए हंड्रेड फ्रेंचाइजी का नियंत्रण अपने घटक काउंटियों को सौंपने के इच्छुक होंगे, जो राजस्थान के लिए आकर्षक होगा। यॉर्कशायर पर कब्ज़ा करने से उन्हें एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय स्थल पर नियंत्रण मिल जाएगा और हंड्रेड के स्वामित्व में कटौती का मार्ग मिल जाएगा।

# एशियाड में उतरने को लेकर बेहद खुश हैं हॉकी खिलाड़ी दीपिका

**बेंगलुरु,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। एशियाड खेलों के लिए चुने जाने पर हॉकी खिलाड़ी दीपिका बेहद उत्साहित हैं। हरियाणा के हिसार की रहने वाली दीपिका ने 2012 में अपने भाई के साथ कुश्ती अभ्यास के लिए हॉकी स्टिक उठाई थी। वर्षों की कड़ी मेहनत के बाद उन्होंने भारतीय महिला हॉकी के लिए जगह बनाई। वह हांग्जो में 19वें एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेगी। 19 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शुरुआती हॉकी दिनों के बारे में कहा, मेरा परिवार हमेशा मेरे हॉकी करियर का समर्थन करता रहा है। हालांकि जब मैंने पहली बार खेलना शुरू किया था तो मेरे बारे में बहुत कुछ कहा गया था, लेकिन मेरे पिता ने कभी इसे मेरे कानों तक नहीं पहुंचने दिया। उन्होंने आगे कहा, 2017 में मेरी पहली सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के बाद उन्होंने मुझे और भी अधिक प्रेरित करना शुरू कर दिया, मुझ पर उनका विश्वास दिखाई दे रहा था। जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के साथ फॉरवर्ड के रूप में दीपिका की प्रारंभिक उपस्थिति मार्च 2018 में यूथ ओलंपिक क्वालीफायर में थी। तब से उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के पोचेफस्ट्रूम में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2021 में भाग लिया, जहां उनकी टीम चौथे स्थान पर रही। जहां महिला जूनियर एशिया कप टीम के रूप में भारत ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने कहा, हर कोई एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहा था, मैंने कभी भी टीम में जगह बनाने की उम्मीद नहीं की थी, और जब मुझे पता चला तो मैं बहुत खुश थी। मैं पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट में जा रही हूं और मैं पहले थोड़ी घबराई हुई हूं। उन्होंने कहा कि एशियाई खेलों की टीम में नामित होने पर वरिष्ठ खिलाड़ियों और मुख्य कोच जेनेक शोपमैन ने मेरा हौसला बनाए रखा।

जब से मेरे पिता को इसके बारे में पता चला तो उनकी कई रातों की नींद हराम हो गई है, मुझे लगता है उन्हें विश्वास नहीं हो रहा था कि यह वास्तव में हो रहा है। आगे कहा, मैंने सोचा नहीं था कि मुझे चुना जाएगा, लेकिन मैं जो कुछ भी हासिल कर रही हूं, उस पर उन्हें बेहद गर्व है। वह पेनल्टी कॉर्नर के लिए मुख्य कोच जेनेक के पास उपलब्ध तीन ड्रैग फ्लिकर में से एक है। दीपिका ने महिला जूनियर एशिया कप में छह मैचों में सात गोल किए, जिनमें से चार पेनल्टी कॉर्नर से आए।



जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें पेनल्टी कॉर्नर लेते समय दबाव महसूस होता है, तो उन्होंने कहा, फ्लिकिंग से गोल करने का दबाव मुझे महसूस नहीं होता है, सभी खिलाड़ी मुझे अपने कौशल पर ध्यान केंद्रित करने देते हैं और जितना हो सके गोल पर शॉट लगाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ दिनों से कैंप में रूपिंदर पाल सिंह के साथ ड्रैग फ्लिकिंग पर काम कर रहे हैं। वह हमें पहले दौड़ने वाले को हराने पर काम करवा रहे है, हमें दिखा रहे है कि गेंद को कहां रोका जा सकता है, और अगर गेंद किनारों पर रुकी है तो उसे कैसे छोड़ा जाए। यह सारी मदद निस्संदेह हांग्जो में 19वें एशियाई खेलों के दौरान मैच स्थितियों में मेरी मदद करेगी।

भारतीय महिला हॉकी टीम को 19वें एशियाई खेल हांगझू 2022 के लिए पूल ए में रखा गया है और ग्रुप चरण में उसका सामना कोरिया, मलेशिया, हांगकांग चीन और सिंगापुर से होगा।

# मेसी फिट और विश्व कप क्वालीफायर के लिए तैयार हैं : स्कालोनी

**ब्यूनस आयर्स,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के मैनेजर लियोनेल स्कालोनी ने कहा है कि लियोनेल मेसी दक्षिण अमेरिका के 2026 फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के शुरुआती दो राउंड में जितना संभव हो सके, खेलेंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, 36 वर्षीय खिलाड़ी के पास नए क्लब इंटर मियामी के लिए मैचों का भारी कार्यक्रम है, लेकिन गुरुवार को ब्यूनस आयर्स में इक्वाडोर के खिलाफ एल्बीसेलेस्टे के लिए शुरुआत करने की उम्मीद है। स्कोलोनी ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने कल उनसे कुछ देर बात की और उन्होंने खुद को उपलब्ध बताया। सैद्धांतिक रूप से, वह जितना संभव हो उतना खेलेगा। हमारे लिए, केवल यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि वह मैदान पर है। अगर उसे चोट की कोई चिंता नहीं है तो उसे बचाने का कोई कारण नहीं है। जुलाई में मुफ्त ट्रांसफर पर इंटर मियामी में शामिल होने के बाद से, मेसी ने कई मैचों में 11 गोल किए हैं जबकि पांच सहायता प्रदान की हैं। उस समय में, हेरॉन्स अपराजित रहे और उन्होंने पिछले महीने नैशविले पर पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ अपनी पहली ट्रॉफी – लीग्स कप – हासिल की। स्कोलोनी ने कहा, उसे एक ऐसी जगह मिल गई है जहां वे उससे प्यार करते हैं और मैं हमेशा कहता हूं कि जब वह फुटबॉल मैदान पर होता है तो वह खुश होता है। भले ही वह किसी भी देश या शहर में हो, उसे फुटबॉल खेलना और खुश महसूस करना है। अर्जेंटीना अगले मंगलवार को ला पाज़ में क्वालीफायर में बोलीविया से भी भिड़ेगा। पिछले दिसंबर में कतर में फ्रांस पर पेनल्टी शूटआउट जीत के साथ अपनी तीसरी विश्व कप ट्रॉफी हासिल करने के बाद ये मैच एल्बीसेलेस्टे का पहला प्रतिस्पर्धी मुकाबला होगा।

# आठ साल के अंतराल के बाद 2024 आईपीएल में वापसी करना चाहते हैं मिचेल स्टार्क

**सिडनी,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क ने कहा है कि उनकी नजर अगले साल आईपीएल में वापसी करने पर है। उन्होंने इस टूर्नामेंट को जून में वेस्टइंडीज और यूएसए में होने वाले पुरुष टी20 विश्व कप से पहले आदर्श तैयारी बताया।

स्टार्क ने आखिरी बार प्रतियोगिता के 2015 संस्करण में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के लिए आईपीएल में खेला था और चोट के कारण उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए आईपीएल 2018 से बाहर होना पड़ा थ। लेकिन अपने गेंदबाजी कार्यभार और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर ध्यान देने के उद्देश्य के साथ पिछले कुछ वर्षों में वह प्रतियोगिता से बाहर हो गए। देखो, आठ साल हो गए हैं। मैं निश्चित रूप से (अगले) वर्ष में वापस जा रहा हूं। अन्य बातों के अलावा, यह टी20 विश्व कप के लिए एक शानदार तैयारी है। इसलिए यह देखने का एक अच्छा अवसर है कि क्या किसी की आईपीएल में रुचि है, तो टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए आगे बढ़ें।



स्टार्क ने आईपीएल योजना में अपनी वापसी के बारे में विलो टॉक क्रिकेट पॉडकास्ट से कहा, और इस सर्दी की तुलना में अगले साल कुछ हद तक शांत सर्दी है, इसलिए मुझे लगता है कि यह अपना नाम डालने का एक सही मौका है। कुल मिलाकर, स्टार्क ने आईपीएल में आरसीबी के लिए दो सीज़न में 27 मैच खेले। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज को फिलहाल कमर में खिंचाव के कारण टीम से बाहर रखा गया है, जिसके कारण उन्हें दक्षिण अफ्रीका में एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होना पड़ा है। स्टार्क का भारत में ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय श्रृंखला और उसके बाद के विश्व कप के लिए समय पर फिट होना निर्धारित है।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 100 टेस्ट खेलने की इच्छा भी व्यक्त की, स्टार्क के पास वर्तमान में 82 टेस्ट हैं। सिर्फ 100 रन तक ही नहीं, मैं 100 टेस्ट मैचों के लिए चुने जाने के लिए भी अच्छा बनना चाहूंगा। और फिर कुछ ही हफ्तों में सबसे बड़ा विश्व कप है, जो भारत में एक अलग स्तर पर चला जाएगा। और फिर आप एक दिवसीय प्रारूप को देखें, विश्व कप के बीच लगभग चार साल का समय लगता है, तो मैं खुद को उस मिश्रण में कहां देखता हूं लेकिन मुझे पहले इस विश्व कप के अंत तक पहुंचना होगा। लेकिन हम कुछ सुपरस्टार आ रहे हैं। आपके पास झाय रिचर्डसन, सीन एबॉट, स्पेंसर जॉन्सन हैं।

# वर्ल्ड कप से चहल के बाहर होने से हरभजन हैरान

**नई दिल्ली,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने भारत की वनडे विश्व कप टीम में लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की अनुपस्थिति पर हैरानी जताई है। उन्होंने कहा कि चहल ऐसे गेंदबाज हैं जिन्हें हर कोई अपनी टीम में रखना चाहेगा।

हरभजन सिंह ने यजुवेंद्र चहल की तारीफ की है। चहल सफेद गेंद वाले मैचों में भारतीय टीम का मुख्य आधार रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्हें वनडे में ज्यादा मौके नही मिले और उनका प्रदर्शन भी उनके स्तर का नहीं रहा।

साल 2022 के बाद से चहल ने 16 वनडे मैचों में 27.9 की औसत और 5.5 की इकॉनमी रेट से 24 विकेट लिए। लेकिन कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल के अच्छे फॉर्म में होने के कारण, चहल विश्व कप टीम में जगह बनाने से चूक गए।



दूसरी ओर, अर्शदीप ने अब तक केवल तीन वनडे खेले हैं लेकिन अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। दिलचस्प बात यह है कि चहल और अर्शदीप दोनों एशिया कप टीम का हिस्सा नहीं हैं।

हरभजन ने कहा, विश्व कप टीम से दो खिलाड़ी गायब हैं – युजवेंद्र चहल और अर्शदीप सिंह। बाएं हाथ का तेज गेंदबाज बहुत उपयोगी हो सकता था और नई गेंद से स्विंग कर सकता है क्योंकि वह शुरुआती विकेट दे सकता है। आपने देखा है कि शाहीन शाह आफरीदी और मिचेल स्टार्क एक बहुत ही अलग तरह का प्रभाव पैदा कर सकते हैं। जब ऑस्ट्रेलिया ने 2015 में विश्व कप जीता था, तो स्टार्क ने ब्रेंडन मैकुलम को पहले ही आउट करके उन्हें जीत दिलाने में बहुत बड़ा प्रभाव डाला था।

# पूर्व नंबर 1 नाओमी ओसाका पेशेवर टेनिस में वापसी करेंगी

**नई दिल्ली,** 7 सितंबर (एजेंसियां)। दो बार की यूएस ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका ने कहा है कि वह ऑस्ट्रेलिया में अगले सीजन की शुरुआत में पेशेवर टेनिस में वापसी की योजना बना रही हैं। 25 वर्षीय जापानी खिलाड़ी ने सितंबर 2022 में टोरे पैन पैसिफिक ओपन के बाद से नहीं खेला है। वह जनवरी में खेल से दूर हो गईं और जुलाई में अपनी बेटी शाई को जन्म दिया। पूर्व नंबर 1, जो तैराकी के दिग्गज माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर यूएस ओपन के फोरम में भाग लेने के लिए यूएसटीए बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर में थी, उसे 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपनी वापसी की उम्मीद है और वह और अधिक डब्ल्यूटीए खेलने की योजना बना रही है। जैसे-जैसे वह खेल में वापसी करेंगी, दौरे का कार्यक्रम तय किया जाएगा। ओसाका ने ईएसपीएन के साथ एक साक्षात्कार में कहा, यह निश्चित रूप से मेरे खेलने से कहीं अधिक टूर्नामेंट हैं। तो मुझे लगता है कि कुछ लोग इससे खुश होंगे।



मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि मुझे एहसास हुआ कि मुझे नहीं पता कि साल की शुरुआत मेरे लिए कैसी रहने वाली है। मैं खेल के स्तर को नहीं जानती और मुझे लगता है कि मुझे इसमें सहजता बरतनी होगी। तो कम से कम , मैं साल के बहुत अच्छे अंत के लिए खुद को तैयार कर सकूंगी। फोरम के बाद, ओसाका डेनियल मेदवेदेव और आंद्रेई रुब्लेव के बीच पुरुषों के क्वार्टर फाइनल को देखने के लिए आर्थर ऐश स्टेडियम की ओर बढ़ीं। चार बार की प्रमुख चैंपियन ने स्वीकार किया कि वह प्रतिस्पर्धा में वापस आने के लिए पूरी कोशिश कर रही है। यह अच्छा होगा अगर (मेरी बेटी) मुझ पर गर्व करे। मैं यह भी चाहती हूं कि वह इतनी बड़ी हो जाए कि मुझे कोर्ट पर खेलते हुए देख सके और सोचे, वाह, यह मेरी माँ है।

# हमारे पास ऐसे बल्लेबाज हैं जो पाकिस्तान के गेंदबाजी आक्रमण को संभालने में सक्षम हैं : रॉबिन उथप्पा

